वर्ष 72 अंक 310 पृष्ठ 12
रीवा, गुरुवार 07 अगस्त, 2025
श्रावण शुक्ल पक्ष 13, विक्रम संवत् 2082
नगर मूल्य 5 रुपए

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

संघर्ष ही जीवन का सार है, इसके बिना कोई सफलता नहीं मिलती...




### केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड ने सुप्रीम कोर्ट को सौंपी 80 पेजों की रिपोर्ट, पांच दिन बाद फिर होगी सुनवाई

# आदमपुर खंती से सात गांव का पानी प्रदूषित लगातार लग रही आग से हवा भी जहरीली

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** आदमपुर कचरा खंती से आसपास के सभी 7 गांव का भूजल प्रदूषित हो गया है। वहीं बार-बार लगने वाली आग के चलते हवा भी जहरीली हो गई है। इससे लोगों का जीवन नारकीय हो गया है। कचरे का वैज्ञानिक ढंग से निष्तारण न होने से इससे निकलने वाला लिचेट सीधा भूजल को प्रदूषित कर रहा है। इसके चलते बोरवेल, हैंडपंप व कुंओं से लाल पीला तेलीय पानी निकलता है और इससे कचरे की बदबू आती है। बता दें कि केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) द्वारा इस पूरे मामले पर सुप्रीम कोर्ट को सौंपी गई एक रिपोर्ट में बताया गया है कि आदमपुर व आसपास के अन्य ग्रामों के भूजल में आयरन की मात्रा 100 गुना अधिक पाई गई है। इस पानी में अन्य हेवी मेटल्स भी पाए गए हैं। इन ग्रामों में पड़रिया, बिलखिरिया, शांति नगर, समरधा, अर्जुन नगर, हरिपुरा व छावनी शामिल हैं। इन्हीं ग्रामों से सब्जियां और दूध भोपाल पहुंचता है, जिससे लोग भी प्रभावित हो सकते हैं। बता दें कि भोपाल के वरिष्ठ पर्यावरणविद् और वैज्ञानिक डॉ. सुभाष सी पांडेय ने आदमपुर छावनी में आग की घटनाओं को लेकर मार्च 2023 को एनजीटी में प्रकरण दायर किया था। बेंच ने सुनवाई करते हुए नगर निगम पर 1 करोड़ 80 लाख का जुर्माना किया था। एनजीटी के आदेश के खिलाफ नगर निगम ने सुप्रीम कोर्ट का रुख किया था। जिस पर अभी भी सुनवाई चल रही है। नगर निगम द्वारा जुर्माने की राशि माफ करने को लेकर दायर किए गए प्रकरण में डॉ. पांडे की ओर से शीर्ष कोर्ट को 22 अप्रैल को खंती में लगी आग का जिक्र करते हुए बताया गया है कि निगम ने जिस जुर्माने को माफ करने के लिए कोर्ट की शरण ली है। लेकिन वह आग तो अब भी खंती में लग रही है, जिसके बाद कोर्ट ने सीपीसीबी को पूरे मामले की जांच कर रिपोर्ट कोर्ट में सौंपने को कहा है। मामले की अगली सुनवाई 16 अगस्त को हो सकती है।


फाइल फोटो

### नगर निगम के पास संसाधन नहीं

रिपोर्ट के मुताबिक नगर निगम को आदमपुर छावनी में कचरा निपटाने के लिए पूरे संसाधन ही मौजूद नहीं हैं। खंती में चार बार भीषण आग लग चुकी है और छोटी आग तो लगती ही रहती है। सीपीसीबी की रिपोर्ट के अनुसार 26 मई को लगी आग नगर निगम द्वारा तय गाइड लाइन का पालन न होने के कारण बढ़ती गई। नियमानुसार रोजाना आने वाले कचरे का पूरी तरह से निपटारा होना चाहिए, लेकिन वर्तमान में यहां 10 से 12 लाख मीट्रिक टन कचरा पड़ा हुआ है। इसमें बनने वाली मीथेन से ही आग लगती है। जबकि कचरे को वैज्ञानिक तरीके से निपटाने के लिए यहां चारकोल प्लांट और बायो सीएनजी का निर्माण किया जाना है, लेकिन इनके प्लांट अवधि में पूरे ही नहीं हो सके हैं।

### कचरे की प्रोसेसिंग के लिए 420 मीट्रिक टन का ही प्लांट

शहर में रोजाना 850 टन कचरा निकलता है, इसमें से 800 टन कचरा आदमपुर छावनी आता है। इसमें से 510 टन कचरा मिक्स होता है। नियमानुसार इसकी प्रोसेसिंग होनी चाहिए, लेकिन निगम के पास केवल 420 टन कचरे की प्रोसेसिंग का ही प्लांट है। कचरे से अधिक का प्रोसेसिंग प्लांट होना चाहिए।

### सुप्रीम कोर्ट ने दिए थे आदेश

डॉ. पांडेय की याचिका पर 15 मई को अर्जेंट सुनवाई करते हुए सुप्रीम कोर्ट ने सीपीसीबी को 6 सप्ताह में रिपोर्ट प्रस्तुत करने के आदेश दिए थे। यही रिपोर्ट अब पेश की गई है, जिस के अनुसार आदमपुर खंती में एक्सपायर दवाएं, मरे जानवर, कलर व पेंट, रासायनिक सहित अन्य जहरीला कचरा पहुंचता है। यह कचरा सड़ता है तो इससे लीचेट निकलता है। यही लीचेट भूजल को प्रदूषित करता है। इस लीचेट को पानी में मिलने से रोकने के लिए वैज्ञानिक उपाय किए जाने थे, लेकिन यह नहीं किए गए जिससे स्थिति खराब हुई।

## टीचर की पिटाई से पांचवीं के छात्र को आए पांच टांके

### स्कूल प्रबंधन ने शिक्षक को निकाला

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** कोलार रोड स्थित एक स्कूल में शिक्षक द्वारा छात्र की बेरहमी से पिटाई का मामला सामने आया है। बच्चे की आंख के ऊपर पांच टांके लगे हैं। उसका अस्पताल में इलाज चल रहा है। हंगामा होने के बाद स्कूल प्रबंधन ने शिक्षक को नौकरी से बाहर कर दिया है। जानकारी के अनुसार कोलार स्थित विंध्याचल एकेडमी में कक्षा पांचवीं के छात्र के साथ स्कूल टीचर ने पिटाई कर दी। इसके बाद अभिभावक ने स्कूल पहुंचकर नाराजगी जताई और टीचर पर कार्रवाई की मांग की। इस दौरान अन्य अभिभावक भी स्कूल पहुंच गए और हंगामा शुरू कर दिया। हंगमा देख स्कूल प्रबंधन पीड़ित छात्र के पिता सतीश मालवीय से बात करने को तैयार हुआ। उन्होंने कहा कि वह छात्र का इलाज कराएंगे। छात्र के पिता सतीश मालवीय ने बताया कि उनका बेटा हर्ष मालवीय पांचवीं का छात्र है। बुधवार सुबह 10 बजे स्कूल से फोन आया कि आपके बेटे को चोट लग गई है। स्कूल आ जाना, जब वह स्कुल पहुंचे तो देखा बेटे की आंख के पास गंभीर चोट लगी थी, खून बह रहा था। स्कूल प्रबंधन ने यह नहीं बताया कि किसने उसके साथ मारपीट की है। अभिभावक ने टीचर पर मारपीट के आरोप लगाए हैं। बच्चे को पांच टांके आए हैं। छात्र टीचर की मार से डरा हुआ है। वह स्कूल जाने को तैयार नहीं है।



## गंदगी में बना रहे थे समोसे रद्द होगा फूड लाइसेंस

**जागरण संवाददाता, भोपाल।** न्यू मार्केट स्थित सुपर टी स्टॉल द्वारा गंदगी के बीच समोसे, कचौड़ी सहित अन्य व्यंजन बनाए जा रहे थे। चाय भी बिना सफाई के बनाई जा रही थी। बुधवार को खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा औचक निरीक्षण किया गया तो गंदगी के बीच खाद्य पदार्थों को पकाने की तैयारी की जा रही थी। इसके बाद विभाग द्वारा दुकान का फूड लाइसेंस निरस्त करने के लिए एडीएम कोर्ट में प्रकरण दर्ज कराया गया है। इसके अलावा अमले द्वारा रक्षाबंधन त्योहार के मद्देनजर मावे व मिठाई में मिलावट के चलते 5 दुकानों से खाद्य पदार्थों के नमूने लिए गए। साथ ही आनंद मावा भंडार, इतवारा स्थित जैन मावा भंडार, नेहरू नगर मधुरम स्वीट्स से मिठाई के नमूने जांच के लिए इकट्ठे किए गए।

## ट्रक की चपेट में आने से वीडियो एडिटर की मौत

**जागरण, भोपाल।** हबीबगंज इलाके में बीती रात सड़क हादसे में जनसंपर्क कार्यालय में कार्यरत वीडियो एडिटर की मौत हो गई। घटना मंगलवार रात करीब 12.30 बजे की है, जब वे ऑफिस से घर लौट रहे थे, तभी गणेश मंदिर के सामने तेज रफ्तार ट्रक ने पीछे से उनकी एक्टिवा को जोरदार टक्कर मार दी। हबीबगंज पुलिस के अनुसार मृतक संजय शर्मा (35) श्रीराम कॉलोनी, मिसरोद में रहते थे। वे जनसंपर्क विभाग में वीडियो एडिटर के पद पर कार्यरत थे।

## एनआरआई कोटे के छात्रों से 4800 यूएस डालर की वसूली को चुनौती

**जागरण, जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने प्रदेश में एनआरआई कोटे से एमबीबीएस करने वालों से प्रोविशनल डिग्री के लिए 48 सौ यूएस डॉलर (करीब 4 लाख 20 हजार रुपए) की वसूली को चुनौती देने वाले मामले को गंभीरता से लिया। जस्टिस अतुल श्रीधरन व जस्टिस अनुराधा शुक्ला की युगलपीठ ने डीएमई, मेडिकल विवि जबलपुर और प्रवेश एवं फीस निर्धारण समिति के सचिव को नोटिस जारी कर जवाब पेश करने के निर्देश दिये हैं। मामला बैतूल निवासी डॉ. सर्वज्ञ चौहान की ओर से दायर किया गया है। इसमें कहा गया कि उन्होंने वर्ष 2024 में एमबीबीएस की परीक्षा दी थी। अब उसे प्रोविशनल डिग्री की जरूरत है। आवेदक की ओर से कहा गया कि एनआरआई कोटे से एमबीबीएस करने वालों को 48 सौ यूएस डॉलर देने को कहा जाता है, जबकि भारतीय छात्रों से केवल 2 00 रुपए लिए जाते हैं, यह भेदभावपूर्ण नियम है। सुनवाई के बाद न्यायालय ने कहा कि फिलहाल याचिकाकर्ता को उक्त फीस जमा कराने पर प्रोविशनल डिग्री दे दी जाए।

## आरजीपीवी में मारपीट करने वाले दो छात्र 6 माह के लिए निष्कासित

### रैगिंग पर सख्ती: पांच छात्रों के अभिभावक से मांगा शपथ पत्र

**एजुकेशन रिपोर्टर, भोपाल।** राजीव गांधी प्रौद्योगिकी विवि में रैगिंग व मारपीट की घटनाएं बढ़ रही हैं। प्रबंधन का हॉस्टल में रहने वाले विद्यार्थियों पर कोई नियंत्रण नहीं है। विद्यार्थी आधी रात को हॉस्टल के बाहर घूम रहे हैं। इससे आरजीपीवी की प्रतिष्ठा दांव पर लगी है। इसलिए अब प्रबंधन ने मारपीट करने वाले विद्यार्थियों के खिलाफ बुधवार को सख्त कार्रवाई की है। पांच विद्यार्थियों के अभिभावकों शपथ पत्र देने को कहा कि वे उनके बच्चे अब मारपीट नहीं करेंगे। इसके बाद ही उनके बच्चों को परीक्षा में शामिल किया जाएगा। वहीं दो विद्यार्थियों को हास्टल से 6 माह के लिए निष्कासित कर दिया है। बता दें कि आरजीपीवी के बीटेक द्वितीय वर्ष में प्रवेशरत विद्यार्थी आदर्श पांडेय ने यूजीसी की एंटी रैगिंग हेल्पलाइन में शिकायत दर्ज कराई थी। इसमें बताया कि आरजीपीवी में स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स के पास पुलिया के सामने दो अगस्त की रात दस बजे मारपीट की गई थी। मंगलवार और बुधवार को दोनों पक्षों के बयान दर्ज कर एंटी रैगिंग समिति ने अपना फैसला सुनाते हुए आदेश जारी कर दिए हैं। इसके तहत दोषी विद्यार्थियों को हॉस्टल से प्रभाव से निष्कासित किया गया है। इसमें बीटेक द्वितीय वर्ष का आदर्श पाण्डेय, प्रवीण कुमार सिंह, राजीव पाण्डेय, बीआर्क से अंतिम वर्ष के आर्यन चौरसिया, देव शर्मा और प्रद्युम्न सोनी शामिल हैं। उक्त सभी विद्यार्थियों के विभागाध्यक्षों को निर्देशित किया गया है कि वे दोषी विद्यार्थियों के खिलाफ चेतावनी पत्र जारी करें। यहां तक उनके अभिभावकों से शपथ पत्र लेंगे, जिसमें यह उल्लेखित किया जाएगा कि उनके बच्चे भविष्य में अनुशासनहीन गतिविधि में सम्मिलित नहीं होंगे। तभी विद्यार्थियों को नवम्बर-दिसम्बर 2025 की परीक्षा में शामिल होने की स्वीकृति दी जाएगी। इधर, एसओए में पंचम वर्ष के प्रवेशरत विद्यार्थी गुरप्रीत सिंह और एसओआईटी, द्वितीय वर्ष में प्रवेशरत विद्यार्थी देव दाहिया को मारपीट की घटना में अहम भूमिका निभाई है। इसके चलते उक्त दोनों विद्यार्थियों का हास्टल में आवंटित किया गया कक्ष निरस्त कर दिया गया है। दोनों को छह माह के लिए संस्थान से निष्काषित किया गया है। यहां तक विद्यार्थी का गुरप्रीत सिंह का परीक्षा के रिजल्ट रोकने तक के आदेश दिए गए हैं।





# तहसीलदार-नायब तहसीलदारों की क्रमिक हड़ताल शुरू, कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन




**जागरण, छतरपुर ।** जिले में तहसीलदार और नायब तहसीलदारों ने अपनी विभिन्न मांगों को लेकर क्रमिक हड़ताल शुरू कर दी है। बुधवार को जिलेभर के राजस्व अधिकारियों ने कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर जमकर नारेबाजी की और मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन कलेक्टर को सौंपा। हड़ताल कर रहे अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि आपदा प्रबंधन से जुड़े कार्यों को छोड़कर अब वे किसी भी प्रकार का राजस्व कार्य नहीं करेंगे। तहसीलदार आलोक जैन ने जानकारी देते हुए बताया कि यह हड़ताल मप्र कनिष्ठ राज्य प्रशासनिक सेवा संघ की छतरपुर इकाई के नेतृत्व में की जा रही है। उन्होंने बताया कि शासन द्वारा न्यायिक और गैर न्यायिक कार्यों को अलग-अलग करने की प्रक्रिया चलाई जा रही है, जिसका विरोध किया जा रहा है। कुछ अधिकारियों को केवल न्यायिक तो कुछ को गैर न्यायिक कार्यों तक सीमित किया जा रहा है, जिससे अधिकारियों में असंतोष व्याप्त है। इस अवसर पर तहसीलदार अभिनव शर्मा, आलोक जैन, आदित्य सोनकिया सहित जिले के अन्य तहसीलदार और नायब तहसीलदार उपस्थित रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि संघ के निर्देशानुसार आगामी दिनों में हड़ताल को जारी रखा जाएगा और नियमित कार्यों से दूरी बनाई जाएगी।

## डीएफओ ने मृतक मिजाजी लाल रैकवार की पत्नी को स्वीकृति की 8 लाख रुपए की सहायता राशि

**छतरपुर ।** वनमंडलाधिकारी सा. वनमण्डल छतरपुर सर्वेश सोनवानी ने नदी किनारे मगरमच्छ द्वारा हमले से एक व्यक्ति की दुःखद मृत्यु होने पर सहायता राशि स्वीकृत की है। 19 जुलाई 2025 को ग्राम भियांताल पोस्ट एवं थाना चन्द्रनगर तहसील राजनगर जिला छतरपुर के निवासी स्व. मिजाजी लाल रैकवार की ग्राम धमना में केन नदी के किनारे मगरमच्छ द्वारा हमला किए जाने से हुई मृत्यु के फलस्वरूप उनकी पत्नि पाना रैकवार को मध्य प्रदेश शासन, वन विभाग के आदेश 10 दिसंबर 2022 के परिपालन में जनहानि के लिए स्वीकृत क्षतिपूर्ति राशि 8 लाख रुपए की राशि का भुगतान 6 अगस्त 2025 को वनमण्डलाधिकारी छतरपुर द्वारा संबंधित के बैंक खाता में किया गया है।

## श्रावण के अंतिम सोमवार पर जटाशंकर धाम में शांति, सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम, यात्रा एवं आयोजन शांतिपूर्ण संपन्न

**बिजावर ।** श्रावण मास के अंतिम सोमवार के अवसर पर धार्मिक स्थल जटाशंकर धाम में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति को देखते हुए छतरपुर पुलिस द्वारा सुरक्षा, शांति एवं यातायात व्यवस्था के व्यापक इंतजाम किए गए थे। जटाशंकर धाम आने-जाने वाले समस्त मार्गों पर पुलिस द्वारा लगातार निगरानी की गई एवं यात्रियों की सुविधा के लिए समुचित दिशा-निर्देश, बेरिकेडिंग एवं ट्रैफिक कंट्रोल की व्यवस्था की गई। महिला पुलिस बल भी तैनात था। संपूर्ण यात्रा एवं धार्मिक आयोजन शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित रूप से संपन्न हुए। क्षेत्र में एसडीओपी बिजावर श्री अजय रिठौरिया द्वारा पुलिस व्यवस्था का निरंतर निरीक्षण एवं भ्रमण किया गया। मंदिर परिसर, पार्किंग स्थल एवं अन्य महत्वपूर्ण स्थानों पर पुलिस बल की तैनाती रही तथा टीम क्षेत्र में सक्रिय रूप से गश्त करती रही।

## अनुसूचित जनजातीय महाविद्यालय छात्रावास के छात्रों ने की मांगों को लेकर धरना प्रर्दशन, सहायक आयुक्त ने किया समस्याओं का निराकरण



**जागरण, डिंडोरी ।** अनुसूचित जनजातीय महाविद्यालीय बालक छात्रावास डिंडोरी के छात्रो के द्वारा अपनी व्यक्तिगत भोजन, छात्रावास अधीक्षक को हटाने एवं अन्य समस्याओं को लेकर चंद्रविजय महाविद्यालय डिंडौरी के मुख्य द्वार पर बैठकर धरना प्रर्दशन कर रहे थे। जिसे कलेक्टर ने गंभीरता से लेते हुए सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग डिंडौरी को छात्रावास में जाकर छात्रों से चर्चा कर उनकी समस्या का शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। जिस पर सहायक आयुक्त श्री राजेन्द्र कुमार जाटव, विकासखंड शिक्षा अधिकारी बी.डी. सोनी, पी.आर.ओ श्री चेतराम अहिरवार, राजेश मरकाम ने छात्रों की समस्यां सुनकर छात्रों को छात्रावास में जाकर छात्रों के बीच बैठकर समस्यां का निराकरण किया और छात्रावास अधीक्षक श्री बलवंत सिंह धुर्वे का स्थानांतरण माध्यमिक शाला नेवसा हो जाना एवं श्री सरवन सिंह धुर्वे माध्यमिक शाला ओरई का स्थानांतरण अनुसूचित जनजाति महाविद्यालय छात्रावास डिंडौरी हो चुका है, जिन्होंने अभी पदभार ग्रहण नहीं किया है।

सहायक आयुक्त ने छात्रों से चर्चा के दौरान उपस्थित अधीक्षक श्री बलवंत सिंह धुर्वे के साथ भंडार कक्ष में रखी खाद्य सामग्री, रखे हुए भोजन का अवलोकन किया और अधीक्षक को कहा कि जब तक नवीन अधीक्षक पदभार ग्रहण नहीं करते है तब तक आप इस छात्रावास का नियमित रूप से समस्त गतिविधियां संचालित रखें। गुणवत्तायुक्त खाद्य सामग्री क्रय कर छात्रों को भोजन उपलब्ध कराया जाए। और अधीक्षक से कहा की आज शाम को सात बजे पुनः निरिक्षण करूंगा। भंडार कक्ष में सब्जी, खाद्य सामग्री उपलब्ध होनी चाहिए, यदि आपके द्वारा बच्चों के प्रति लापरवाही की जाये तो आपके विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाऐगी। अंत में सहायक आयुक्त ने समस्त छात्रों को संबोधित करते हुए कहा की आगामी समय में आपको किसी प्रकार की परेशानी होती है तो आप कार्यालय में आकर या दूरभाष के माध्यम से मुझसे संपर्क कर सकते है।

# एसडीओपी ने पुलिस बल और धाम समिति के साथ किया होटल, होमस्टे का निरीक्षण



**जागरण, छतरपुर ।** सिद्ध तीर्थ बागेश्वर धाम में आने वाले लोगों को कोई परेशानी न हो और आसामाजिक तत्व यहां रहकर कोई गतिविधि न करें इसके लिए प्रशासन अब शख्त हो गया है। बीती शाम बागेश्वर धाम समिति और बमीठा पुलिस के साथ खजुराहो एसडीओपी ने धाम स्थित होटल, होमस्टे एवं ढावों का निरीक्षण किया। सभी संचालकों को नोटिस देकर निर्देशित कि वह कर्मचारी की नियुक्ति के संबंध में जानकारी दें तथा हर रोज रुकने वालों के संबंध में चौकी में जानकारी दें।

जानकारी के मुताबिक बीती शाम खजुराहो एसडीओपी मनमोहन सिंह बघेल ने बमीठा थाना प्रभारी एवं पुलिस बल सहित बागेश्वर धाम जन सेवा समिति के सदस्यों के साथ धाम में स्थित होटल, ढावों एवं होमस्टे का निरीक्षण किया। श्री बघेल ने होटल के रूम रजिस्टर से यात्रियों की आईडी का मिलान एवं आवक जावक रजिस्टर तथा कमरों में ठहरे यात्रियों के संबंध में सत्यापन किया। ज्यादातर होटल में कार्यरत कर्मचारियों का सत्यापन न मिलने पर एसडीओपी ने मैनेजर को नोटिस देते हुए सभी कर्मचारियों का थाने में सत्यापन कराने के निर्देश दिए। एसडीओपी ने यह भी निर्देश दिए कि उनके यहां रुकने वाले लोगों की हर रोज जानकारी बागेश्वर धाम चौकी में जमा कराएं। ठहरने वाले यात्री की संपूर्ण जानकारी रजिस्टर में दर्ज होनी चाहिए। सीसीटीवी कैमरा को चालू रखना, रात में विद्युत की समुचित व्यवस्था करने तथा उच्च गुणवत्ता वाले सीसीटीवी कैमरे लगाते हुए डाटा बैकअप के लिए अधिक क्षमता वाली हार्ड डिस्क स्थापित करने पर बल दिया। इसके पीछे यह वजह है कि दो से तीन महीने का डाटा संग्रहित हो सके। निरीक्षण के दौरान एसडीओपी के अलावा और बमीठा थाना प्रभारी आशुतोष श्रोत्रिय, धाम समिति के नीशु नायक, बागेश्वर धाम चौकी प्रभारी उपनिरीक्षक सिद्धार्थ शर्मा उपस्थित रहे।

# एक पेड़ माँ के नाम जरूर लगाएं और देखरेख करें : कलेक्टर

## कलेक्टर-एसपी ने पत्रकारों के साथ नगर वन में किया पौधरोपण



**जागरण, छतरपुर ।** पर्यावरण संरक्षण एवं शुद्ध प्राण वायु के प्रदेश में चलाए जा रहे एक पेड़ माँ के नाम अभियान का छतरपुर जिले में भी क्रियान्वयन किया जा रहा है। कलेक्टर पार्थ जैसवाल एवं एसपी अगम जैन ने जिले के पत्रकार बंधुओं के साथ बुधवार को नौगांव रोड डिजिटल कॉलेज के पास नगर वन में पौधरोपण किया। इस दौरान नगरपालिका अध्यक्ष ज्योति चौरसिया ने भी सभी के साथ पौधरोपण किया। पौधरोपण कार्यक्रम नगरपालिका एवं जनसंपर्क विभाग द्वारा संयुक्त रूप से आयोजित किया गया था। पौधरोपण में एसडीएम लवकुशनगर एवं प्र. पीआरओ राकेश शुक्ला, सीएमओ माधुरी शर्मा सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं मीडिया प्रतिनिधि, नगरपालिका के अधिकारी कर्मचारी व गणमान्य नागरिकों ने भी सहभागिता की। नगर वन में 11 हजार पौधों को रोपने का लक्ष्य रखा गया। पौधरोपण के दौरान आम, नींबू, अमरूद, जामुन, कटहल इत्यादि फलदार पौधों को रोपा गया। कलेक्टर श्री जैसवाल ने जिलेवासियों से एक पेड़ अपनी माँ के नाम अभियान से जुड़कर पौधा लगाने एवं उनकी नियमित देखरेख करने की अपील की है।

## कलेक्टर ने आकांक्षा हाट पहुंचकर महिलाओं द्वारा बनाए गए उत्पादों की सराहना की

**छतरपुर ।** छतरपुर जिला आकांक्षी जिलों में से एक है। मंगलवार को जिला पंचायत के सामने मेला ग्राउंड में नीति आयोग अंतर्गत लगाए गए आकांक्षा हाट में देशी उत्पाद एवं खाद्य सामग्री और हस्तकला का हुनर देखने को मिल रहा है। यहां स्व सहायता समूह की महिलाओं ने अपने हाथों से बनाए हुए उत्पादों और सामग्री को स्टाल पर विक्रय हेतु सजाया है। महिलाओं के द्वारा आत्मनिर्भर की दिशा में किए जा रहे कार्यों का प्रोत्साहन बढ़ाने कलेक्टर पार्थ जैसवाल ने जिला पंचायत के सामने लगाए गए आकांक्षा हाट का भ्रमण किया। साथ ही लगाए गए स्टॉल पर महिलाओं द्वारा सजावटी सामग्री, देशी उत्पाद, व्यंजन, कपड़े, खिलौने आदि के बारे में जानकारी ली। इस दौरान उन्होंने महिलाओं के कार्य की जमकर सराहना की। उन्होंने कहा स्व सहायता समूह के उत्पादों को प्रमोट करने के लिए मार्केटिंग पर ध्यान दिया जाएगा। कलेक्टर ने जिलेवासियों से हाट में आने की अपील करते हुए कहा कि स्थानीय उत्पादों को बढ़ावा देने खरीददारी जरूर करें। इससे समूह की महिलाओं का प्रोत्साहन बढ़ेगा। हाट में आयोजित कार्यक्रम के दौरान डीपीएम एनआरएलएम श्याम गौतम, फिल्म कलाकार प्रांजल पटेरिया सहित अन्य अधिकारी एवं गणमान्य नागरिक स्कूली बच्चे उपस्थित रहे। अतिथियों द्वारा मंच से टेराकोटा पर केंद्रीय बुकलेट माटी से का विमोचन किया। जिसमें हाथों से बनाई जाने वाली टेराकोटा से निर्मित सामग्रियों की जानकारी है। वोकल फॉर लोकल की संकल्पना अनुसार स्थानीय उत्पादों को बाजार से जोड़ने एवं उन्हें प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से आकांक्षा हाट का आयोजन किया जा रहा है। हाट का आयोजन 08 अगस्त 2025 तक किया जाएगा। हाट में आजीविका मिशन की महिला स्व सहायता समूहों, किसान संगठनों एवं उत्पादक समूहों के देशी उत्पाद विक्रय हेतु उपलब्ध है। खान पान, देशी उत्पाद, खादी के कपड़े आदि भी रहे आकर्षण : आकांक्षी जिला अंतर्गत स्थानीय उत्पादों और महिला स्व-सहायता समूहों के उत्पादों को बाजार व्यवस्था से जोड़ने एवं जन समुदाय को शुद्ध देशी खाद्य उत्पाद जैसे हल्दी, धनिया, मिर्च पाउडर, खाद्य तेल, अचार, बड़ी, पापड़, दालें, दलिया, आंवला उत्पाद, बुन्देली व्यंजन, अंकुरित अनाज फ्रूट चाट आदि सहित हस्त शिल्प, मृदा शिल्प, हैण्डलूम, अगरबत्ती, वुडन आर्ट, आर्टीफिशियल ज्वैलरी, टेस्टी नमक, राखी, हरछठ (हरषष्ठी) की सामग्री आदि उपलब्ध कराने हेतु आकांक्षा हाट का आयोजन किया जा रहा है। हाट में टेराकोटा हस्तकला ने जमाई झांकी, मिट्टी से निर्मित खिलौने और सजावटी सामग्री आकर्षण का केंद्र रहीं। वहीं स्वसहायता समूह की महिलाओं के हाथों से बनाए गए देशी व्यंजनों का स्वाद भी चखते बनता है। हाट में आपकी उपस्थिति महिलाओं के उत्पाद व्यवसाय को प्रोत्साहित करेगी।

## करेंट लगने से बेहोशी की हालत में मिली महिला को, डायल-112/100 जवानों ने अस्पताल पहुँचाया

**राजनगर ।** छतरपुर के थाना राजनगर क्षेत्र में डहरा रानीपुर गाँव में बिजली के तार से करेंट लगने से एक महिला घायल हो गयी है, पुलिस सहायता की आवश्यकता है।

**सूचना राज्य स्तरीय पुलिस कंट्रोल रूम :** डायल-112/100 भोपाल में दिनाँक 04-08-2025 को शाम 06:30 बजे प्राप्त हुई। सूचना प्राप्ति पर तत्काल राजनगर थाना क्षेत्र में तैनात डायल-112/100 वाहन को मदद के लिए रवाना किया गया। डायल-112/100 स्टाफ आरक्षक अंकित द्विवेदी एवं पायलेट महेंद्र कुमार सोनी ने मौके पर पहुँचकर बताया कि बिजली के तार से करेंट लगने से एक महिला बेहोशी की हालत में है।डायल-112/100 जवानों ने पीड़ित महिला को परिजन के साथ एफ़ आर व्ही वाहन से ले जाकर राजनगर अस्पताल में भर्ती कराया, जहाँ पीड़ित महिला सावित्री पटेल का उपचार किया जा रहा है।

# गोंड़ी चित्रों से सजेगी भाई की कलाई




**जागरण, मंडला ।** मंडला जिले के नैनपुर विकासखंड की तिलई और कामता ग्राम पंचायतों के स्वयं सहायता समूह की आदिवासी महिलाओं ने मिलकर गोंड़ी रक्षा सूत्र नाम से एक अनूठी पहल की। यह सिर्फ एक उत्पाद नहीं बल्कि उनकी मेहनत, सांस्कृतिक विरासत और आत्मनिर्भरता का प्रतीक है। इस पहल के तहत महिलाओं ने गोंड़ीकला से सजे खूबसूरत राखी गिफ्ट हैम्पर तैयार किए हैं। इन हैम्पर्स हाथों से बनी गोंड़ी चित्रकारी वाली राखियाँ और रुमाल शामिल हैं। ये राखियाँ सिर्फ धागों का समूह नहीं, बल्कि भाइयों के लिए प्यार और परंपरा का एक अनमोल उपहार हैं। स्वाद और संस्कृति का संगम- महुआ लड्डू इस हैम्पर की सबसे खास बात है इसमें शामिल शुद्ध महुआ लड्डू। ये लड्डू मंडला जिले की महिलाओं की मेहनत और संस्कृति का स्वाद है। पारंपरिक तरीके से महुआ के सूखे फूलों को धोकर, सुखाकर और पीसकर, देशी घी, गुड़ व सूखे मेवों के साथ मिलाकर स्वादिष्ट लड्डू बनाए जाते हैं। ये लड्डू न केवल स्वादिष्ट होते हैं, बल्कि कैल्शियम, आयरन और प्राकृतिक शर्करा से भी युक्त होते हैं। यह पहल इन महिलाओं को आर्थिक रूप से सशक्त बना रही है और साथ ही उनकी पारंपरिक कला को एक नई पहचान दे रही है। 350 रुपये की कीमत वाला यह गिफ्ट हैम्पर न केवल एक खूबसूरत तोहफा है, बल्कि यह ग्रामीण महिलाओं की उद्यमशीलता और सांस्कृतिक संरक्षण का एक बेमिसाल उदाहरण है।

## उप संचालक कृषि ने किया अंजनिया और घुघरी का औचक निरीक्षण



**जागरण, मंडला ।** कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार जिले में पर्याप्त मात्रा में खाद का भंडारण किया जा रहा है जिससे किसानों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा। खाद के भंडारण हेतु जिला प्रशासन कृषि विभाग, मार्कफेड एवं सहकारी समितियां सतत प्रयासरत है। अधिकारियों द्वारा लगातार मार्कफेड गोदामों, सहकारी समितियों एवं निजी दुकानों का निरीक्षण किया जा रहा है। उप संचालक कृषि श्री अश्वनी झारिया ने अंजनिया सोसायटी का निरीक्षण किया गया, जिसमें पाया गया कि अंजनिया सोसायटी में यूरिया खाद उपलब्ध नहीं थी। तात्कालिक व्यवस्था करते हुए संदीप खाद भंडार से पीओएस मशीन अंजनिया सोसायटी में जाकर टेंपरेरी काउंटर बनाया गया, किसानों को यूरिया खाद का वितरण किया गया। इसी कड़ी में उप संचालक कृषि ने घुघरी सोसायटी का औचक निरीक्षण करते हुए निजी एवं सोसायटी को निर्देशित किया कि यूरिया खाद का वितरण पीओएस मशीन के द्वारा ही करें। घुघरी के निजी विक्रेता नंदकिशोर अग्रवाल से 100 बैग यूरिया मोहगांव समिति को प्रदान करने हेतु निर्देशित किया गया है तथा प्रत्येक किसानों को बिल प्रदाय करने के निर्देश दिए। अनुदानित यूरिया 266.50 रूपये से अधिक मूल्य पर विक्रय न किया जाए। वर्तमान परिस्थितियों को देखते हुये 5 बैग प्रति हेक्टेयर किसान को देने हेतु निर्देशित किया गया है।

## घुघरी में आयोजित हुई जल गुणवत्ता परीक्षण कार्यशाला




**जागरण, मंडला ।** कलेक्टर श्री सोमेश मिश्रा के निर्देशानुसार एवं पीएचई के कार्यपालन यंत्री श्री मनोज भास्कर मार्गदर्शन में जनपद पंचायत सभागार घुघरी में जल गुणवत्ता परीक्षण कार्यशाला का आयोजन किया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुश्री भावना भातृवंशी की अध्यक्षता में आयोजित इस वर्कशॉप में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग खंड मंडला द्वारा ब्लॉक घुघरी की 47 ग्राम पंचायतों के सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायकों को पानी गुणवत्ता परीक्षण का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में श्री उमा गणेश लोधी द्वारा फील्ड टेस्ट किट के माध्यम से पानी में उपलब्ध 10 प्रकार के तत्वों फलोराइड, पीएच, आयरन, नाइट्रेट, अमोनिया, क्लोराइड, टर्बिडिटी, अल्कालिनिटी, हार्डनेस एवं क्लोरीन की जांच करना सिखाया गया। साथ समस्त ग्राम पंचायतों के पेयजल स्त्रोतों के पानी की जांच हेतु विभाग द्वारा फील्ड टेस्ट किट, जीवाणु परीक्षण हेतु एच 2 एस वॉयल्स एवं पानी के उपचार हेतु जर्मेक्स वितरण किया गया। प्रशिक्षण में लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग से सहायक यंत्री श्री अभय कुमार जोशी, विकासखंड समन्वयक श्री नीलम पटेल, हैंडपंप टेक्नीशियन श्री अनिल उईके, श्री परमानंद मर्सकोले, श्री चंद्रभान मार्को एवं सभी सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

## खाद्य सुरक्षा प्रशासन की कार्यवाही, डिंडोरी और शाहपुरा में फलों एवं खाद्य प्रतिष्ठानों की जांच

**जागरण, डिंडोरी ।** खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा डिंडोरी एवं शाहपुरा क्षेत्र में संचालित फलों के थोक एवं फुटकर विक्रेताओं के प्रतिष्ठानों पर सघन निरीक्षण एवं जांच की कार्यवाही की गई। यह कार्यवाही वरिष्ठ कार्यालय से प्राप्त निर्देशों के अनुपालन में की गई, जिसमें विशेष रूप से फलों को पकाने में उपयोग किए जाने वाले रिपेनिंग एजेंट्स एवं कैल्शियम कार्बाइड की जांच के निर्देश शामिल है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी श्रीमती प्रभा सिंह तेकाम ने जानकारी दी कि डिंडोरी में संचालित सिंह वाहिनी बनाना रिपेनिंग चैंबर, गुप्ता फ्रूट्स सेंटर, मां नर्मदा फ्रूट्स सेंटर, भोला फ्रूट्स सेंटर, अग्रवाल फ्रूट सेंटर, तथा शाहपुरा स्थित ओम फ्रूट सेंटर और शिवांशु फूड सेंटर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान किसी भी प्रतिष्ठान में प्रतिबंधित कैल्शियम कार्बाइड का उपयोग नहीं पाया गया। सभी प्रतिष्ठानों में फलों को पकाने के लिए एफएसएसएआई द्वारा अनुमोदित एथिलीन गैस और पाउच का ही उपयोग करते पाया गया। श्रीमती तेकाम ने बताया कि भारत सरकार के एफएसएसएआई ने कैल्शियम कार्बाइड जैसे हानिकारक एजेंट के स्थान पर एथिलीन गैस को एक सुरक्षित विकल्प के रूप में मान्यता दी है। कलेक्टर श्रीमती नेहा मारव्या के निर्देशन में, शाहपुरा स्थित काठमांडू मोमोज सेंटर से मोमोज एवं मसालों के नमूने तथा श्री राम भोजनालय से पनीर का नमूना संग्रहित कर जांच हेतु प्रयोगशाला भेजा गया। खाद्य सुरक्षा प्रशासन डिंडोरी द्वारा आम जनता से अपील की गई है कि विशेषकर वर्षा ऋतु में बाहर के भोजन से यथासंभव बचें।

## 21वीं सदी के जीवन कौशल सीखकर आत्मनिर्भर बनेंगे विद्यार्थी: सक्षम जीवन कौशल शिक्षक प्रशिक्षण का सफल आयोजन




**जागरण, डिंडोरी ।** जनजातीय कार्य विभाग डिंडोरी के मार्गदर्शन व निर्देशन में सक्षम कार्यक्रम के अन्तर्गत अमरपुर ब्लॉक में शिक्षकों का दो दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन हुआ। दो दिवसीय प्रशिक्षण आयोजन आज समाप्त हुआ, जिसमें प्रशिक्षण में विकास खंड के माध्यमिक विद्यालय शिक्षक, संदीपनी विद्यालय शिक्षकों ने प्रतिभाग किया। सक्षम जीवन कौशल शिक्षक प्रशिक्षण का निरीक्षण विकासखंड स्रोत समन्वयक अमरपुर श्री सुवेश दुबे, बी.ए.सी श्री देवेन्द्र दीक्षित, संदीपनी विद्यालय प्राचार्य श्री प्रदीप कुमार एवं अन्य बीएसी, सीएसी द्वारा किया गया। श्री सुवेश दुबे ने सक्षम कार्यक्रम के सफल क्रियान्वयन हेतु सभी शिक्षकों को मार्गदर्शन प्रदान किया और बेहतर गुणवत्ता के साथ सक्षम जीवन कौशल सत्र संचालित एवं सत्र की रिपोर्टिंग के साथ-साथ सक्षम कार्यक्रम के सभी बिंदुओं को स्कूल स्तर पर अनिवार्य रूप से सुनिश्चित करने के दिशा निर्देश प्रदान किए।

शिक्षक प्रशिक्षण आयोजन में मास्टर ट्रेनर्स श्री मनीष कुमार बछलहा, श्री राजकुमार दांगी, श्री अमित कुंजाम व सुश्री रोशनी मेहरा ने जीवन कौशल शिक्षा के महत्व और प्रशिक्षण के उद्देश्य पर चर्चा की जिसमें वर्ष 1 और 2 जीवन कौशल मॉड्यूल पर चर्चा की गई, मास्टर ट्रेनर्स द्वारा डेमो सत्र आयोजित कर वास्तविक शिक्षण विधियों का प्रदर्शन किया गया। जेंडर ट्रांसफॉर्मेटिव दृष्टिकोण पर विचार विमर्श किया गया और इसे शिक्षण में एकीकृत करने के तरीकों पर चर्चा की गई। बच्चों की सुरक्षा हेतु बाल संरक्षण नीतियों, शिक्षक की जिम्मेदारियों पर चर्चा, इस अवसर पर ब्लॉक कार्यक्रम प्रबंधक श्री नीरज तिवारी ने सक्षम कार्यक्रम के पूर्व वर्षों की उपलब्धियों और अनुभवों का विश्लेषण भी प्रस्तुत किया। सक्षम कंपोनेंट्स पर चर्चा की गई जिसमें मेरी सीख दीवार, स्टडी कॉर्नर, वॉल पेंटिंग, बीएमसी, चाइल्ड कैबिनेट और एसएमसी की भूमिकाओं और उत्तरदायित्वों पर चर्चा की गई। सेशन रिपोर्टिंग और एलएमएस प्रणाली, मैजिकमित्र चैटबोट पर जानकारी साझा की गई और एमआईएस प्लेटफॉर्म के उपयोग पर विस्तृत मार्गदर्शन प्रदान किया गया। साथ ही चाइल्ड प्रोटेक्शन एंड सेफगार्डिंग पर विशेष चर्चा की गई, जिसमें बच्चों की सुरक्षा, बाल संरक्षण नीतियों और शिक्षक की जिम्मेदारियों पर चर्चा की गई।

उत्तर मध्य रेलवे
ई-निविदा सूचना संख्याः झाँसी-इन्जी0-एन-2025-125 दिनांकः 04.08.2025
ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिगं) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते हैं।
कार्य का नाम : भिंड-उदी मोड़ सेक्शन - सेस बाईडनिंग एंड स्लोप प्रोटेक्शन वर्क।
अनुमानित लागत (रू): ₹ 241163670.00 | अमानत राशि (रू): ₹ 1355800.00
निविदा बन्द होने की तिथि: 03.09.2025 at 15:00 hrs.
स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः 12 माह
● निविदा दिनांक 03.09.2025 को 15.00 बजे तक आन लाईन जमा कर सकेगें।
● पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिये भारतीय रेल के वेबसाईट www.ireps.gov.in पर देखें। 1384/25(A)
North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

उत्तर मध्य रेलवे
ई-निविदा सूचना संख्याः झाँसी-इन्जी0-एन-2025-136 दिनांकः 04.08.2025
ई-निविदा सूचना
भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।
कार्य का नामःझाँसी डिवीज़न : एक्सटेंशन / रेजिंग ऑफ़ प्लेटफार्म नंबर 1/2 एंड 3/4 टू हाई लेवल फॉर रेकोयूपमेंट ऑफ़ शोर्टफॉल इन एमईए एट कोटरा अंडर वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी-ग्वालियर सेक्शन।
अनुमानित लागत : ₹51673842.09 | अमानत राशि : ₹ 408400.00
निविदा बन्द होने की तिथिः 03/09/2025 at 15:00 hrs.
स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः 10 माह
निविदा दिनांक 03.09.2025 को 15.00 बजे तक आन लाईन जमा कर सकेंगे। पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें। 1383/25(DG)
North central railways | @CPRONCR | www.ncr.indianrailways.gov.in

वर्ष 72 ▸ अंक 310 ▸ पृष्ठ 12
रीवा, गुरुवार 07 अगस्त, 2025
श्रावण शुक्ल पक्ष 13, विक्रम संवत् 2082
नगर ▸ मूल्य 5 रुपए

विश्व का सर्वाधिक पढ़ा जाने वाला अखबार

# दैनिक जागरण

www.dainikjagranmpcg.com

"नैतिकता का अर्थ है यह जानना कि आपको क्या करने का अधिकार है और क्या करना सही है।
- पॉटर स्टीवर्ट

# हिमालयी कहर: उत्तराखंड के बाद हिमाचल में तबाही



उत्तरकाशी में आई तबाही के बाद का मंजर। अचानक आई बाढ़ के मलबे में मकान पूरी तरह दब चुके हैं। महज ऊंचे मकानों का ही ऊपरी हिस्सा ही दिख रहा है।

**शिमला, देहरादून, जेएनएन।** हिमालयी राज्यों पर बुधवार को मानसून एक बार फिर कहर बनकर टूटा और भीषण तबाही मचाई है। हिमाचल प्रदेश के किन्नौर और उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले प्राकृतिक आपदा के सबसे बड़े शिकार बने हैं। भारी बारिश, बादल फटने और अचानक आई बाढ़ ने न केवल जनजीवन को अस्त-व्यस्त कर दिया, बल्कि तीर्थयात्रा, आस्था और सुरक्षा तीनों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं।

## किन्नौर में दो श्रद्धालुओं की जान गई, धराली में तीन और सहित पांच की मौत

हिमाचल के किन्नौर जिले में हर साल होने वाली किन्नर कैलाश यात्रा मंगलवार रात से भारी बारिश के कारण संकट में आ गई। यात्रा मार्ग पर अचानक बाढ़ आने से दो श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि कई अन्य फंस गए। दो पुल बह चुके हैं और रास्ते बुरी तरह क्षतिग्रस्त हैं, जिससे यात्रा तत्काल प्रभाव से रोक दी गई है। भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) की टीमों ने तेजी से मोर्चा संभाला और जिपलाइन की मदद से 413 तीर्थयात्रियों को सुरक्षित बाहर निकाला। किन्नौर जैसे दुर्गम इलाके में यह एक साहसिक और जरूरी रेस्क्यू मिशन था। वहीं, चंडीगढ़-मनाली राष्ट्रीय राजमार्ग सहित प्रदेश की 500 से अधिक सड़कें बंद हैं। इससे स्थानीय लोगों और पर्यटकों को काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। शिमला, कुल्लू, मंडी और सोलन में स्कूल-कॉलेज बंद कर दिए गए हैं।

## उत्तराखंड के धराली में तबाही सवालों के घेरे में प्रशासन

इसी बीच, उत्तराखंड के उत्तरकाशी जिले के धराली गांव में आई आपदा ने पूरे प्रदेश को झकझोर दिया है। मंगलवार को आई भयंकर सैलाब में 5 लोगों की मौत हो गई और 100 से अधिक लोग लापता हैं। यह आपदा बादल फटने जैसी लगी, लेकिन मौसम विभाग ने इसे क्लाउडबर्स्ट मानने से इनकार किया है।

# कारोबारियों को छोटे मामलों में अब नहीं जाना पड़ेगा कोर्ट

## विधानसभा के आखिरी दिन 'जन विश्वास' विधेयक पारित

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** सदन में बुधवार को ही जन विश्वास विधेयक 2025 को भी चर्चा के उपरांत पारित कर दिया गया। इससे अब राज्य के लोगों, व्यापारियों और छोटे कारोबारियों को छोटी-मोटी गलतियों पर कोर्ट-कचहरी के चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे। विधेयक के जरिए सरकार ने पुराने 4 कानूनों को पूरी तरह से खत्म कर दिया और 16 कानूनों की 44 धाराओं को अपराध की जगह जुर्माने में बदल दिया है। इससे लोगों को कानूनी झंझटों से काफी राहत मिलेगी।

मध्यप्रदेश सरकार ने आम लोगों, उद्यमियों और छोटे कारोबारियों को अनावश्यक कानूनी उलझनों से राहत देने के उद्देश्य से जन विश्वास (उपबंधों का संशोधन) विधेयक 2025 विधानसभा में प्रस्तुत किया, जिसे सदन में चर्चा के बाद पारित कर दिया गया। इस विधेयक के तहत 4 पुराने और अनुपयोगी कानूनों को समाप्त किया गया है, वहीं 16 कानूनों की 44 धाराओं को अपराध की श्रेणी से बाहर कर ■ शेष पृष्ठ 7 पर

### स्टाम्प ड्यूटी 400 प्रतिशत तक बढ़ाई

मध्यप्रदेश में अब किसी भी तरह का एग्रीमेंट करने के लिए आवेदकों को ज्यादा राशि देनी पड़ेगी। शपथ पत्र बनवाने के लिए 200 रुपए खर्च करने होंगे। नए विधेयक में स्टांप ड्यूटी 100 से 400 प्रतिशत तक बढ़ाई गई है। हालांकि एससी, एसटी और ओबीसी वर्ग को किसी भी शपथ पत्र के लिए शुल्क नहीं देना पड़ेगा। बुधवार को पारित भारतीय स्टाम्प (संशोधन) विधेयक में पारित होने के समय स्टाम्प ड्यूटी बढ़ाने को लेकर कांग्रेस ने बहिर्गमन किया।

**कार्यवाही स्थगित :** मध्यप्रदेश विधानसभा का मानसून सत्र निर्धारित बैठकों से दो दिन पहले ही अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गई। 10 दिवसीय इस सत्र में 8 बैठकें आहुत की गई। 28 जुलाई से शुरु हुए मानसून सत्र को 8 अगस्त तक चलाना था,लेकिन दो दिन पहले ही इसे स्थगित कर दिया गया।

**ये विधेयक भी हुए पारित:** विधानसभा में बुधवार को 8 विधेयकों को चर्चा के उपरांत पारित किया गया। हालांकि इस दौरान विपक्ष ने बहिर्गमन भी किया। पारित होने वाले विधेयकों में मध्यप्रदेश मोटरयान कराधान संशोधन विधेयक, मध्यप्रदेश माध्यमस्थ अधिकरण संशोधन विधेयक2025, विधिक सहायका और विधिक सलाह निरसन विधेयक 2025, मध्यप्रदेश माल और सेवा कर संशोधन विधेयक, रजिस्ट्रीकरण मध्यप्रदेश संशोधन विधेयक 2025 और भारतीय स्टांप मध्यप्रदेश द्वितीय संशोधन विधेयक 2025 शामिल हैं।

## ऑफ बीट

### सिर्फ रुमाल से ही की ९०० लागों की हत्या



*दुनिया में कई प्रसिद्ध सीरियल किलर हुए हैं, जिनको जानकर इंसान की रूह कांप जाती है। जुर्म के इतिहास में ऐसे कई सीरियल किलर्स के नाम दर्ज हैं, जिन्होंने अपनी सिलसिलेवार हत्याओं के कारण लोगों के मन में खौफ पैदा किया है। वर्षों पहले एक ऐसा ही सीरियल किलर भारत में भी था। इसके बारे में कहा जाता है कि उसने हत्याओं का विश्व रिकॉर्ड बनाया था। इस सीरियल किलर का नाम था ठग बेहराम। बेहराम को किंग ऑफ ठग भी कहा जाता है। कहा जाता है कि बेहराम के खौफ से दिल्ली से लेकर ग्वालियर और जबलपुर तक व्यापारियों, पर्यटकों, सैनिकों और तीर्थयात्रियों ने रास्ता चलना ही बंद कर दिया था, क्योंकि उनका पूरा का पूरा काफिला ही रहस्यमय तरीके से रास्ते से गायब हो जाता था। हैरानी की बात तो ये थी कि उनकी लाशें तक पुलिस को नहीं मिलती थीं।*

**अमेरिका का भारत पर 50 फीसदी टैरिफ: ब्रिक्स देशों ने शुरू की नए गठजोड़ की शुरुआत**

# मोदी जाएंगे चीन, ब्राजील बोला-भारत से करेंगे बात

**नई दिल्ली/वॉशिंगटन, जेएनएन।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बुधवार को भारत से आने वाले अधिकांश उत्पादों पर अतिरिक्त 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने का आदेश दिया है। इससे अब कुल टैरिफ 50 प्रतिशत तक पहुंच गया है। ट्रंप ने यह कदम भारत द्वारा रूस से 'लगातार तेल खरीदने' को लेकर उठाया है। यह नया टैरिफ आदेश उस 25 प्रतिशत टैरिफ के ऊपर लगाया गया है, जो 7 अगस्त से लागू होने वाला था।

ट्रंप ने कार्यकारी आदेश पर हस्ताक्षर करते हुए कहा कि भारत की यह नीति अमेरिकी राष्ट्रीय आपातकाल की स्थिति को प्रभावित करती है, जो यूक्रेन युद्ध के संदर्भ में पहले ही घोषित की जा चुकी है। नया टैरिफ आदेश 21 दिनों बाद प्रभाव में आएगा, हालांकि जो माल पहले ही समुद्री मार्ग में है, वह इससे मुक्त रहेगा।

भारत पर इतना बड़ा टैरिफ लगाने से दोनों देशों के बीच व्यापारिक संबंधों पर असर पड़ना तय है। इसके अलावा, यह कदम ब्रिक्स देशों (ब्राजील, रूस, भारत, चीन, दक्षिण अफ्रीका) को और अधिक करीब ला सकता है, जो पहले ही पश्चिमी वर्चस्व के विरुद्ध नई वैश्विक ध्रुवीकरण की ओर बढ़ रहे हैं। चीन, ब्राजील और भारत के बीच हाल ही में बातचीत की पहलें यह संकेत देती हैं कि वैश्विक राजनीति में नई धारा आकार ले रही है। इधर, ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बातचीत के प्रस्ताव को ठुकरा दिया है। ट्रंप ने हाल ही में कहा था कि 'लूला जब चाहें, मुझसे बात कर सकते हैं', लेकिन लूला ने साफ कर दिया कि वे टैरिफ को लेकर ट्रम्प से बात नहीं करना चाहते। इसके बजाय वे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीन के राष्ट्रपति शी ■ शेष पृष्ठ 7 पर



**भारत पर मुनाफा कमाने का आरोप:** ट्रंप ने आरोप लगाया कि भारत, रूस से कच्चा तेल खरीद कर उसे प्रोसेस कर अंतरराष्ट्रीय बाजार में बेचकर मुनाफा कमा रहा है। व्हाइट हाउस ने कहा कि यदि रूस या किसी अन्य देश की स्थिति में बदलाव होता है या भारत कदम उठाता है, तो आदेश को बदला भी जा सकता है।



**भारत का जवाब:** भारत ने अमेरिका और यूरोपीय संघ के रुख को 'अनुचित और भेदभावपूर्ण' बताया है। भारत का कहना है कि यह दोनों खुद रूस के साथ व्यापार कर रहे हैं, लेकिन भारत को टारगेट कर रहे हैं। यह स्पष्ट रूप से 'दोहरा मापदंड' है और भारत राष्ट्रीय हितों के अनुसार सहयोगी चयन करता रहेगा।



**लूला का स्पष्ट बयान:** ब्राजील के राष्ट्रपति लुइज इनासियो लूला दा सिल्वा ने अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बातचीत के प्रस्ताव को ठुकरा दिया है। ट्रंप को सार्वजनिक रूप से दरकिनार करना, और मोदी-शी से संवाद की इच्छा जताना। यह अमेरिका के मुकाबले एक 'ग्लोबल साउथ' गठजोड़ का संकेत है।

### 5 देशों की असहमति

अमेरिका के उच्च टैरिफ के सामने भारत, चीन, ब्राजील, कनाडा और दक्षिण अफ्रीका झुकने को तैयार नहीं हैं। ये महज व्यापारिक असहमति नहीं है, बल्कि वैश्विक शक्ति संतुलन में अमेरिका की स्थिति को चुनौती देने वाला संकेत है।

**भारत:** ट्रम्प के बयान के बावजूद भारत झुकने को तैयार नहीं, और मोदी का चीन दौरा दिखाता है कि भारत संबंध नए सिरे से परिभाषित करने को तैयार है।

**चीन:** ट्रेड व टेक्नोलॉजी युद्ध के बीच ब्रिक्स को मजबूत आर्थिक-सामरिक मंच बना रहा है।

**ब्राजील:** लूला का बयान कि 'मैं ट्रम्प से नहीं, मोदी और शी से बात करूंगा' स्पष्ट करता है कि अमेरिका अब ब्रिक्स के प्राथमिक कूटनीतिक फोकस में नहीं है।

**कनाडा:** अमेरिका का करीबी सहयोगी होने के बावजूद टैरिफ पर अलग रुख लेना ट्रम्प के 'अमेरिका फर्स्ट' रवैये से नाराजगी दर्शाता है।

**दक्षिण अफ्रीका:** पारंपरिक अमेरिकी प्रभाव से बाहर निकलकर रूस-चीन के साथ ऊर्जा और सुरक्षा साझेदारी को बढ़ा रहा है।

### नई जियो-पॉलिटिक्स के तीन संकेत

1. **ब्रिक्स का पुनर्गठन और विस्तार:** ब्रिक्स अब व्यापारिक या कूटनीतिक समूह नहीं, बल्कि अमेरिकी वर्चस्व के वैकल्पिक वैश्विक मंच के रूप में उभर रहा है। 2023 में ईरान, सऊदी अरब, इजिप्ट, यूएई जैसे देशों को आमंत्रित करने के पीछे भी यही रणनीति है।
2. **ट्रेड और फाइनेंस में डॉलर का विकल्प:** ब्रिक्स डिजिटल करेंसी, मल्टी करेंसी ट्रेड, और क्रॉस-बॉर्डर पेमेंट्स सिस्टम पर काम कर रहा है।
3. **मोदी और शी जिनपिंग की बैठक:** लंबे समय बाद मोदी का चीन दौरा, गलवान विवाद के बावजूद, यह दिखाता है कि भारत अपने रणनीतिक विकल्प खुले रख रहा है और अमेरिकी धुरी में पूर्ण रूप से नहीं जा रहा। अगर भारत-चीन तनाव कुछ हद तक कम होता है, तो ब्रिक्स एकजुटता को भारी बल मिलेगा।

### यूरिया संकट: कलेक्ट्रेट पहुंचकर किया हंगामा

**जागरण, हरदा।** हरदा में मंगलवार-बुधवार की दरमियानी रात से लाइन में खड़े किसानों को टोकन मिलने के बाद भी यूरिया नहीं मिला। इससे नाराज किसानों ने बुधवार दोपहर कलेक्ट्रेट पहुंचकर हंगामा कर यूरिया उपलब्ध कराने की मांग की। गोदामों में स्टॉक खत्म होने की जानकारी मिली तो वो कलेक्ट्रेट पहुंच गए। उन्होंने प्रशासन से खाद उपलब्ध कराने की मांग की है। इस दौरान तेज धूप और गर्मी में लाइन में खड़े लछोरा गांव निवासी अर्जुन कीर की तबीयत खराब हो गई। मंगलवार को प्रशासन ने एमपी एग्रो, डीएमओ गोदाम और सोसाइटी के माध्यम से खाद वितरण की जानकारी दी।

# 2 दिन, 5 मौतें: मालूम था भीड़ आएगी, पर सोता रहा प्रशासन

**जागरण, सीहोर।** सीहोर जिले में स्थित कुबेरेश्वरधाम के धार्मिक आयोजन में शामिल होकर धर्म और पुण्य लाभ लेने आए पांच लोगों की मौत दो दिन में हो चुकी है। बुधवार को कुबेरेश्वरधाम में अचानक होटल के पास गिरे व्यक्ति और एक व्यक्ति की तबीयत खराब होने से मौत हो गई। इन दोनों मृतकों में गुजरात के पंचावल निवासी 50 वर्षीय चतुर भाई तथा हरियाणा के रोहतक निवासी 65 वर्षीय ईश्वर सिंह शामिल हैं। वहीं शाम 7 बजे छत्तीसगढ़ के रायपुर निवासी 57 वर्षीय दिलीप पिता सत्तूनंद को मृत अवस्था में जिला अस्पताल लाया गया। इसके अलावा हरियाणा की सुनीता रास्ते में गिर कर घायल हो गईं। मथुरा की पूजा सोनी भीड़ में गिर गई, उसके पैर में गंभीर चोटे आई हैं। नागपुर की मनीषा को गंभीर हाल में जिला अस्पताल लाया गया है। मनीषा कुबेरेश्वरधाम के पास बेहोश होकर गिर गई थीं। शाम को साढ़े 7 बजे एक अन्य महिला को अचेत अवस्था में उपचार के लिए कुबेरेश्वरधाम से जिला अस्पताल लाया गया, जहां उसका उपचार जारी है। मंगलवार को जिन दो महिलाओं की भगदड़ में मौत हो गई थी, उनकी पहचान हो गई है। मृतकों में जसवंति बेन पति चंदु भाई उम्र 56 साल निवासी ओमनगर राजकोट गुजरात और दूसरी मृतक महिला संगीता गुप्ता पति मनोज गुप्ता उम्र 48 साल निवासी उत्तरप्रदेश हैं। मंगलवार को दो मौतों के बाद भी प्रशासन और आयोजन ■ शेष पृष्ठ 7 पर


- अस्पताल से सीएस गायब रहे स्वास्थ्य व्यवस्थाएं बिगड़ी
- श्रद्धालु पैदल जा रहे थे और रास्ते में तैनात नहीं था मेडिकल स्टाफ

# सीधी में दलित युवती से सामूहिक दुष्कर्म

**सीधी, जागरण।** सीधी जिले में शर्मशर करने वाली घटना सामने आई है। एक दलित युवती को जंगल के भीतर चार दरिंदों ने हवस का शिकार बनाया। पीड़िता ने मना किया तो उसके सिर पर वार किया और मोबाइल भी छुड़ा ले गए। घटना चुरहट थाना क्षेत्र के बरिगवां में बुधवार दोपहर की बतायी जा रही है। हालांकि सीधी पुलिस ने चार में से तीन आरोपियों को गिरफ्तार भी कर लिया है। एक आरोपी अभी फरार बताया जा रहा है। गिरफ्तार 2 आरोपी कठौतहा के है जबकि एक आरोपी चूल्ही का है। चौथा फरार आरोपी भी चूल्ही का है। मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता अपने प्रेमी के साथ जंगल की ओर घूमने और फोटो खिंचवाने गई थी। तभी घात लगाए बदमाशों ने प्रेमी पर डंडे से वार कर उसे घायल किया और युवती को जबरन जंगल में ले जाकर बारी-बारी से दुष्कर्म किया।

**चुरहट थाना क्षेत्र का मामला**

( विस्तृत खबर पेज 5 पर )




**अध्ययन** क्यों बढ़ रही हैं भयानक बाढ़ की घटनाएं? आईआईटी की रिपोर्ट में खुलासा

# तेज बारिश और गीली जमीन लाते हैं फ्लैश फ्लड

**नई दिल्ली, जेएनएन।** भारत में अचानक आने वाली बाढ़ यानी फ्लैश फ्लड अब एक अपवाद नहीं, बल्कि सामान्य होती जा रही हैं। उत्तराखंड के उत्तरकाशी जैसे हालिया हादसे इस बात की तस्दीक करते हैं कि फ्लैश फ्लड अब नई जलवायु वास्तविकता बनती जा रही है। इसी पृष्ठभूमि में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (ढ्ढञ्ज) गांधीनगर द्वारा किया गया एक व्यापक अध्ययन सामने आया है, जिसने देशभर में फ्लैश फ्लड के बढ़ते खतरों और उनके पीछे छिपे कारणों को उजागर किया है। यह रिपोर्ट एनपीजे नेचुरल हेजार्ड जर्नल में प्रकाशित हुई है और इसका आधार भारत मौसम विज्ञान विभाग द्वारा 1981 से 2020 तक दर्ज किए गए तापमान और वैश्विक आपदा डेटा का विश्लेषण है।

रिपोर्ट के अनुसार, भारत में लगभग 75 फीसदी फ्लैश फ्लड उन परिस्थितियों में होती हैं जब लगातार बारिश के कारण जमीन पहले से ही गीली होती है। केवल 25त्न घटनाएं अत्यधिक वर्षा के कारण होती हैं। ढ्ढञ्ज के अनुसार, फ्लैश फ्लड एक अत्यधिक स्थानीय और त्वरित घटना है जिसमें बारिश शुरू होने से लेकर जल प्रवाह चरम पर पहुंचने तक का समय आमतौर पर छह घंटे से कम होता है।

रिपोर्ट यह भी बताती है कि भारत में अधिकतर फ्लैश फ्लड्स अत्यधिक वर्षा के 18 घंटे के भीतर होती हैं। लेकिन हर भारी बारिश फ्लैश फ्लड में तब्दील नहीं होती। अक्सर, लगातार हल्की बारिश से जमीन की नमी इतनी बढ़ जाती है कि थोड़ी सी अतिरिक्त बारिश भी बाढ़ का कारण बन जाती है। गौरतलब है कि 5 अगस्त 2025 को उत्तरकाशी के धराली गांव में आई बाढ़ इसी बढ़ते खतरे का उदाहरण है। यह घटना 'बादल फटना' लगती है, लेकिन मौसम विभाग ने इसे क्लाउडबर्स्ट मानने से इनकार किया है।



### अध्ययन के प्रमुख निष्कर्ष

- हिमालयी क्षेत्र में फ्लैश फ्लड की घटनाएं भू-आकृतिक विशेषताओं (जैसे पहाड़ी ढलान, चट्टानों की स्थिति) से प्रभावित होती हैं।
- पश्चिमी तट और मध्य भारत में यह घटनाएं जल प्रवाह की तीव्रता यानी फ्लैशिनेस इंडेक्स से जुड़ी हैं।
- फ्लैश फ्लड्स अब उन क्षेत्रों में भी हो रही हैं जो पहले इस खतरे के दायरे में नहीं माने जाते थे।

### बदलती जलवायु और बढ़ते अनचाहे खतरे

आईआईटी गांधीनगर के शोधकर्ताओं का कहना है कि जलवायु परिवर्तन के कारण वर्षा की प्रकृति और वितरण में बड़ा बदलाव हो रहा है।

- अत्यधिक वर्षा की घटनाएं पहले से अधिक तीव्र हो गई हैं।
- वर्षा का दायरा सिकुड़ गया है, जिससे एक सीमित क्षेत्र में बहुत कम समय में भारी बारिश होती है।
- पहाड़ों पर बर्फ के पिघलने का समय और मात्रा भी बदल रही है, जिससे नदियों और उप-बेसिनों में जल का प्रवाह असामान्य तरीके से बढ़ रहा है।

यह बदलाव ऐसे उप-बेसिनों को भी जोखिम में डाल रहा है, जो पहले फ्लैश फ्लड की दृष्टि से सुरक्षित माने जाते थे। इससे भविष्य में नए हॉटस्पॉट्स के उभरने की आशंका है।

# मारपीट में घायल की मौत के बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने घेरा बरही थाना

## पुलिस पर लगाए मामले में लापरवाही के आरोप

**जागरण, कटनी।** जिले में अपनी पदस्थापना के बाद से पुलिस अधीक्षक अभिनय विश्वकर्मा पुलिस की छवि सुधारने हरसंभव प्रयास कर रहे हैं लेकिन मातहत अमला उनके इन प्रयासों पर पानी फेरने में तुला हुआ है। ताजा मामला बरही थाने का है जहां मारपीट की एक घटना में पुलिस ने पीड़ित की शिकायत को अनसुना कर दिया और बाद में उसकी जबलपुर में इलाज दौरान मौत हो गई। जिसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने शव लेकर थाने का घेराव किया और आरोपियों पर हत्या का मामला दर्ज करने सहित उन पुलिस कर्मियों पर भी कार्रवाई की मांग की जिन्होंने मामले को गंभीरता से नहीं लिया। घटना के संबंध में बरही थाना अंतर्गत ग्राम कुठिया महगवां निवासी 42 वर्षीय उमादत्त उपाध्याय पिता स्वर्गीय सत्यनारायन उपाध्याय का विवाद 14 जुलाई को पड़ोसी काछी परिवार से हुआ था। विवाद बढ़ने पर पड़ोसी राजकुमार पिता संतोष काछी, संतोष पिता रिसई काछी, पुष्पा पति संतोष काछी ने एक राय होकर उमादत्त के साथ बेरहम मारपीट की थी। घटना के बाद उमादत्त शिकायत लेकर बरही थाने पहुंचा जहां उपस्थित पुलिस कर्मियों ने मामला पुलिस अहस्तक्षेप योग्य बताकर उसे एक कागज का टुकड़ा पकड़ा कर चलता कर दिया। उधर मारपीट में घायल उमादत्त का पहले कटनी तथा बाद में जबलपुर में उपचार चल रहा था। लंबे उपचार के बाद गत दिवस उमादत्त की उपचार के दौरान मौत हो गई। पीएम के बाद शव बरही पहुंचा तो ग्रामीण भड़क गए और उमादत्त का शव लेकर सीधे बरही थाने पहुंचे। जहां थाने का घेराव करते हुए न केवल आरोपियों पर हत्या का मामला दर्ज करने की मांग की बल्कि उन लापरवाह पुलिस कर्मियों पर भी कार्रवाई की मांग की।

# खाद की मांग को लेकर किसानों ने दिया धरना

**जागरण ब्यौहारी।** खेती किसानी सीजन में यदि किसान को खाद न मिले तो किसान की परेशानी और भी बढ़ जाती इन्हीं सब परेशानियों को लेकर यूरिया और डीएपी की किल्लत से परेशान होकर मंटोला गोदाम के पास 05/08/25 को यूथ कांग्रेस ने किसानों के साथ मिलकर पवन पटेल के नेतृत्व में धरना दिया धरना खत्म कराने अधिकारियों द्वारा कहा गया कि एक-दो दिन बाद से पर्याप्त यूरिया डीएपी मिलने लगेगी यह आश्वासन देकर धरना समाप्त कराया किसान राकेश पटेल ने कहा कि उनके पास 15 बोरी यूरिया का परमिट है लेकिन देवगांव समिति में अभी तक सिर्फ 40 बोरी यूरिया आई थी जिसको 20 किसानों को दो-दो बोरी करके बांट दिया गया इसी तरह से डीएपी का भी 20 बोरी का परमिट है लेकिन अभी तक एक भी बोरी डीएपी नहीं मिला हमें 18,46 खाद की आवश्यकता है लेकिन नहीं मिल रही है।

## जन्मतिथि सुधार सूचना

मै जय प्रकाश पाण्डेय सेना क्रमांक 14819812A रैंक सिपाही, निवासी ग्राम लोही, पो. भीटा, जिला–रीवा (म.प्र.) 486553 का हूं। शपथ पूर्वक कथन करता हूं कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी माता का जन्मदिनांक 01 जनवरी 1961 अंकित है, जबकि मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड व अन्य दस्तावेजो में मेरी माता का जन्मदिनांक 01 जनवरी 1955 दर्ज है जो सही व सत्य है। अत: मेरे उक्त सर्विस रिकार्ड में मेरी माता का जन्मदिनांक 01 जनवरी 1955 दर्ज किया जाए एवं पढ़ा, लिखा व जाना जाए।

RN- 84210 — जय प्रकाश पाण्डेय

## उत्तर मध्य रेलवे

### निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से **उप मुख्य अभियन्ता (टीएमसी) लाइन झाँसी** निम्नलिखित कार्य के आन लाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित की जाती है।

**ई निविदा सूचना सं.: झाँसी-टीएमसी-09-2025**

**कार्य का नाम:** रिपेयरिंग ऑफ 30 एचपी थ्री फेस 3550 आरपीएम गाइडिंग मोटर्स ऑफ आरजीएम एज पर शिड्यूल ऑफ वर्क।

| | |
|---|---|
| अनुमानित लागतः ₹ 2497803.08 | धरोहर राशिः ₹ 50000.00 |
| निविदा बंद होने की तिथिः 25.08.2025 | कार्य समापन अवधिः 12 माह |

निविदा उनके सामने दर्शायी गई तिथि को 15.00 बजे तक आन लाइन जमा कर सकेंगे। पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल की वेबसाइट www.ireps.gov.in पर देखें। निविदा सूचना का विवरण उपरोक्त कार्यालय के सूचना पटल पर देखा जा सकता है। 1380/25 FA

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

# राजस्व अधिकारियों के विभाजन से नाराज तहसीलदारों ने शुरू की अनिश्चित कालीन हड़ताल

**जागरण, कटनी।** मध्यप्रदेश सरकार द्वारा राजस्व अधिकारियों को न्यायिक और गैर-न्यायिक कार्यपालक मजिस्ट्रेटों में विभाजित करने की नई योजना ने प्रदेश भर के प्रशासनिक हलकों में हलचल मचा दी है। इस विभाजनकारी फैसले के विरोध में मध्य प्रदेश राजस्व अधिकारी कनिष्ठ प्रशासनिक सेवा संघ की कटनी जिला इकाई ने मुख्य सचिव मध्यप्रदेश शासन के नाम कटनी कलेक्टर दिलीप कुमार यादव को एक ज्ञापन कल दिया गया जिसमें इस आदेश को तत्काल निरस्त करने की मांग की गई है। अधिकारियों का कहना है कि यह योजना न केवल उनके मूल कार्यों को प्रभावित कर रही है बल्कि इससे उनके मनोबल पर भी नकारात्मक असर पड़ रहा है। संघ के जिला अध्यक्ष ने बताया कि जब यह योजना पहली बार प्रस्तावित की गई थी तब संघ अधिकारियों ने इसके खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया था। उस समय उन्हें मौखिक रूप से यह आश्वासन दिया गया था कि इस योजना को केवल 12 जिलों में एक पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लागू किया जाएगा। इसके अतिरिक्त यह भी कहा गया था कि राजस्व न्यायालयों का विलय नहीं किया जाएगा और गैर न्यायिक अधिकारियों को काम करने के लिए आवश्यक संसाधन उपलब्ध कराए जाएंगे। इन आश्वासनों के बाद अधिकारियों ने अपना विरोध अस्थायी रूप से स्थगित कर दिया था। लेकिन अधिकारियों का आरोप है कि सरकार ने अपने आश्वासन का पालन नहीं किया। इसके विपरीत इस योजना को अब 9 और जिलों धार, भिंड, खरगौन, बालाघाट, मंदसौर, देवास, कटनी, मंडला और रीवा में भी लागू कर दिया गया है। इस विस्तार के साथ ही कई राजस्व न्यायालयों को आपस में मिला दिया गया है जिससे अधिकारियों पर काम का बोझ काफी बढ़ गया है। इसके अलावा गैर न्यायिक अधिकारियों को उनके कार्यों के लिए जरूरी स्टाफ और अन्य बुनियादी सुविधाएं नहीं दी गई हैं। अधिकारियों का कहना है कि यह विभाजनकारी योजना उन्हें उनके मूल राजस्व कार्यों से दूर कर रही है। ज्ञापन के माध्यम से राजस्व अधिकारियों ने एक बार फिर प्रशासन से मांग की है कि इस विभाजनकारी योजना को तत्काल प्रभाव से निरस्त किया जाए। अधिकारियों को उनके मूल राजस्व कार्यों से अलग करने वाले सभी आदेशों को वापस लिया जाए। मांगे पर ध्यान नही देने पर बुधवार से सभी तहसीलदार, नायब तहसीलदार, एसएलआर एवं एएसएलआर अपने शासकीय वाहन और डिजिटल सिग्नेचर जिला मुख्यालय में जमा करते हुए सभी शासकीय व्हाट्सएप ग्रुपों से लेफ्ट रहेंगे और अनिश्चितकाल हड़ताल शुरू कर दी गई है।

# पीरबाबा समीप ट्रक की टक्कर से दो युवकों की दर्दनाक मौत

**जागरण, कटनी।** शहर के पीरबाबा क्षेत्र में बुधवार शाम करीब साढ़े चार बजे एक भीषण सड़क हादसा हो गया। बेलगाम रफ्तार से दौड़ते ट्रक ने एक्टिवा सवार दो युवकों को इतनी जोरदार टक्कर मारी कि मौके पर ही दोनों की दर्दनाक मौत हो गई। हादसा इतना भयावह था कि युवकों के सिर धड़ से अलग हो गए। जानकारी के अनुसार मृतक युवकों की पहचान विजयराघवगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम उबरा निवासी आदित्य चतुर्वेदी एवं शुभांग मिश्रा के रूप में हुई है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार दोनों युवक एक्टिवा वाहन से पीरबाबा की ओर जा रहे थे तभी सामने से आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे की सूचना मिलते ही माधवनगर पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भिजवाया गया। ट्रक चालक मौके से फरार बताया जा रहा है। पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। माधवनगर थाना प्रभारी अभिषेक चौबे ने बताया कि घटना की गंभीरता को देखते हुए आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं और आरोपी ट्रक चालक की तलाश की जा रही है।

## उत्तर मध्य रेलवे

### ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

| | |
|---|---|
| ई-निविदा सूचना संख्या : झाँसी-इन्जी0-सी-2025-137 | अनुमानित लागत रु : 7937055.00 |

**कार्य का नाम :** सप्लाईंग एण्ड स्टेकिंग ऑफ एसकेवी वेल्डिंग पोर्शन फॉर 60 केजी 90 यूटीएस/60 केजी/60 ईआई आर-260 रेल विथ कम्पलीट एक्सेसरीज अंडर सीनियर डीईएन/सेंट्रल/झाँसी जूरिडिक्शन।

| | |
|---|---|
| अमानत राशि : 158800.00 | निविदा बन्द होने की तिथि : 29.08.2025 at 15:00 hrs |

स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथि : 09 माह

• निविदा दिनांक 29.08.2025 को 15:00 बजे तक आन लाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें। 1386/25 (C)

@CPRONCR North central railways cproncrly CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

## नाम एवं जन्मतिथि सुधार सूचना

मै जय प्रकाश पाण्डेय सेना क्रमांक 14819812A रैंक सिपाही, निवासी ग्राम लोही, पो. भीटा, जिला–रीवा (म.प्र.) 486553 का हूं। शपथ पूर्वक कथन करता हूं कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरे पिता का नाम Shashtri Prasad Pandey दर्ज है, और जन्म दिनांक 01 जुलाई 1949 दर्ज है, जबकि मेरे आधार कार्ड, पैन कार्ड व अन्य दस्तावेजों में मेरे पिता का नाम Shastree Prasad Pandey और जन्म दिनांक 01 जनवरी 1953 अंकित है, जो सही व सत्य है। अत: मेरे उक्त सर्विस रिकार्ड में मेरे पिता का Shastree Prasad Pandey और जन्म दिनांक 01 जनवरी 1953 दर्ज किया एवं लिखा, पढ़ा व जाना जाए।

RN- 84209 — जय प्रकाश पाण्डेय

## In The Court Of I Additional Judge To I Civil Judge Class-I District Court, Rewa

Presiding Officer ; शैलेन्द्र रैकवार

आवेदन पत्र अंतर्गत धारा 372 भारतीय उत्तराधिकार अधिनियम सक्सेशन प्रकरण क्रमांक (MJCSUC/0000011/2025)

राधा तिवारी..............................आवेदक

VS

एम पी स्टेट............................अनावेदक

Process Id-/2025

पेशी दिनांक - 08.09.2025

**प्रेषिती-** 1. हर आम खास पता द्वारा कलेक्टर जिला रीवा म.प्र. 2. आम जनता

आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक राधा तिवारी पता ने मृतक रूची तिवारी पुत्री श्री हनुमान प्रसाद तिवारी निवासी ग्राम गढवा तहसील हुजूर जिला रीवा म.प्र. की राशि/सम्पत्ति हेतु उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 8 सितम्बर 2025 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक/संरक्षक होने सम्बंधी प्रमाण पत्र जारी किये जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 8 सितम्बर 2025 को न्यायालय में स्वयं अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहें। सूचना उपरांत यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवाई एक पक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 06 अगस्त 2025 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगा कर दिया गया है।

न्यायालय की मुद्रा

न्यायाधीश
शैलेन्द्र रैकवार
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड के न्यायालय के प्रथम अतिरिक्त न्यायाधीश रीवा म.प्र.

**कृपया ध्यान दें-** यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय को अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जायेगा। आर- 82737

## उत्तर मध्य रेलवे

क्रमांकः-झाँसी/डब्ल्यू/टी/टेण्डर जनरल — दिनांक : 04.08.2025

### ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिये मण्डल रेल प्रबन्धक/कार्य/झाँसी निम्नलिखित कार्य हेतु आनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

**ई-निविदा सूचना संख्याः** झाँसी-इन्जी.-एन-2025-141, **कार्य का नामः** प्री ड्यूरिंग, एंड पोस्ट बीसीएम वर्क्स फॉर डीप स्क्रीनिंग, ऑफ, बेलास्ट इन पॉइंट्स एंड क्रासिंग एंड प्लेन ट्रैक एंड डी-स्ट्रेस्सिग इन दी जूरिडिक्शन ऑफ़ सीनियर डीईएन/नार्थ/झाँसी।

| | |
|---|---|
| अनुमानित लागत (₹): ₹ 1,05,79,274.00 | अमानत राशि (₹): ₹ 2,02,900.00 |

निविदा बन्द होने की तिथि : 27.08.2025 at 15:00 hrs.

स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन/अवधि की तिथिः 12 माह

• निविदा दिनांक 27.08.2025 को 15:00 बजे तक आन लाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in पर देखें। 1385/25 (MG)

North central railways @ CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

## उत्तर मध्य रेलवे

ई-निविदा सूचना सं. JHS-N-W-30-25 — दिनांक : 04.08.2025

### ई-टेन्डरिंग निविदा सूचना

वरिष्ठ मंडल सिगनल व दूरसंचार अभियंता उत्तर मध्य रेल झांसी भारत के राष्ट्रपति के लिए व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

**ई-निविदा सूचना संख्याः** JHS-N-W-30-25, **कार्य का नाम :** प्रोविजन ऑफ़ इंटरलॉकिंग ऑफ़ एलसी गेट नं. 451 हैविंग TVU ग्रेटर देन 20,000 ऑफ़ झाँसी डिवीज़न।

| | |
|---|---|
| कार्य लागत लगभगः ₹ 78,32,382.06 | धरोहर राशिः ₹ 1,56,700/- |
| निविदा प्रपत्र का मूल्यः Nil | निविदा खुलने की तिथिः 29.08.2025 Time 15:00 |

स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन अवधिः 06 माह

• निविदा दिनांक 29.08.2025 को 15:00 बजे तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in (NORTH CENTRAL RLY/JHANSI DIVISION-S AND T) पर देखें। 1393/25 (MG)

North central railways @ CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

## उत्तर मध्य रेलवे

ई-निविदा सूचना सं.: JHS-N-W-31-25 — दिनांकः 04.08.2025

### ई-निविदा सूचना

वरिष्ठ मंडल सिगनल व दूरसंचार अभियंता उत्तर मध्य रेल झांसी भारत के राष्ट्रपति के लिए व उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन (ई-टेन्डरिंग) के माध्यम से खुली निविदा आमंत्रित करते है।

**कार्य का नामः** प्रोविजन ऑफ S&T वर्क इन कनेक्शन विथ स्प्लिटिंग ऑफ लॉन्गर ब्लॉक सेक्शन बिटवीन सिंगपुर डुमरा एंड खजुराहो स्टेशन ऑफ झांसी डिवीजन।

| | |
|---|---|
| कार्य लागत लगभग :₹ 42593304.99 | धरोहर राशि :₹ 363000/- |
| निविदा प्रपत्र का मूल्यः Nil | निविदा खुलने की तिथिः 29.08.2025 Time 15.00 |

स्वीकृत पत्र जारी होने के समय से कार्य समापन अवधिः 12 माह

निविदा दिनांक 29.08.2025 को 15:00 बजे तक ऑन लाईन जमा कर सकेंगे। पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुति करने के लिए भारतीय रेल के वेब साइट www.ireps.gov.in (NORTH CENTRAL RLY/JHANSI DIVISION-S AND T) पर देखें। 1391/25(DG)

North central railways @CPRONCR www.ncr.indianrailways.gov.in

## M.P. HOUSING & INFRASTRUCTURE DEV. BOARD

### NOTICE INVITING TENDER

Online percentage rate for the following works are invited from Reputed firm/agency /manufacturers full filling registration criteria:-

| S. No. | System E-Tender No. | Name of Work | Probable Amount | | Completion Period | Date of Tender Purchase/ Submission | Tender Open Date |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_MPHID_441497 | Construction of Regional Officer, Class II Officer and Staff Quarters at Pollution Control Board Campus Waidhan Distt Singrauli (M.P.) | PAC<br>Cost of Form<br>EMD | Rs. 244.11 lakh<br>Rs.17700./- (I/C GST)<br>Rs. 244500/- | 12 Month (Twelve Month I/C Raining Season) | 11.08.2025 10:30 AM To 27.08.2025 05:30 Hrs. | 29.08.2025 03:00 Hrs. |

**Note :** Full details of the above tenders can be seen on website **http://www.mptenders.gov.in**. Amendments to NIT, if any shall be published on website only.

**Email : eednhbsgl@mp.gov.in**
M.P. Madhyam/121462/2025
/mphidb /mphidb

(R. P. Kol, E.E.)
Division Singrauli
Mob. : 9425607387

## MADHYA PRADESH RURAL ROAD DEVELOPMENT AUTHORITY

(An Agency of Panchayat & Rural Development Department, Govt. of M.P.)
3rd Floor, Vikas Bhawan, Arera Hills, Bhopal (M.P.), (GST No. 23AAATM9054A3ZX)

No./9285/22/D-12/MPRRDA/2025 — Bhopal, Dated : 06.08.2025

### NOTICE INVITING TENDER NO. 1236 (PM-JANMAN)

**(Batch-II, Year-2024-25)**

Online Tenders for Construction of Rural Roads /CDs with 5 years maintenance are invited on the E-Procurement System portal **https://www.pmgsytenders.gov.in**. as detailed below;

- **Name of Work -** Construction/Up-gradation of Rural Roads under PMGSY including maintenance for Five year after construction.
- **SSR Applicable :-** SSR issued by M.P. Rural Road Development Authority, effective from 01.01.2024 and amended upto issue date of NIT.
- **PMAJANMAN-Batch-II**

| S. No. | Name of District | No. of Packages | No. of Road | Total Length (in kms) | Total PAC (In Rs.) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Sidhi | 1 | 2 | 4.70 | 28522000.00 |

1. **Availability of Bid Documents and mode of submission :** The bid document is available online and should be submitted online in **www.pmgsytenders.gov.in**. The bidder would be required to register in the web-site which is free of cost. For submission of the bids, the bidder is required to have a valid Digital Signature Certificate (DSC) from one of the authorized Certifying Authorities.
2. Bid document may be purchase online from **11.08.2025 (17:30 hrs.)** and last date for online bid submission is **27.08.2025 (17:00 hrs.)**
3. Other Critical dates and details can be viewed in the detailed N.I.T. and SBD for PMGSY Works (June-2020) on the above-mentioned portal and concerned PIU.

M.P. Madhyam/121457/2025 — **CHIEF GENERAL MANAGER (TENDER)**

"मेरी सड़क" ऐप डाउनलोड कर, फीडबैक देकर राष्ट्र के विकास में सहयोग दें।

# गुनौर विधायक ने ऊर्जा मंत्री को दिया पत्र

## हरद्वाही और लुहरगांव में स्थापित हो

**जागरण, पन्ना।** पन्ना जिले की आरक्षित विधानसभा क्षेत्र गुनौर को समुचित विकास की मुख्य धारा से जोड़ने एवं समय पर आम जनता, किसान भाइयों को उचित लाभ देने के उद्देश्य को लेकर विधायक डॉ. राजेश वर्मा ने आज ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर से भोपाल में मुलाकात करते हुए आग्रह किया है कि विधानसभा क्षेत्र गुनौर की विद्युत ऊर्जा को मजबूती देने एवं समय पर किसानों को पर्याप्त बिजली देने के उद्देश्य को लेकर ग्राम हरद्वाही और लुहरगांव गांव में शीघ्र ही विद्युत उप केंद्रों की स्थापना की जाए, ताकि समय रहते पर्याप्त बिजली किसानों को मिल सके और उनको कृषि कार्य में कोई दिक्कत न हो। राज्य सरकार की मंशा के अनुसार हर गांव के हर किसान को मजबूत करने के लिए पत्र को गंभीरता से लेते हुए कैबिनेट मंत्री श्री तोमर ने शीघ्र ही इस विषय पर अपना आश्वासन देते हुए कहा है कि जल्द ही यह मांग पूरी होगी और दोनों ही स्थानों पर विद्युत उपकेंद्र की स्थापना की जाएगी।

## सूचना

जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. किसी तृतीय पार्टी के उत्पादकों वस्तुओं या सेवाओं का समर्थन नहीं करती है और न ही किसी तृतीय पार्टी के विज्ञापनों में छपी किसी जानकारी की सच्चाई या विश्वसनीयता की पुष्टि करती है। जागरण पब्लिकेशन प्रा. लि. पाठकों को प्रेरित करती है कि वे ऐसे किसी भी विज्ञापनदाता के साथ कोई भी लेन-देन करने की कार्रवाई से पहले उचित व जरुरी समझे जाने वाली जांच पड़ताल कर लेवे।

# रागिनी मार्को को मुख्यमंत्री ने विक्रम अवार्ड से किया सम्मानित

**कटनी।** मध्य प्रदेश शिखर खेल अलंकरण एवं 38वें नेशनल गेम्स 2023 के पदक विजेता सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री मोहन यादव के द्वारा कटनी जिला पुलिस महिला थाने में पदस्थ उप निरीक्षक मानसिंह मार्को की बेटी रागिनी मार्को को विक्रम अवार्ड से सम्मानित किया गया है जो रागिनी मार्को द्वारा जिला पुलिस कटनी का एवं प्रदेश व देश के मान सम्मान को बढ़ाया है जो बधाई के पात्र है। रागिनी मार्को कटनी माधव नगर पुलिस कॉलोनी में रहती है।

# ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने वाहनों पर हुई चालान की कार्रवाई

**कटनी।** शहर की यातायात व्यवस्था को सुगम, सुलभ और सुरक्षित बनाने की दिशा में यातायात पुलिस और नगर निगम की संयुक्त टीम ने एक बार फिर सख्त रुख अपनाया है। मंगलवार को झंडा बाजार, सराफा बाजार, गोल बाजार, खोबा मंडी एवं सुभाष चौक क्षेत्र में बेतरतीब खड़े वाहनों के खिलाफचालानी कार्रवाई की गई। सड़क पर लोडिंग अनलोडिंग कर रहे वाहन चालकों के विरुद्ध भी वैधानिक कार्यवाही की गईए जिससे बाजार क्षेत्रों में आवागमन बाधित न हो। अभियान के दौरान ट्रैफिक पुलिस ने दुकानदारों और आमजन को जागरूक करते हुए अपील की कि वे सड़क किनारे अवैध पार्किंग से बचें और शहर को सुव्यवस्थित रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करें।

## कार्यालय प्राचार्य, शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय, रीवा (म.प्र.)

क्र. 2580/स्टोर/2025 — रीवा, दिनांक 05.08.2025

### निविदा आमंत्रण सूचना वर्ष 2025-26

प्राचार्य शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय रीवा द्वारा पुस्तकालय (पुस्तक व स्टेशनरी) से सम्बंधित सामग्री । वाचनालय (पत्र–पत्रिका) सम्बंधित कार्य । समस्त विज्ञान संकाय हेतु प्रायोगिक कार्य हेतु लगने वाले कैमिकल्स व सामग्री क्रय का कार्य । संगीत विभाग से सम्बंधित वाद्य यंत्र क्रय एवं सुधार का कार्य । महाविद्यालय में भवन निर्माण सम्बंधित सामग्री । खेल मैदान मरम्मत हेतु सामग्री । महाविद्यालय में टेंट सम्बंधित कार्य । फ्लैक्स / बैनर / विनायल / पोस्टर / प्रपत्र एवं मीडिया / प्रचार संबंधी कार्य एवं नोटिस बोर्ड / दीवारों पर पेंट द्वारा लिखावट का कार्य, अलग–अलग आकर में। महाविद्यालय में आयोजित होने वाले विभिन्न कार्यक्रमों में फोटोग्राफी एवं वीडियोग्राफी का कार्य । टैक्सी / इनोवा / इनोवा समकक्ष गाड़ी एवं बस किराये से लेने का कार्य । अग्निशामक यंत्र रिफिल व नये अग्निशामक यंत्र के कार्यो हेतु निविदा दिनांक 27.08.2025 शाम 04.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदाकार निविदा की विस्तृत शर्ते निविदा प्रपत्र एवं अन्य जानकारी महाविद्यालय की वेबसाइट www.trscollege.com से प्राप्त की जा सकती है।

प्राचार्य
शासकीय ठाकुर रणमत सिंह महाविद्यालय
रीवा (म.प्र.)

## कार्यालय, मुख्य वन संरक्षक एवं क्षेत्र संचालक, संजय टाईगर रिजर्व

शिवाजी नगर, नौढ़िया, जिला-सीधी, 486661, (मध्य प्रदेश)
फोन नम्बर- 7822297542
E.mail. fdsajnp.sdh@mp.gov.in, fdsanjay_tr@rediffmail.com, website. www.sanjaytigerreserve.in

क्र./ई-निविदा/2025/5008 — सीधी दिनांक 04.08.2025

### -: ई-निविदा सूचना :-

कार्यालय मुख्य वन संरक्षक एवं क्षेत्र संचालक, संजय टाईगर रिजर्व, सीधी के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में शासकीय फिक्स नॉट फेंसिंग के लिये निम्नांकित सामग्री के लिये वाणिज्यिक कर अधिनियम के तहत पंजीकृत, प्रतिष्ठित निर्माताओं तथा अधिकृत विक्रेताओं से संजय टाईगर रिजर्व, सीधी की परिक्षेत्र मड़वास / ब्यौहारी बफर के लिये आनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र. | परिक्षेत्र का नाम | सामग्री का नाम | कार्य स्थल का नाम | फ्रेंसिंग रनिंग मीटर |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | मड़वास बफर | फिक्स नॉट फेंसिग | ग्राम कुन्दौर से रालवारी | 5740 |
| | | | ग्राम पोंड़ी चितरडोला से मक्टोलिया | 1480 |
| | | | ग्राम तुरकानी से झोगाधार | 2420 |
| 2 | ब्यौहारी बफर | | ग्राम भमरहा से वंशवाहनाला | 3000 |
| | | | योग- | 12640 |

इस निविदा के लिये दिनांक 11.08.2025 से आवेदन केवल ऑनलाईन माध्यम से आमंत्रित किये जा रहे हैं। टेण्डर की विस्तृत जानकारी https://mptenders.gov.in/ के माध्यम से प्राप्त की जा सकेगी। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 25.08.2025 समय शाम 3.00 तक रहेगी। निविदा खोलने की तिथि 26.08.2025 को दोपहर 3.00 बजे रहेगा। उक्त निविदा वन विभाग की ऑफिशियल वेबसाईट https://mpforest.gov.in पर भी देखी जा सकेगी।

G- 16786/25

उप संचालक
संजय टाईगर रिजर्व, सीधी

## आवश्यकता है

ऑफिस कार्य हेतु लड़की एवं महिलाओं की आवश्यकता है। सैलरी 5.000+कमीशन बोनस, उम्र 18 वर्ष से 35 वर्ष।

**पता :**न्यू बस स्टैंड रीवा मध्यप्रदेश संपर्क नं.-7261080044

RN-84206(8/8)

## लोन

लोन फाईनेंस सर्विस रीवा संभाग में विशेष लोन व्यवस्था मुद्रा लोन, आधार कार्ड, मार्कशीट, पर्सनल, कृषि लोन और सभी प्रकार के लोन 2% ब्याज 50% छूट (एजेंट आमंत्रित) संपर्क - 8962086944

# जीवन और मृत्यु के बीच में संघर्ष कर रहा है 108 का पायलट

**जागरण ब्यौहारी।** ब्लॉक के अंतर्गत एंबुलेंस में काम करने वाले पायलट के साथ यदि कोई अनहोनी हो जाती है तो कंपनी पल्ला झाड़ लेती कर्मचारी को कोई बीमा लाभ नहीं दिया जाता उसका इलाज भी नहीं कराया जाता उसके परिवार की कोई आर्थिक मदद नहीं दी जाती इसी तरह की एक घटना सामने आई है 8 अप्रैल 2025 को जय अंबे की इमरजेंसी सर्विस गाड़ी नंबर सीजी 04 एन एस 4596 की पायलट बच्चू लाल यादव वस्तुआ कुसमी जिला सीधी का रहने वाला है और 4 माह से संजय गांधी रीवा में इलाज रत हैं सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार 8 अप्रैल 2025 को रात तकरीबन 3:00 बजे सिविल हॉस्पिटल ब्यौहारी से मेडिकल कॉलेज शहडोल का रेफर मिला हुआ था जिसको लेकर सीजी 04 एन एस 4596 गाड़ी 108 के माध्यम से पायलट एवं ईएमटी शहडोल के लिए रवाना हुए व्यवहारी से सेमरा थाना जैसीनगर में एंबुलेंस ट्रक से टकरा गई जिसमें मरीज एवं 108 के स्टाफ घायल हुए सभी घायलों को जयसिंहनगर से भी अस्पताल में भर्ती कराया गया जिसमें 108 के पायलट बच्चू लाल की तबीयत ज्यादा खराब होने के कारण डॉक्टरों द्वारा उसे शहडोल मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया 9 अप्रैल 2025 को शाम 5:00 बजे के आसपास मेडिकल कॉलेज शहडोल से तबीयत में कोई सुधार ना देखते हुए उसे रीवा मेडिकल कॉलेज में रेफर कर दिया गया वहां के डॉक्टर एडमिट कर पेट का ऑपरेशन किया गया एक्सीडेंट होने के कारण पेट में अंदरूनी चोट आने के कारण उसका ऑपरेशन किया गया मध्यप्रदेश में संचालित 108 इमरजेंसी सर्विस जो भोपाल से संचालित हो रही है इसके मालिक मनीष सिंह एचआर हेड के रूप में मधु मैडम एवं जोन प्रभारी, जिला प्रबंधक के द्वारा अभी स्टाफ के पायलट की कोई भी सुध नहीं लिए एवं किसी प्रकार की सहायता की मदद नहीं की गई स्टाफ के पायलट की दैनिक स्थिति बहुत खराब है इलाज करवाने के लिए पैसा भी नहीं है इस कंपनी में एंप्लॉई की कोई इज्जत नहीं है जो अपनी गाड़ी की ज्यादा फिकर रहती है एक पायलट जिंदगी और मौत की जूझ रहा है यदि इस प्रकार किसी भी स्टाफ के साथ दुर्घटना या नहीं हो जाती है तो कर्मचारी अपने-अपने घर में हैं उनका भविष्य अंधकारमय में है पत्र के माध्यम से कर्मचारियों की यह मांग है कि बच्चू लाल यादव को बीमा एवं आर्थिक सहायता दिलाई जाए और ऐसे सभी पायलट जो कंपनी के शोषण के शिकार हैं उनका आर्थिक मदद दी जाए।

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन)
## लोक निर्माण विभाग, कला मंदिर रोड स्वागत भवन, रीवा (म. प्र.)

PHONE No. 07662-406740 E-mail:-dpepiurewa@gmail.com

एन.आई.टी. नं.-22/2025/केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/सीई/पी.डब्ल्यू.डी./भवन/2046 — रीवा, दिनांक:-28.07.2025

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है:-

| स. क्र. | पोर्टल टेण्डर क्र. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पी.ए.सी.) (रू.लाख में) | अमानत राशि (ई.एम.डी.) (रु. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रु.में) | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित) | 90 प्रतिशत अविवादित भूमि प्राप्त एवं एमओयू निष्पादित |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2025_PWPIU_441027 | मनगवां जिला रीवा के आई. टी. आई. परिसर में बाउन्ड्रीवाल एवं मौजूदा 06 ट्रेड आई.टी.आई. के नवीनीकरण का निर्माण कार्य (प्रथम आमंत्रण) | रीवा | 162.36 | 162360.00 | 12500 | 12 माह | हां |
| 2 | 2025_PWPIU_441030 | नवीन न्यायालय भवन रीवा जिला रीवा में बार बिल्डिंग तथा सर्विस बिल्डिंग में आंतरिक एवं बाह्य विद्युतीकरण तथा स्मार्ट मीटर के कार्य (प्रथम आमंत्रण) | रीवा | 74.50 | 74500.00 | 10000 | 03 माह | हां |

1 निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट वेबसाइट http://mptenders.gov.in पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2 निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाईन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/ इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3 निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 30-07-2025 समय 10:00 से दिनांक 14-08-2025 समय 18:00 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाईट पर देखी जा सकती है।
4 निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

G-16772/25

कार्यपालन यंत्री (भवन)
लोक निर्माण विभाग, रीवा

सीधी जागरण
दैनिक जागरण रीवा 07 अगस्त 2025 www.dainikjagranmpcg.com
11 राज्य 31 संस्करण
मध्य प्रदेश • उत्तर प्रदेश • दिल्ली • हरियाणा • उत्तराखंड • पंजाब • जम्मू-कश्मीर • बिहार • झारखंड • हिमाचल प्रदेश • पश्चिम बंगाल से प्रकाशित

सूर्य उदय - अस्त
06.44 अस्त : आज
05.32 उदय : कल

शहर का तापमान
31.0 ⁰ अधिकतम
24.0 ⁰ न्यूनतम



# हफ्ते में तीन दिन ही ऑफिस में बैठते हैं अधिकारी

जागरण अनियमितता

## सोमवार को टीएल मीटिंग, मंगलवार को जनसुनवाई में व्यस्त रहते हैं अफसर

### सप्ताह में पांच दिवसीय कामकाज की है व्यवस्था



जागरण,सीधी

कलेक्ट्रेट में संचालित विभिन्न कार्यालयों के अधिकारी तीन दिन ही अपने आफिस में बैठते हैं। कारण सोमवार को टीएल मीटिंग, मंगलवार को जनसुनवाई में व्यस्तता के बाद बुधवार, गुरूवार और शुक्रवार को ही वह आफिस में बैठते हैं। लिहाजा अफसरों के अपने आफिस न बैठने से कार्यालयीन कामकाज पूरी तरह से बाधित रहता है। इस दौरान कार्यालयीन कामकाज के सिलसिले में बाहर से आने वाले लोगों को अफसरों के आफिस में न बैठने के कारण सबसे ज्यादा दिक्कतें होती हैं। जिनको अफसरों के आफिस में बैठने के संबंध में पूर्व से जानकारी नहीं होती वह कार्यालय का चक्कर काटकर आखिर लौट जाते हैं। कार्यालय में मौजूद मातहत भी यही बताते हैं कि आज अफसर इस काम में पूरी तरह से व्यस्त हैं इस वजह से आफिस से संबंधित कामकाज को लेकर अनिश्चितता है। उधर राज्य शासन द्वारा जब से शासकीय कार्यालयों में शनिवार को भी नियमित अवकाश करने की व्यवस्था बना दी गई है तभी से आफिसों का कामकाज काफी प्रभावित हो रहा है। पूर्व में जहां कार्यालयों में सप्ताह के 6 दिन कामकाज होते थे। बाद में सेकण्ड एवं थर्ड सटरडे को अवकाश की व्यवस्था लागू हो गई थी किन्तु कोरोना काल के दौरान से ही राज्य सरकार द्वारा सरकारी कार्यालयों के कामकाज को पांच दिवसीय बना दिया गया है। उसमें भी कई सप्ताह ऐसे होते हैं जिनमें निर्धारित दिवस में भी अवकाश हो जाने पर सरकारी कार्यालयों का कामकाज पूरी तरह से पटरी से उतर जाता है। अफसरों एवं कर्मचारियों को भले ही आराम मिल रहा हो लेकिन काम न होने से सबसे ज्यादा प्रभावित आम जनता ही होती है। बताते चले कि कलेक्ट्रेट में करीब चार दर्जन कार्यालय संचालित हो रहे हैं। सभी कार्यालयों का संबंध कही न कहीं आम जनता से ही है। इस वजह से कार्यालयों में लोगों की आवाजाही दिनभर बनी रहती है। स्थिति यह है कि सोमवार को टीएल मीटिंग एवं मंगलवार को जनसुनवाई में अफसरों की व्यस्तता के चलते राजस्व न्यायालयों का कामकाज भी अधिकांशतः बाधित रहता है। आवश्यक प्रकरणों पर त्वरित सुनवाई कामकाज भी नहीं हो पाता। तत्संबंध में चर्चा के दौरान कलेक्ट्रेट के कुछ कर्मचारियों ने बताया कि सोमवार को टीएल मीटिंग एवं जनसुनवाई में अफसरों के व्यस्त होने के कारण कार्यालयों का कामकाज काफी प्रभावित रहता है। अधिकांश अफसर टीएल मीटिंग एवं जनसुनवाई से खाली होने के बाद अपने कार्यालय में नहीं बैठते। वह सीधे फुर्सत होने के बाद अपने बगले में चले जाते हैं। यह अवश्य है कि कुछ अफसर अपरान्ह जरूरी कामकाज को निपटाने के लिए पहुंच जाते हैं लेकिन इसको लेकर भी पूरी तरह से अनिश्चितता व्याप्त रहती है। कलेक्ट्रेट में संचालित कार्यालयों का कामकाज सुचारू न होने के संबंध में अफसर भी अपनी लाचारी जताते हैं। कुछ अफसरों का कहना है कि राज्य शासन से ही शासकीय कार्यालयों के लिए जो कार्ययोजना निर्धारित की गई है उस पर अमल करना उनकी ड्यूटी में शामिल है। सोमवार को टीएल मीटिंग में सरीक होने के लिए कार्यालय प्रमुखों का उपस्थित रहना अनिवार्य होता है। इसमें कलेक्टर विभिन्न विभागों के कामकाज की समीक्षा करने के साथ ही आवश्यक दिशा निर्देश भी देते हैं। मंगलवार को जनसुनवाई होने के कारण इसमें भी विभागीय अधिकारी पूरी तरह से व्यस्त रहते हैं। जनसुनवाई में आने वाले लोगों की समस्याओं को सुनने के साथ ही वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा इनको लेकर आवश्यक दिशा निर्देश दिए जाते हैं। उसी के अनुरूप जनसुनवाई में प्राप्त होने वाले आवेदनों का निराकरण भी सुनिश्चित किया जाता है।

### रक्षाबंधन त्यौहार पर अवकाश में जाने की तैयारी

रक्षाबंधन का त्यौहार 9 जुलाई को है। इससे पूर्व कई अधिकारी एवं कर्मचारी लंबे अवकाश पर जाने के लिए अपनी पूरी तैयारी बना रहे हैं। तत्संबंध में बताया गया है कि 9 जुलाई को शनिवार एवं 10 जुलाई को रविवार है। इस वजह से कुछ अधिकारी एवं कर्मचारी शुक्रवार को दोपहर ही अपने गृह क्षेत्र निकलने की तैयारी में जुटे हुए हैं। वहीं कुछ ऐसे भी अधिकारी एवं कर्मचारी हैं जो कि सोमवार के बाद भी कुछ दिन का अवकाश लेकर कई दिन और अवकाश के लिए अपना जुगाड़ बैठा रहे हैं। दरअसल जो अधिकारी एवं कर्मचारी दूसरे जिलों के हैं उनके द्वारा रक्षाबंधन के त्यौहार पर कम से कम एक सप्ताह का अवकाश लेने के लिए जुगाड़ बैठाया जा रहा है। इस वजह से अगले हफ्ते भी सरकारी कार्यालयों में काम-काज प्रभावित नजर आएगा।

### कार्यालयों का नहीं होता औचक निरीक्षण

कलेक्ट्रेट में संचालित कार्यालयों का औचक निरीक्षण लंबे समय से न होने के कारण यहां के अधिकारी और कर्मचारी मनमानी तौर पर ड्यूटी बजा रहे हैं। अधिकारियों की स्थिति यह है कि वह तो विभागीय कार्य बताकर गायब हो जाते हैं, अधिकारी के न बैठने से उनके मातहत भी मनमौजी ड्यूटी करने के आदी हो चुके हैं। तत्संबंध में चर्चा के दौरान कुछ लोगों का कहना था कि यदि कलेक्ट्रेट में संचालित कार्यालयों का यह हाल है तो खंड स्तरीय कार्यालयों की स्थिति का सहज ही अंदाजा लगाया जा सकता है। तहसील एवं ब्लॉक मुख्यालयों में तो अधिकारी एवं कर्मचारी और भी ज्यादा स्वेच्छाचारी बने हुए हैं। उनके आने एवं जाने का कोई भी समय निर्धारित नहीं है। किस दिन कार्यालय आएंगे वह भी पूरी तरह से अनिश्चित रहता है।

# दलित युवती से सामूहिक दुष्कर्म, प्रेमी को डंडे से मारा



## चुरहट थाना क्षेत्र के बरिगवां जंगल में हुई वारदात

### तीन आरोपी गिरफ्तार, एक फरार आरोपी की तलाश

जागरण, सीधी

चुरहट थाना क्षेत्र के ग्राम बरिगवा के पास जंगल में एक दलित युवती के साथ चार युवकों ने सामूहिक दुष्कर्म की वारदात को अंजाम दिया। पुलिस अधीक्षक डॉ. रवीन्द्र वर्मा के निर्देशन में पुलिस टीमों ने दबिश कार्रवाई में शाम को तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जबकि चौथे फरार आरोपी की तलाश में पुलिस टीम लगी हुई हैं। गिरफ्तार 2 आरोपी कठौतहा के है जबकि एक आरोपी चूल्ही का है। चौथा फरार आरोपी भी चूल्ही का है। मिली जानकारी के अनुसार पीड़िता अपने प्रेमी के साथ जंगल की ओर घूमने और फोटो खिंचवाने गई थी। तभी घात लगाए बदमाशों ने प्रेमी पर डंडे से वार कर उसे घायल किया और युवती को जबरन जंगल में ले जाकर बारी-बारी से दुष्कर्म किया। पीड़िता ने पुलिस को बताया कि मैं मंगलवार की सुबह करीब 11.30 बजे अपने दोस्त के साथ बरिगवा गांव की तरफ गई थी, जहां फोटो खिंचवाने के लिए जंगल की तरफ हम दोनों निकल गए। इसके बाद चार लोग घात लगाकर बैठे हुए थे और जैसे ही हम नीचे उतरने लगे, वैसे ही मेरा मुंह दबा लिया। मेरे दोस्त के सिर पर एक डंडा मारा, जिसकी वजह से वह जमीन पर गिर पड़ा। इसके बाद मुझे उठाकर तीन लोग ऊपर जंगल की ऊंचाई तक ले गए और सभी ने मिलकर मेरे साथ दुष्कर्म किया है। मैं रोती रही, गिड़गिड़ाती रही, उनके पैर पड़ती रही, पर किसी ने मुझ पर दया नहीं की। इसके बाद उन्होंने मुझे धमकी दी कि अगर किसी को बताया तो तुम दोनों को जान से खत्म कर देंगे। फिर मेरा और मेरे दोस्त का फोन लेकर सभी भाग गए। इसके बाद मैं जंगल से भागकर नीचे आई और गांव वालों को इसकी सूचना दी। वहीं प्रत्यक्षदर्शी दलवीर सिंह गोंड ने बताया कि मैं अपने गांव में भवन निर्माण का कार्य कर रहा था, तभी दो से ढाई बजे के बीच में एक युवती रोते हुए गिरते पड़ते हुए हालत में आई। मुझे बताया कि मेरे साथ दुष्कर्म हुआ है, जिसके बाद उसने पुलिस को सूचना दी। फिर पुलिस मौके पर पहुंची। जहां मैं पुलिस के साथ जंगल की तरफ गया। इसके बाद मैंने देखा कि वहां एक टॉवल पड़ी हुई है और फिर रेप जैसे घटनाक्रम दिखाई देता है वह मैंने देखा। पुलिस ने मेरा बयान लिया और फिर पूंछताछ करती रही। पूरी रात पुलिस मेरे गांव और आसपास के गांव में घूमती रही, जिसके बाद पूरे गांव में दहशत का माहौल था।

> यह जघन्य अपराध है। हमारी टीम की पहली प्राथमिकता पीड़िता का इलाज करवाना था, जिसे सुरक्षित अस्पताल में भर्ती कराया गया है। आरोपी घने जंगल की ओर भाग निकले थे और उस क्षेत्र में सीसीटीवी नहीं है, इस कारण कुछ समय लग रहा था। तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया जा चुका है। आरोपियों को सख्त सजा दिलवाई जाएगी।
>
> **डॉ. रविंद्र वर्मा, एसपी सीधी**

> मामले की जानकारी हमें सेमरिया थाना से प्राप्त हुई। घटना का क्षेत्र चुरहट थाना लगता है लेकिन नजदीक होने के कारण पीड़िता पहले सेमरिया थाने पहुंची। वहां थाना प्रभारी ने उसे प्राथमिक चिकित्सा दिलवाई, फिर चुरहट थाने में देर रात अज्ञात आरोपियों के विरुद्ध धारा 138ए 70 ए, 64(2), 115(2), 351(3) बीएनएस का मामला दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में संदिग्धों की तलाश के लिए 5 टीमों का गठन किया गया और शाम को तीन आरोपी गिरफ्तार कर लिए गए हैं।
>
> **आशुतोष द्विवेदी, एसडीओपी चुरहट**

# शहर/ग्रामीण अंचल की खबरें

## गौरव शुक्ला बने नायब तहसीलदार, रायसेन में पदस्थापना



**जागरण, सीधी।** मुर्तला रामपुर नैकिन निवासी गौरव शुक्ला पिता चंद्रशेखर शुक्ला का चयन नायब तहसीलदार के पद पर हुआ है। जिनकी पदस्थापना रायसेन जिले में हुई है। मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग द्वारा राज्य सेवा परीक्षा 2019 के परिणामों के आधार पर प्रेषित अनुपूरक सूची में चुने जाने पर उनका चयन हुआ। ज्ञात हो कि गौरव शुक्ला की पहचान बचपन से ही मेधावी छात्र के रूप में थी। हाई स्कूल एवं हायर सेकेंड्री की परीक्षा उत्तीर्ण कर इंजीनियरिंग एवं एमबीए करने के बाद सबसे पहले उनका चयन कापरेटिव इंस्पेक्टर रीवा के पद पर हुआ था। वर्तमान में कापरेटिव इंस्पेक्टर का पद छोंड़कर उन्होने नायब तहसीलदार का पद ज्वाइन किया है। उनकी इस उपलब्धि पर उनके माता-पिता एवं परिवार जन काफी गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। वर्तमान में उनके पिता चंद्रशेखर शुक्ला उद्योग विभाग में सीनियर एकाउंटेंट के पद पर कार्यरत हैं एवं माता शासकीय शिक्षिका हैं। गौरव शुक्ला के चयन पर उद्योग विभाग के महाप्रबंधक, प्रबंधक एवं अन्य स्टॉफ के द्वारा बधाई दी गई।

## किशोर न्याय बोर्ड की सदस्य को राजनीतिक का अधिकार किसने दिया: प्रफुल्ल



**जागरण, सीधी।** किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष प्रफुल्ल पाण्डेय ने जारी एक बयान में आरोप लगाते हुए कहा है कि क्या संवैधानिक तौर पर बैठी किशोर न्याय बोर्ड की सदस्य एड. रंजना मिश्रा को राजनीतिक दल के कार्यक्रम में शामिल होना और भाषण देने का अधिकार है। ये कहां तक उचित है, श्रीमती रंजना मिश्रा ने सभी नियम को ताक पर रखकर ठेंगा दिखाती हुई चुरहट विधानसभा के भाजपा के राजनीतिक दल के कार्यक्रम में ना सिर्फ शामिल हुईं साथ ही भरे मंच से राजनैतिक भाषणबाजी भी की और कांग्रेस व चुरहट विधायक पर अनर्गल आरोप भी लगाया, जो उनके संवैधानिक पद की गरिमा के पूरी तरह प्रतिकूल है और उस गरिमा को मिट्टी में मिलने वाला साबित करता है। किसान कांग्रेस के जिला अध्यक्ष श्री पाण्डेय ने आगे कहा कि किशोर न्याय बोर्ड की सदस्य श्रीमती रंजना मिश्रा को अगर दल विशेष के कार्यक्रम में शामिल होना या मंच साझाकर भाषण बाजी और आरोप प्रत्यारोप का खेल खेलना है तो मध्य प्रदेश की सरकार को को संज्ञान लेते हुए उन्हे तत्काल उनके पद से मुक्त कर देना चाहिए, क्योंकि वर्तमान में वो जिस पद पर हैं वो पूरी तरह गैर राजनीतिक और निष्पक्ष भाव से न्याय करने का पद है। इसलिए इस पद पर रहते हुए वो किसी भी राजनीतिक दल के, किसी भी कार्यक्रम में, किसी भी रूप में, सम्मिलित होकर या उसके मंच पर राजनीतिक भाषण देने की पात्र ही नहीं है। जिला किसान कांग्रेस के अध्यक्ष प्रफुल्ल पाण्डेय ने आगे कहा की किशोर न्याय बोर्ड की सदस्य रंजना मिश्रा राजनीतिक दल के कार्यक्रमों में सम्मिलित ही नहीं हो सकती हैं। किशोर न्याय बच्चों की देखभाल और संरक्षण अधिनियम 2015 के अनुसार किशोर न्याय बोर्ड के सदस्यों को गैर-पक्षपाती और निष्पक्ष रूप से कार्य करना होता है और राजनीतिक दल कि गतिविधियों में भाग लेने से उनके पद की निष्पक्षता और विश्वसनीयता पर सवाल खड़ा करता है।

## अवैध रेत से भरा वाहन जब्त

**जागरण, सीधी।** पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र वर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद श्रीवास्तव एवं एसडीओपी आशुतोष द्विवेदी के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी मड़वास उनि भूपेश बैस के नेतृत्व में मड़वास पुलिस द्वारा अवैध रूप से रेत परिवहन कर रहे वाहन को जप्त कर एक आरोपी के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया है। परिवहन में प्रयुक्त वाहन एवं रेत की कुल अनुमानित कीमत 10,10,000 रुपए आंकी गई है। जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी मड़वास उनि भूपेश बैस को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि ग्राम गोतरा की ओर से एक पीले रंग का 407 वाहन, जिसमें अवैध रेत लोड है, भदौरा महखोर की ओर आ रहा है। सूचना की तस्दीक हेतु मड़वास पुलिस द्वारा ग्राम भदौरा रेलवे फाटक के पास नाकेबंदी की गई। कुछ समय बाद वाहन क्रमांक एमपी 53 जीए 3411 आता दिखाई दिया, जिसे रोककर चालक से पूंछताछ की गई। चालक ने अपना नाम दुर्गा प्रसाद साहू, पिता बाल्मीक साहू उम्र 28 वर्ष निवासी भदौरा थाना मड़वास जिला सीधी बताया। जब वाहन में लोड रेत के संबंध में वैध दस्तावेज मांगे गए तो वह कोई दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका। आरोपी का यह कृत्य भारतीय दंड संहिता की धारा 303(2), 317(5) बीएनएस एवं 4/21 खान एवं खनिज अधिनियम के तहत दंडनीय पाया गया। अतः वाहन एवं रेत को जप्त कर मामला पंजीबद्ध कर लिया गया है और अग्रिम वैधानिक कार्रवाई जारी है।

कार्यालय:- नगर परिषद रामपुर नैकिन जिला सीधी (म.प्र)

क्र. 1111/ई-टेण्डर/न.परि.2025 रामपुर नैकिन दिनांक 30.7.2025

प्रथम आनलाईन ई-निविदा आमंत्रण सूचना

एतद् द्वारा लोकनिर्माण विभाग अंतर्गत पंजीकृत समस्त संविदाकारों को सूचित किया जाता है कि इस निकाय क्षेत्रान्तर्गत वार्ड क्रमांक 07 में ऑगनवाड़ी भवन निर्माण कार्य कराया जाना है। अतः इच्छुक संविदाकार निम्न तालिका अनुसार अपनी दरें प्रस्तुत कर सकते हैं कार्य की विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in देखा जा सकता है।

| क्र. | सिस्टम टेन्डर नं. | निर्माण कार्य | अनुमानित लागत | धरोहर राशि | निविदा फार्म क्रय शुल्क | आपूर्ति की अवधि (माह) |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2025_UAD 442005_1 | वार्ड क्रमाक 07 में ऑगनवाड़ी भवन निर्माण | 941064 | 9410 | 2000 | कार्यादेष जारी होने दिनांक से 03 माह |

* निविदा दिनांक 05.08.2025 को 10:30 बजे शाम से दिनांक 19.08.2025 को दोपहर 05:30 बजे तक आनलाईन प्राप्त/प्रस्तुत की जा सकती है।
* निविदा स्वीकृत/अस्वीकृत करने का अधिकार निकाय के पास सुरक्षित रहेगा एवं सशर्त निविदा मान्य नहीं होगी।
* देयकों मे नियमानुसार शासकीय करो की कटौती की जावेगी।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद रामपुर नैकिन
जिला सीधी (म.प्र.)

# पंचायत उन्नति सूचकांक 1.0 की कार्यशाला आयोजित

## टॉप 10 चयनित पंचायतों को किया गया पुरस्कृत



जागरण, सीधी

जिला पंचायत सीधी के सभागार में पंचायत उन्नति सूचकांक 1.0 के कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में टॉप टेन चयनित ग्राम पंचायत को पुरस्कार राशि के साथ प्रमाण पत्र तथा द्वितीय टॉप 10 चयनित ग्राम पंचायत को अध्यक्ष जिला पंचायत मंजू सिंहए मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत अंशुमन राज एवं अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत धनंजय मिश्रा द्वारा पुरस्कार एवं प्रशस्ति पत्र का वितरण किया गया। पंचायत उन्नत सूचकांक के मास्टर ट्रेनर के द्वारा पीएआई 1.0 के विमोचन एवं प्रचार प्रसार करते हुए पंचायत उन्नत सूचकांक के अद्यतन पंचायत उन्नत सूचकांक वेबसाइट में करने के बारे में बताया गया एवं अन्य जानकारियां ग्राम पंचायत सचिव सरपंच जिला अधिकारियों जनपद अधिकारियों एवं जिला पंचायत के अधिकारी/कर्मचारी के समक्ष प्रदर्शित किया गया। जबलपुर एसआईआरडी से डॉ त्रिलोचन सिंह की उपस्थिति में सभा में सभी को प्रशिक्षण दिया गया। कार्यशाला में अच्छा कार्य करने हेतु पंचायत उन्नत सूचकांक के आधार पर वित्त वर्ष 23-24 में एवं ए प्लस कैटिगरी में आने हेतु सभी को प्रेरित किया गया। कार्यशाला में जिला पंचायत सदस्य सरस्वती बहेलिया, पूजा सिंह कुशराम सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# देवेंद्र सिंह दादू के नेतृत्व में भव्य कावड़ यात्रा का हुआ आयोजन



**जागरण, सीधी।** संगीतमय माहौल में भारी संख्या में शिव भक्त बढ़ौरा धाम पहुंचे। घरों से निकलकर लोगों ने जगह-जगह कावड़ यात्रा का भव्य स्वागत किया। पवित्र श्रावण मास में गत वर्ष की भांति इस वर्ष भी देवेंद्र सिंह दादू की अगुवाई में एक दिवसीय कावड़ यात्रा 4 अगस्त को शिवपुर मरसरहा ग्राम से बढौरा धाम के लिए सुबह 6 बजे पूजा-पाठ के साथ सोनभद्र से जल लेकर रवाना हुई। उपरोक्त यात्रा संगीतमय माहौल में शिव भक्तों के साथ पैदल प्रारंभ हुई और सीधी जिले का भ्रमण करते हुए मुख्य मार्गो से गुजरते हुए शिव धाम बढौरा तक देर रात पहुंची। कार्यक्रम के आयोजक देवेंद्र सिंह दादू ने बताया कि यह यात्रा शिवपुर मरसरहा ग्राम से प्रारंभ हुई। यात्रा का रूट पहले से ही तय किया गया था जिसमे शिवपुर, अमरपुर बाजार, हनुमान चौक, अटल चौक, करौंदी, गहनौआ मंदिर, खैरा, रजडिहा, कुचवाही, शिवपुरवा, उपनी, टर्री, जोगीपुर तोरण द्वार, डैनिहा, सम्राट चौक, गांधी चौक, लालता चौक, नया बस स्टैंड, जमोड़ी तोरण द्वार, सोनवर्षा टोल प्लाजाए बढौरा तिराहा से होते हुए अंत में शिव धाम बढ़ौरा में भक्तिमय माहौल में समाप्त हुई। इस अवसर पर संगीतमय भजन का आयोजन भी किया गया जिसमें कलाकारों ने कई भक्ति गीत प्रस्तुत किये। बढ़ौरा शिव धाम में भक्तों के लिए भंडारे एवं प्रसाद का आयोजन भी किया गया था। इस अवसर पर हजारों की भीड़ देवेंद्र सिंह दादू के साथ जिले के प्रमुख मार्गो से होते हुए स्वागत, वंदन, अभिनंदन के साथ अपने गंतव्य स्थान तक पहुंची। यात्रा के दौरान जगह-जगह उनका स्वागत किया गया। जिसमें कांग्रेसी नेताओं सहित अन्य पार्टी के नेताओं, समाजसेवियों द्वारा स्वागत किया गया है। हनुमान चौक में सुनील कुशवाहा, प्रकाश गुप्ता, अटल चौराहा में राजेश सिंह, शिवमोहन सिंह, प्रकाश सिंह, सोनू सिंह, अमित सिंह, इंद्रदेव सिंह, आयुष सिंह एवं सहयोगी साथी, दुअरा में शिवम पब्लिक स्कूल के संचालक एवं समस्त शिक्षकगण, करौदी सरस्वती शिशु मंदिर के संचालक, शिक्षक गण, नन्हे मुन्हें बच्चे, मनीष शुक्ला, अरुण सिंह, अभिषेक शुक्ला, खैरहा में राजेश द्विवेदी, संदीप द्विवेदी, विद्याप्रसाद द्विवेदी, सूरज द्विवेदी सहित जगह-जगह भारी संख्या में लोगों के द्वारा स्वागत किया गया।

## लापता नाबालिग किशोरी सकुशल दस्तयाब

**जागरण, सीधी।** पुलिस अधीक्षक डॉ. रविंद्र वर्मा के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविन्द श्रीवास्तव एवं उप पुलिस अधीक्षक मुख्यालय अमन मिश्रा के मार्गदर्शन तथा थाना प्रभारी जमोड़ी उनि दिव्य प्रकाश त्रिपाठी के नेतृत्व में जमोड़ी पुलिस द्वारा एक लापता नाबालिक किशोरी को सकुशल दस्तयाब कर वैधानिक कार्रवाई उपरांत परिजनों के सुपुर्द किया गया। मिली जानकारी के अनुसार 4 अगस्त को एक परिजन द्वारा थाना जमोड़ी में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि उनकी नाबालिक किशोरी घर से लापता है। परिजनों द्वारा आसपास के क्षेत्रों एवं रिश्तेदारों में तलाश करने पर भी कोई सुराग नहीं मिला। रिपोर्ट में यह भी आशंका जताई गई कि कोई व्यक्ति किशोरी को बहला-फुसलाकर ले गया है। थाना प्रभारी के नेतृत्व में एक टीम को तलाश में लगाया गया। मात्र 24 घंटे के भीतर त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने किशोरी को सकुशल दस्तयाब कर थाने लाया।

# सीधी शहर में गहराया जल संकट, नलों से नहीं मिलता पानी



जागरण लापरवाही

## पावर पम्प के जलने से जल संकट की स्थिति निर्मित

### एक दिन के अंतराल से नल से मिल रहा है पानी



जागरण, सीधी

भरे बरसात में सीधी शहर में जल संकट गहराया हुआ है। नल से पानी ना मिलने के कारण लोग काफी परेशान हैं। यह समस्या करीब एक महीने से निर्मित है। सोन नदी के कुर्रवाह घाट में लगे एक पावर पम्प के जल जाने के कारण शहर में एक दिन के अंतराल से नल में पानी की सप्लाई की जा रही है। बताते चलें कि सीधी शहर की नल-जल सप्लाई व्यवस्था सोन नदी से जुड़ी हुई है। सोन नदी के कुर्रवाह घाट में पानी की सप्लाई के लिये दो पावर पम्प लगाये गये हैं। इन पावर पम्पों से बारी-बारी से पानी की सप्लाई सोन नदी से सीधे मधुरी स्थित फिल्टर प्लांट में की जाती है। 24 घंटे सोन नदी से पानी की सप्लाई फिल्टर प्लांट में करने की व्यवस्था बनाई गई है। करीब एक माह से तेज बारिश एवं बाणसागर बांध के गेटों को खोल देने से सोन नदी में जल स्तर काफी बढ़ गया है। जिसके चलते पावर पम्पों से संबद्ध पाइप लाइन में लगातार सोन नदी से रेता आने के कारण एक पावर पम्प जल गया। पावर पम्प के जलने पर इसको सुधार के लिये सतना भेजा गया है। वहां पावर पम्प के सुधार में भी कई दिनों का समय लग रहा है। अब भी करीब एक सप्ताह में पावर पम्प के आने की संभावना बताई जा रही है। उधर नगर पालिका सूत्रों का कहना है कि नगर पालिका परिषद द्वारा एक और पावर पम्प की खरीदी की प्रक्रिया चल रही है। एक नवीन पावर पम्प आ जाने के बाद पम्प जलने के बाद जल संकट की स्थिति इतनी गंभीर आगे नहीं रहेगी। उधर भरे बरसात में घरों मे लगे नलों से पानी की बजाय हवा निकल रही है और लोग पानी की व्यवस्था को लेकर काफी परेशान हैं। तत्संबंध में बाजार क्षेत्र के वार्डवासियों का कहना था कि स्थिति यह है कि कभी नल से पानी मिलता है और कभी नहीं मिलता। कुछ वार्डो में स्थिति यह है कि यदि नल से पानी आना शुरू भी हुआ हो 5-6 बाल्टी से ज्यादा नहीं आता। मिश्रा कालोनी के रहवासियों का कहना है कि एक माह से पानी को लेकर बड़ा भटकाव बना हुआ है। यदि नल से पानी शुरू भी हुआ तो 5-6 बाल्टी से ज्यादा नहीं मिलता। साथ ही पानी भी काफी गंदा एवं प्रदूषित आता है। नल से पानी ना आने पर मोहल्लों मे टैंकर से पानी आपूर्ति की व्यवस्था भी नहीं बनाई गई है। जिसके चलते लोगों को हैण्डपम्पों की तलाश में भटकने एवं वहां अपनी बारी आने पर पानी लेने की मजबूरी बनी हुई है। यह समस्या कोटहा, आजार नगर, पटेल पुल, अमहा, सराफा बाजार, सर्वोदय चौक, सब्जी मंडी क्षेत्र, लालता चौक, पुरानी गल्ला मंडी क्षेत्र, गोपालदास मार्ग में काफी ज्यादा गंभीर बनी हुई है। लोग यह नहीं समझ पा रहे हैं कि आखिर इतने दिनों से पानी की समस्या क्यों बनी हुई है। वहीं जिम्मेदार लोग शहर के बाजार क्षेत्र में बने जल संकट को लेकर इतने लापरवाह क्यों बने हुये हैं।

> नल से करीब एक महीने से पानी मिलने को लेकर पूरी तरह से अनिश्चितता बनी हुई है। कभी पानी आता है और कभी पानी नहीं आता। पानी अगर आता भी है तो 5-6 बाल्टी पानी आने के बाद नल बंद हो जाता है। सबसे ज्यादा समस्याएं घर की महिलाओं को पानी न मिलने से हो रही है।
>
> **श्रीमती ऊषा सोनी**
> **निवासी वार्ड क्रमांक 17**

> शहरी क्षेत्र में नल से पानी मिलने को लेकर इन दिनों हो रही परेशानी का मुख्य कारण सोन नदी के कुर्रवाह घाट में लगे एक पावर पम्प के जल जाने से निर्मित है। इसके लिये सभी प्रयास किये जा रहे हैं।
>
> **रजनीश श्रीवास्तव, पार्षद**
> **वार्ड क्रमांक 14**

> शहर की नल-जल व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। नल से पानी नहीं मिलता और टैंकर से भी पानी की सप्लाई करने की जरूरत नहीं समझी जा रही है। समझ में नहीं आता कि भरे बरसात में जल संकट क्यों निर्मित है।
>
> **योगेश सिंह, निवासी वार्ड क्रमांक 17**

> वार्ड क्षेत्र में नल से पानी ना आने की शिकायत नगर पालिका सीएमओ से की गई तो बताया गया कि मोटर पम्प खराब है इस वजह से व्यवस्थाएं फिलहाल प्रभावित हैं। जल्द ही व्यवस्था में सुधार करने का आश्वासन दिया गया है।
>
> **श्रीमती सोनम सोनी, पार्षद**
> **वार्ड क्रमांक 17**

> शहर की नल-जल व्यवस्था सोन नदी से जुड़ी हुई है। वहां एक पावर पम्प के जल जाने से वर्तमान में एक दिन के अंतराल से पानी देने की व्यवस्था बनाई गई है। सतना से पावर पम्प के आने पर लगभग एक सप्ताह के अंदर नल-जल सप्लाई नियमित हो जायेगी।
>
> **शीलाध्वज सिंह, प्रभारी**
> **जल शाखा, नपा सीधी**

संस्थापक ▸ गुरुदेव गुप्त

संपादकीय

## मसविदा मतदाता सूची से आयोग की प्रक्रिया पर उठ रहे सवाल

**हर पात्र नागरिक का मताधिकार सुरक्षित रहे, इसका जिम्मा चुनाव आयोग पर है। ऐसे में किए गए विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत तैयार की गई मसविदा मतदाता सूची से राज्य के पैंसठ लाख लोगों का बाहर होना चौंकाने वाला कदम है।**

किसी देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में मताधिकार का सबसे बड़ा महत्व होता है। इस लिहाज से भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र है, क्योंकि यहां मताधिकार प्राप्त नागरिकों की संख्या विश्व में सबसे ज्यादा है। हर पात्र नागरिक का मताधिकार सुरक्षित रहे, इसका जिम्मा चुनाव आयोग पर है। ऐसे में बिहार विधानसभा चुनाव के लिए आयोग की ओर से किए गए विशेष गहन पुनरीक्षण के तहत तैयार की गई मसविदा मतदाता सूची से राज्य के पैंसठ लाख लोगों का बाहर होना चौंकाने वाला कदम है।

सवाल है कि आखिर इतनी बड़ी संख्या में मतदाता कहां चले गए? चुनाव आयोग का दावा है कि इनमें से अधिकतर व्यक्तियों की या तो मौत हो चुकी है या वे राज्य से पलायन कर चुके हैं, यानी किसी दूसरे राज्य में रह रहे हैं। इस पूरी प्रक्रिया पर मुख्यतः दो कारणों से सवाल उठ रहे हैं। पहला, विधानसभा चुनाव में कुछ माह शेष रहने पर ही यह प्रक्रिया शुरू क्यों की गई? दूसरा, चुनाव आयोग की ओर से तय की गई नागरिकता प्रमाणपत्र नियमावली में आधार, मतदाता पहचान-पत्र और राशन कार्ड को वैध दस्तावेज के रूप में शामिल क्यों नहीं किया गया? इसके जवाब में चुनाव आयोग के पास अपने तर्क हैं, मगर कई सामाजिक संगठन और विपक्षी दल इनसे इत्तिफाक नहीं रखते। सवाल यह भी उठ रहा है कि मसविदा सूची से बाहर हुए लोग अगर मतदान के पात्र नहीं थे तो पहले उनका पंजीकरण कैसे हुआ और किस आधार पर उन्हें मतदाता पहचान-पत्र जारी किया गया? व्यवस्था में खामी पहले थी या अब है, इसका जवाब आना चाहिए। यह भी सामने आ रहा है कि बांग्लादेशी और रोहिंग्या लोगों ने फर्जी तरीके से मतदाता पहचान पत्र बनवा लिए हैं। एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि जिन लोगों के पास चुनाव आयोग की नियमावली के अनुरूप अपनी नागरिकता सिद्ध करने का प्रमाणपत्र नहीं है, उन्हें उसे बनवाने में वक्त लग सकता है और अगर निर्धारित समय पर यह सब नहीं हो पाया, तो वे मताधिकार से वंचित हो सकते हैं।

विपक्षी दल यह आरोप भी लगा रहे हैं कि चुनाव आयोग की ओर से शुरू में यह आश्वासन दिया गया था कि मतदाता सूची से हटाए गए प्रत्येक नाम की जानकारी कारण सहित सभी राजनीतिक दलों के साथ साझा की जाएगी, मगर अब ऐसा नहीं किया जा रहा है। वहीं, सत्ता पक्ष का कहना है कि बिहार में बड़ी संख्या में बांग्लादेशी और रोहिंग्या रह रहे हैं और उनमें से ज्यादातर ने फर्जी तरीके से मतदाता पहचान-पत्र बनवाए हैं। ऐसे में उन्हें मतदाता सूची से बाहर करना जरूरी है। बहरहाल, इसमें दोराय नहीं है कि निर्वाचन आयोग की ओर से मतदाता सूचियों का समय-समय पर अद्यतन जरूरी है, ताकि मतदान की शुचिता बनी रहे। मगर, यह भी आवश्यक रूप से सुनिश्चित किया जाना चाहिए कि कोई पात्र नागरिक बेवजह परेशान न हो और न ही वह मतदान के अधिकार से वंचित हो।

# पाकिस्तान की पीठ पर हाथ रख कर ट्रंप दे रहे तनाव

अंतर्राष्ट्रीय व्यापार

आलोक जोशी



**अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप भारत के सामने पाकिस्तान की पीठ पर हाथ रखने का दांव खेल रहे हैं। अमेरिका यही तो दशकों से करता आया है। आखिर ट्रंप के इस हाव-भाव के पीछे क्या वजह हो सकती है और अब इसके आगे का रास्ता क्या है? भारत को दोस्त बताने के पीछे ट्रंप की मंशा साफ है। उनकी नजर भारत के विशाल बाजार पर है, जो वह किसी कीमत पर खोना नहीं चाहते।**

लंबी खींचतान के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारत पर टैरिफ, यानी सीमा शुल्क लगाने का एलान कर ही दिया। हालांकि, बाद में इसे एक हफ्ते में लागू करने की घोषणा की गई, मगर 25 फीसदी शुल्क और रूस से आयात पर जुर्माना हमारे लिए किसी बड़े झटके से कम नहीं है। भारत के ज्यादातर व्यापार संगठन, कारोबारी और विशेषज्ञ भी 15 से 20 प्रतिशत टैरिफ की उम्मीद पाल रहे थे। और, उसमें भी उन्हें उम्मीद थी कि थोड़ी सौदेबाजी के बाद कई चीजों पर छूट मिल सकती है। फिलहाल ऐसा होता हुआ नहीं दिख रहा। ट्रंप ऐसा कर सकते हैं, इसकी आशंका तो थी, मगर इतना और इस अंदाज में करेंगे, यह शायद कम लोगों ने सोचा था। जाहिर है, इस खबर से हड़कंप मच गया और इतने पर ही बस नहीं। ट्रंप ने दो और कारनामे किए। भारतीय समय के मुताबिक, गुरुवार की सुबह उन्होंने एक्स पर फिर अपनी पोस्ट डाली, 'मुझे परवाह नहीं है कि भारत रूस के साथ क्या करता है। वे दोनों मिलकर अपनी मरी हुई अर्थव्यवस्थाओं को गर्त में ले जा सकते हैं, मुझे क्या!' और, दूसरा दांव उन्होंने यह चला कि पाकिस्तान के साथ एक सौदा भी कर डाला। ट्रंप ने भारत को चिढ़ाने के अंदाज में ट्रूथ सोशल पर लिखा- 'हमने एक करार किया है, जिसके तहत पाकिस्तान और अमेरिका मिलकर पाकिस्तान के विशाल तेल भंडार के विकास का काम करेंगे। हम उस कंपनी का चुनाव कर रहे हैं, जो इस साझेदारी को आगे बढ़ाएगी। कौन जाने, आगे चलकर वह भारत को ही तेल बेचने लगे।' मतलब साफ है, भारत के सामने वह पाकिस्तान की पीठ पर हाथ रखने का दांव खेल रहे हैं। अमेरिका यही तो दशकों से करता आया है। आखिर ट्रंप के इस हाव-भाव के पीछे क्या वजह हो सकती है और अब इसके आगे का रास्ता क्या है? भारत को दोस्त बताने के पीछे ट्रंप की मंशा साफ है। उनकी नजर भारत के विशाल बाजार पर है, जो वह किसी कीमत पर खोना नहीं चाहते। अमेरिका में भारतवंशियों का एक बड़ा समुदाय भी है, जिसे नाराज करना अब शायद वहां भी किसी राजनेता के लिए महंगा सौदा है। भारतीय और अमेरिकी अधिकारियों के बीच व्यापार-वार्ता के कई दौर इस बात के सुबूत हैं कि दोनों ही पक्ष इस मामले को महत्वपूर्ण मानते हैं। अमेरिका दुनिया भर में अपना माल बेरोक-टोक बेचना चाहता है और बदले में दूसरे देशों को टैरिफ में कुछ रियायत का चारा डाल रहा है। मगर अब एक चीज साफ दिख रही है। भारत अमेरिका को एकदम खुला मैदान देने को राजी नहीं है, खासकर दुग्ध और कृषि उत्पादों के मामले में। साफ है कि अमेरिका की मंशा पूरी नहीं हो पा रही है। ट्रंप का आक्रामक अंदाज और पाकिस्तान का इस्तेमाल इसका साफ संकेत है।

टैरिफ के एलान के बाद से जितने भी जानकारों की राय सामने आई है, टैरिफ के असर पर बात करने से पहले उन सभी का यह मानना है कि यह ज्यादा दिन का मामला नहीं है, ट्रंप सौदेबाजी में भारत पर दबाव बनाने के लिए यह पैंतरा आजमा रहे हैं और जब समझौता हो जाएगा, तो तस्वीर बदल जाएगी। यदि ऐसा नहीं हुआ, तो भारत की कंपनियों को या अर्थव्यवस्था को कितना नुकसान हो सकता है, इस पर अलग-अलग राय हैं। कुछ जानकार मानते हैं कि जीडीपी पर आधे प्रतिशत तक का असर दिख सकता है। मगर बाजार के एक बड़े खिलाड़ी ने मजाकिया अंदाज में हिसाब जोड़कर दिखाया कि भारत अमेरिका को जो निर्यात करता है, वह भारत के जीडीपी का करीब-करीब दो प्रतिशत होगा। अगर इसमें 10 प्रतिशत की गिरावट आई, तो वह होगा, जीडीपी का 0.2 प्रतिशत। अभी भारत की विकास दर छह प्रतिशत से ऊपर है। यानी, इस घाटे से पार पाने के लिए बारह दिन के बराबर ज्यादा काम करना पड़ेगा। हालांकि, कुछ अर्थशास्त्रियों का कहना है कि जीडीपी बढ़ने की रफ्तार कम से कम 0.4 प्रतिशत तक गिर सकती है। वैसे, समझौता हो भी गया, तो उसमें कितनी रियायत मिल सकेगी, कहना मुश्किल है। मगर अमेरिकी अर्थव्यवस्था में तीन प्रतिशत की ग्रोथ आने पर ढोल-ताशे के साथ अपनी पीठ थपथपाने वाले डोनाल्ड ट्रंप साढ़े छह प्रतिशत की रफ्तार से बढ़ने वाली भारतीय अर्थव्यवस्था को आखिर 'मरी हुई अर्थव्यवस्था' किस हक से कह सकते हैं? भारत सरकार ने इस मामले में संयम और बड़प्पन दिखाया है। मगर वाणिज्य मंत्री पीयूष गोयल ने बाकायदा गिनाया है कि भारत की अर्थव्यवस्था किस तरह तमाम बाधाओं के बावजूद तेजी से बढ़ रही है। उन्होंने व्यापार समझौते की राह में आ रही अड़चनों का जिक्र भी किया और बताया कि केंद्र सरकार किन-किन वर्गों के हितों की रक्षा के लिए डटी हुई है। मगर साथ ही उन्होंने यह भी साफ किया कि भारत एक ऐसा समझौता चाहता है, जिसमें दोनों देशों का फायदा हो।

उधर, अमेरिकी वाणिज्य मंत्री स्कॉट बेसेंट ने कहा है कि बातचीत का भविष्य अब भारत के हाथों में है, हमारी टीम तो भारत से हताश हो गई है। इस हताशा का ही असर ट्रंप के फैसले और उनके अंदाज में दिख रहा है। इसमें पाकिस्तान का सहारा लेना ही दिखा रहा है कि वह हताशा के किस चरण तक पहुंच चुके हैं। हालांकि, उनके उस बयान की काफी चीर-फाड़ भी हो चुकी है और माना यही जा रहा है कि पाकिस्तान ने या अमेरिका की पाक समर्थक लॉबी ने डोनाल्ड ट्रंप को झांसा दे दिया है। पाकिस्तान में तेल खोजने की अनेक कोशिशें नाकाम हो चुकी हैं और अगर वास्तव में इतना बड़ा तेल भंडार उसके पास होता, जिसके ख्याली पुलाव ट्रंप पका रहे हैं, तो वहां पेट्रोल 250 रुपये लीटर क्यों बिक रहा होता? दरअसल, ट्रंप प्रशासन ने विशिष्ट द्विपक्षीय शक्ति गतिशीलता के अनुसार, विभिन्न दबाव रणनीतियां लागू की हैं। वह दृढ़ स्थिति को दरकिनार करते हैं, सैन्य उलझनों (जो लंबे समय से अमेरिकी प्राथमिकता रही है) के खिलाफ हैं और टैरिफ को हथियार बनाना पसंद करते हैं, जिसका उन्होंने विरोधियों और सहयोगियों, दोनों के खिलाफ इस्तेमाल किया है। हमने विघटनकारी तकनीकों के बारे में सुना है, डोनाल्ड ट्रंप विघटनकारी शासन के सर्वोच्च चैंपियन हैं। उन्हें टैरिफ बहुत पसंद है, जिसे वे शब्दकोश का सबसे सुंदर शब्द कहते हैं।

आगे क्या होगा? डोनाल्ड ट्रंप हमें अपने बेकार एफ-35 बेचने की कोशिश करते रहेंगे और हम उनका विरोध करेंगे। वह 14 अगस्त, 2025 को पाकिस्तान के निर्माण दिवस परेड में मुख्य अतिथि होंगे। वाशिंगटन क्वाड पर धीमी गति से काम करेगा और यूक्रेन-रूस तथा इस्राइल-ईरान युद्धों पर अपना ध्यान केंद्रित रखेगा, ताकि उन्हें समाप्त होने से रोका जा सके। शेयर बाजार ने भी शुरुआती झटके के बाद टैरिफ का असर करीब-करीब झाड़ फेंका। ज्यादातर लोगों की राय यही है कि कुछ दिन की सौदेबाजी के बाद भारत और अमेरिका के बीच एक बेहतर समझौता होने के आसार अभी खत्म नहीं हुए हैं। यह उम्मीद इस बात पर भी टिकी हुई है कि इन टैरिफों की कीमत अमेरिकी उपभोक्ताओं को ही चुकानी है, क्योंकि उन्हें ही महंगा सामान खरीदकर यह ड्यूटी भरनी होगी। इसलिए भी जानकार मानते हैं कि ट्रंप बहुत लंबे समय तक किसी भी देश पर बहुत ऊंचा टैरिफ लगाकर नहीं रख सकते।

# छोटे कारोबारियों की समझ से परे हैं जीएसटी के नियम

कर संरचना

मधुरेंद्र सिन्हा




**दो तरह के सामान, जो मिलकर एक उत्पाद बनते हैं, उन पर अलग-अलग टैक्स दरें हैं। यह कारोबारियों के लिए एक परेशानी है। जीएसटी के नियम इतने सरल हों कि छोटे कारोबारियों को भी ये आसानी से समझ में आएं। इसे सिर्फ राजस्व उगाही का माध्यम नहीं होना चाहिए।**

भारत में आर्थिक उदारीकरण के बाद सबसे बड़े आर्थिक सुधार के तहत वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) की परिकल्पना की गई। इसे टैक्स वसूली तथा कारोबारियों को राहत देने की दिशा में एक गेम चेंजर माना गया। लेकिन इसकी शुरुआत से लेकर अब तक कई तरह की समस्याएं आती रही हैं। कारोबारियों को बताया गया कि उनके लिए टैक्स भरना पहले से भी आसान होगा, लेकिन ऐसा नहीं हुआ। जीएसटी को सुचारु ढंग से लागू करने के लिए एक जीएसटी काउंसिल बनाई गई थी, जिसमें सभी राज्यों के प्रतिनिधि थे। अब भी जीएसटी काउंसिल ही इसका काम देखती है। यह भारत सरकार के वित्त विभाग के अंतर्गत नहीं है। केंद्रीय वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण इसकी अध्यक्षता भर करती हैं। उन्हें अपने बूते कोई फैसला करने का अधिकार नहीं है। वहां जो भी फैसले होते हैं, वे बहुमत से होते हैं।

इसी कारण कई बार कुछ बड़े फैसले अटक जाते हैं। जनता की तरह वित्तमंत्री की भी इच्छा रही है कि पेट्रोल-डीजल को जीएसटी के दायरे में लाया जाए, ताकि पूरे देश में इसका मूल्य एक समान हो, पर बहुत से सदस्य इसका विरोध करते हैं। वे अपने राज्य के हित में ऐसा नहीं होने देते। जब भी किसी राज्य को अपना राजस्व बढ़ाना होता है, वह तुरंत ही पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ा देता है। इसका सबसे बड़ा उदाहरण है कर्नाटक, जहां इनकी कीमतें सबसे ज्यादा हैं। अगर यह जीएसटी के दायरे में होता, तो ऐसा संभव नहीं था। कारोबारी और व्यापारी भी अब तक जीएसटी भुगतान में सहज नहीं हो पाए हैं। जीएसटी में कई विसंगतियां हैं। मसलन, दो तरह के सामान, जो मिलकर एक उत्पाद बनते हैं, उन पर अलग-अलग टैक्स दरें हैं। यह कारोबारियों के लिए एक परेशानी है। अगर हम भारत के पॉपुलर स्नैक बन मस्का को देखें, तो पाएंगे कि बन पर टैक्स की दर अलग है और मस्का यानी मक्खन पर अलग। अब व्यापारी किस दर से टैक्स लेगा? रेस्तरां में रोटी पर कम टैक्स है, तो पराठे पर ज्यादा। बिना एसी वाले रेस्तरां के लिए अलग दर है, तो एसी वाले के लिए अलग। खुले सामान पर कोई टैक्स नहीं है, लेकिन पैकेट में आते ही उस पर टैक्स लगेगा। ऐसे सैकड़ों उदाहरण हैं, जो जीएसटी की विसंगतियां बताते हैं। इसके अलावा कई सेवाओं पर 18 फीसदी का भारी-भरकम टैक्स भी है। एक ओर सरकार जनस्वास्थ्य को लेकर चिंता जताती है, तो दूसरी ओर जीएसटी काउंसिल ने हेल्थ इंश्योरेंस पर 18 फीसदी जीएसटी लगाई है। कारोबारियों की मांग है कि टैक्स दरों में विसंगति न हो और उन्हें तार्किक बनाया जाए। इस समय टैक्स के चार स्लैब हैं- 5,12,18 और 28 फीसदी। इन्हें घटाकर तीन स्लैब करना चाहिए। इन दरों को तर्कसंगत बनाने से वैधानिक मामले कम हो जाएंगे। साथ ही, जीएसटी की रिटर्न प्रणाली और इनपुट टैक्स क्रेडिट नीति में भी बदलाव की जरूरत है। जीएसटी लागू हुए आठ वर्ष हो गए, लेकिन इसके नियमों में हर महीने बदलाव होते रहते हैं, जिससे व्यापारियों में भ्रम पैदा होता है। दूसरी तरफ, सरकार की शिकायत है कि अब भी जीएसटी की बड़े पैमाने पर चोरी हो रही है। कई राज्यों में भ्रष्ट अधिकारियों की मिलीभगत से चोरी हो रही है। वर्ष 2022-23 में देश में दो लाख करोड़ रुपये की टैक्स चोरी पकड़ी गई। पिछले पांच वर्षों में केंद्रीय जीएसटी अधिकारियों ने टैक्स चोरी के 86,717 मामलों का पता लगाया, जिससे 6.79 लाख करोड़ रुपये की हेराफेरी का पता लगा। जीएसटी नियम निर्माण से लंबे समय जुड़े रहे सुमित दत्त मजूमदार कहते हैं कि जीएसटी के नियमों को इतना सरल कर दिया जाना चाहिए कि छोटे से छोटे कारोबारी को भी यह आसानी से समझ में आ जाए। टैक्सेशन सिर्फ राजस्व उगाही का माध्यम नहीं होना चाहिए, यह जनता के हित में भी होना चाहिए। कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के संस्थापक और महासचिव प्रवीण खंडेलवाल, जो अब सांसद हैं, कहते हैं कि जीएसटी को बेहतर बनाने के लिए कई कदम उठाए जा रहे हैं। बिहार के वित्तमंत्री सम्राट चौधरी अभी इसकी कमान संभाल रहे हैं। उन्होंने वित्त मंत्रियों के समूह में इस पर काफी चर्चा की है। इसे और सरल बनाने, स्लैब कम करने एवं व्यापारियों की समस्याओं को सुलझाने के लिए बातचीत हुई है।

अगले महीने जीएसटी कांउसिल की बैठक में इन पर विचार होगा। कुछ चीजों और सेवाओं पर जीएसटी की दर घटाने की भी बात चल रही है। बताया जाता है कि प्रधानमंत्री ने भी इसमें दिलचस्पी दिखाई है, इसलिए उम्मीद है कि जीएसटी काउंसिल इसमें आमूल-चूल बदलाव करेगी। टैक्स के स्लैब घटाए जाएंगे, सरलीकरण की प्रक्रिया पर जोर दिया जाएगा और कुछ सेवाओं एवं वस्तुओं पर टैक्स घटाए जाने की भी उम्मीद है। बस काउंसिल की बैठक का इंतजार है।

प्रसंगवश

## युवा क्रिकेटरों ने रच दिया इंग्लैंड की धरती पर इतिहास

**भारतीय युवा खिलाड़ियों ने क्रिकेट पंडितों की उन तमाम भविष्यवाणियों को बेकार साबित किया, जो इंग्लैंड टीम द्वारा श्रृंखला जीतने के दावे कर रहे थे। भारतीय टीम ने यह भी साबित किया कि वह विदेशी धरती में, विषम परिस्थितियों में व नामचीन खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में भी जीत की इबारत लिख सकती है।**

सही मायनों में, दिग्गज क्रिकेटरों की अनुपस्थिति में युवा भारतीय क्रिकेटरों ने इंग्लैंड की धरती पर नया इतिहास रचा है। ओवल टेस्ट में उन्होंने इंग्लैंड के मुंह से जीत छीन ली। जो मैच इंग्लैंड के पाले में जाता दिख रहा था, उसे अपनी जीत में बदल दिया। लगातार रोमांचक होते मैच को जीतकर टीम ने न केवल मैच जीता बल्कि श्रृंखला को भी दो-दो से बराबरी पर ला खड़ा किया। युवा खिलाड़ियों ने उन तमाम क्रिकेट पंडितों की भविष्यवाणियों को बेकार साबित किया, जो इंग्लैंड टीम द्वारा श्रृंखला जीतने के दावे कर रहे थे। ओवल टेस्ट के अंतिम क्षणों में मोहम्मद सिराज ने तो मैच का पासा ही पलट दिया। मैच के रोमांच ने बताया कि क्यों क्रिकेट पंडित टेस्ट क्रिकेट को असली क्रिकेट की संज्ञा देते हैं। भारत के धुरंधर क्रिकेटरों के बिना इंग्लैंड के खिलाफ उतरी इस टीम ने कई इतिहास रचे, कई रिकॉर्ड तोड़े और नये रिकॉर्ड बनाए। भारतीय क्रिकेट के पिछले 93 साल के इतिहास में यह पहली बार हुआ कि किसी श्रृंखला में पांच भारतीय बल्लेबाजों ने चार सौ से अधिक रन बनाए हों। यह उपलब्धि इसलिए भी महत्वपूर्ण हो जाती है कि भारतीय खिलाड़ियों ने ये रन तेज गति व उछाल लेती पिचों के बीच बनाये। उन्होंने पूरे दमखम के साथ तेज ब्रिटिश गेंदबाजों का मुकाबला किया। दरअसल, लीड्स व लॉर्ड्स के मैच भारतीय टीम को करीबी मुकाबले में खोने पड़े अन्यथा टीम श्रृंखला भी जीत सकती थी। कप्तान शुभमन गिल की इसलिए भी तारीफ करनी होगी कि उन्होंने विदेशी पिच पर कप्तानी के दबाव के बीच भरपूर व सर्वाधिक रन बनाये। कई रिकॉर्ड्स उनकी सफल कप्तानी के गवाह हैं। मोहम्मद सिराज ने निर्णायक भूमिका निभाते हुए न केवल अंतिम कीमती विकट लिए बल्कि पूरे मैच में नौ विकेट लेने के कारण 'मैन ऑफ द मैच' भी बने। वहीं प्रसिद्ध कृष्णा ने भी दोनों पारियों में चार-चार विकेट लेकर अपने नाम के अनुरूप प्रसिद्धि हासिल की। ओवल मैच में यशस्वी जायसवाल, आकाशदीप, रवींद्र जडेजा और वॉशिंगटन के बल्लों से निकले रन भी इस जीत में खूब काम आए। सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि भारतीय टीम ने यह भी साबित किया कि वह विदेशी धरती में, विषम परिस्थितियों में व नामचीन खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में भी जीत की इबारत लिख सकती है। लगता है जूझते हुए आसन्न हार को जीत में बदलने का हुनर भी टीम ने सीख लिया। जीत के जुनून को हर समय महसूस किया गया। संयुक्त रूप से मैन ऑफ द सीरीज बने शुभमन गिल के बल्ले से खूब रन बरसे। वे इस श्रृंखला में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज भी बने। श्रृंखला में मोहम्मद सिराज नये सितारे बनकर उभरे और उन्होंने सिरीज में सबसे ज्यादा 23 विकेट लिए। निस्संदेह, यह रोमाचक श्रृंखला टेस्ट क्रिकेट के 148 साल के इतिहास में एक बेहतरीन श्रृंखला रही।

शुभमन गिल कहीं से नहीं लगे कि वे एक नये कप्तान हैं। वे विराट कोहली और रोहित शर्मा के शानदार विकल्प के रूप में सामने आए हैं। भले ही भारत ने छह रन से ओवल टेस्ट जीता हो मगर यह इतिहास में एक बड़ी जीत के रूप में दर्ज की जाएगी। जिसने हाथ से निकलती सीरीज को बराबरी के स्तर पर ला खड़ा किया। वहीं गिल और सिराज के अलावा इस श्रृंखला में यशस्वी जायसवाल, के.एल. राहुल, ऋषभ पंत,जसप्रीत बुमराह व आकाश दीप जैसे सितारे भी चमके।

निस्संदेह, रवींद्र जडेजा पुराने योद्धा हैं। बहरहाल, शानदार उतार-चढ़ाव भरे पांच मैचों के मुकाबलों ने दर्शाया कि धमाकेदार टी-20 क्रिकेट के दौर में टेस्ट क्रिकेट का क्यों महत्व है। ये उन क्रिकेट पंडितों के लिये जवाब है जो टेस्ट क्रिकेट को बीते दिनों की बात कहने लगे थे।

## ।।गीता।।



**शलोक**

**तद्ड़बुद्धयस्तदात्मानस्तन्निष्ठा स्तत्परायणाः।
गच्छन्त्यपुनरावृत्तिं ज्ञाननिर्धूतकल्मषाः॥**


**भावार्थ**

जिनका मन तद्रूप हो रहा है, जिनकी बुद्धि तद्रूप हो रही है और सच्चिदानन्दन परमात्मा में ही जिनकी निरंतर एकीभाव से स्थिति है, ऐसे तत्परायण पुरुष ज्ञान द्वारा पापरहित होकर अपुनरावृत्ति को अर्थात परमगति को प्राप्त होते हैं।

जीवन दर्शन

# सुख को जोड़कर दुख को घटाने की कला सिखाएं

वर्तमान शिक्षा बच्चों को पढ़ने-लिखने के योग्य तो बनाती है, लेकिन जीवन जीने योग्य नहीं बनाती। कोई बच्चा कक्षा में कुशलता से जोड़-घटाव भले कर ले, जिंदगी में सुख को जोड़कर दुख को घटाने की कला नहीं जानता। उसे सिखाया ही नहीं जाता, क्योंकि यह किसी पाठ्यक्रम का हिस्सा नहीं है। अगर शिक्षा सम्यक हो, तो कामों के साथ जो पद और प्रतिष्ठा जुड़ी है, वह विलीन हो जाएगी। एक आदमी जूते सीता है, एक रोटी बनाता है, एक ईंटें बनाता है। इससे कोई फर्क नहीं पड़ता है। ये सारे लोग जिंदगी को मिल-जुलकर बना रहे हैं। जिंदगी में सब जरूरी है। इसमें ईंटें बनाने वाले लोग जरूरी हैं, इसमें सड़क साफ करने वाले लोग जरूरी हैं, इसमें एक मुल्क के हुकूमत करने वाले लोग जरूरी हैं और कोई किसी से कम नहीं है। सारे लोग मिलकर एक सहयोगी जिंदगी को पैदा कर रहे हैं। भारतीय संस्कृति में उपनिषदों के गुरुकुल हुआ करते थे। ये हमारे प्राचीन विद्यालय थे। चूंकि वे ज्ञानी ऋषियों द्वारा चलाए जाते थे, शिक्षा की ओर देखने



का उनका नजरिया बिल्कुल अलग था। उन्होंने कागजी शिक्षा को कभी महत्व नहीं दिया। एक उपनिषद की कहानी है, जिसे ओशो अक्सर सुनाते हैं- एक गुरुकुल से तीन युवक शिक्षा लेकर वापस लौट रहे थे। उनकी सभी विषयों में परीक्षा ले ली गई थी। केवल 'धर्म' रह गया था। और वे हैरान थे कि धर्म की परीक्षा क्यों नहीं ली गई? वे गुरुकुल से थोड़ी दूर ही गए होंगे कि सूरज ढलने लगा था और रात उतरने को थी। वे जिस पगडंडी से गुजर रहे थे, उस पर बहुत से कांटे पड़े थे। पहला युवक छलांग लगाकर कांटों को पार कर गया। दूसरा युवक पगडंडी छोड़ किनारे से निकलकर पार हो गया। लेकिन तीसरा वहीं रुक गया और उसने कांटों को चुनकर पास की झाड़ी में डाला और तब आगे बढ़ा। शेष दो ने उससे कहा कि यह क्या कर रहे हो, रात बढ़ रही है और हमें शीघ्र ही वन के पार हो जाना है। तीसरा युवक हंसा और बोला, इसीलिए कांटों को चुना कि रात उतरने को है और हमारे बाद जो भी इस राह पर आएगा, उसे ये कांटे दिखाई नहीं देंगे। वे तीनों यह बात कर ही रहे थे कि उनके आचार्य झाड़ी के बाहर आ गए। उन्होंने तीसरे युवक को कहा- तुम धर्म की परीक्षा में भी उत्तीर्ण हो गए। अन्य दोनों युवकों को लेकर वह गुरुकुल वापस लौट गए। उनकी धर्म की शिक्षा अभी पूरी नहीं हुई थी। जीवन की क्या परीक्षा है सिवाय जीवन के? और धर्म तो जीवन ही है। इसलिए जो मात्र परीक्षाएं पास करके यह समझते हैं कि वे शिक्षित हो गए, वे भूल में हैं। वस्तुतः जहां परीक्षाएं समाप्त होती हैं, वहीं असली शिक्षा शुरू होती है, क्योंकि वहीं जीवन शुरू होता है।

-अमृत साधना

## संक्षिप्त खबरें

### योजना के क्रियान्वयन पर रखें गंभीरता: राज्यपाल

**विसं भोपाल।** राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि मुख्यमंत्री दुधारू पशु प्रदाय योजना के प्रत्येक चरण के क्रियान्वयन में गंभीरता रखें। पात्र हितग्राही को योजना का लाभ दिया जाए। योजना के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए अधिकारियों की जिम्मेदारी भी तय हो। विभागीय अधिकारी समय-समय पर हितग्राहियों से संवाद करें। उनके घर जाकर योजना से मिल रहे लाभों की वास्तविक जानकारी लें। हितग्राहियों की कठिनाईयों को गंभीरतापूर्वक सुनकर समाधान करें। राज्यपाल पटेल पशुपालन एवं डेयरी विभाग के अंतर्गत संचालित मुख्यमंत्री दुधारू पशु प्रदाय योजना की समीक्षा कर रहे थे। राजभवन के जवाहर खण्ड सभाकक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक में पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) लखन पटेल भी मौजूद रहे।

### शाह ने रचा कीर्तिमान: सीएम

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह को भारत के गृह मंत्री के रूप में सर्वाधिक सेवा देने के ऐतिहासिक कीर्तिमान पर हार्दिक बधाई और अभिनंदन किया है। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि केन्द्रीय गृह मंत्री के रूप में सर्वाधिक 2 हजार 258 दिनों तक सेवा देने वाले अमित शाह हम सभी के मार्गदर्शक हैं। उन्होंने कहा कि गृह मंत्री श्री शाह के निर्णायक नेतृत्व में भारत ने नक्सलवाद, आतंकवाद पर प्रचंड प्रहार कर एक सुरक्षित, संगठित और सशक्त राष्ट्र की ओर अभूतपूर्व कदम बढ़ाया है।

### पॉक्सो अधिनियम पर कार्यशाला 7 अगस्त को

**विसं भोपाल।** लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण (पोक्सो अधिनियम) विषय पर जागरूकता और प्रशिक्षण के लिए मध्यप्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग द्वारा 7 अगस्त को एक दिवसीय क्षेत्रीय कार्यशाला का आयोजन किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव कुशाभाऊ ठाकरे अंतरराष्ट्रीय कन्वेंशन सेंटर में आयोजित इस कार्यशाला का शुभारंभ करेंगे। कार्यशाला में विशिष्ट अतिथि के रूप में स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह, महिला एवं बाल विकास मंत्री सुश्री निर्मला भूरिया तथा बाल अधिकार संरक्षण आयोग के अध्यक्ष द्रविंद्र मोरे उपस्थित रहेंगे।कार्यशाला में पूरे प्रदेश से महिला एवं बाल विकास, शिक्षा, पुलिस तथा जनजातीय कार्य विभाग के अधिकारी शामिल होंगे।


### नवकरणीय स्रोतों से पूरी होगी ऊर्जा की आपूर्ति

**विसं भोपाल।** नवीन एवं नवकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री राकेश शुक्ला ने कहा कि राज्य सरकार हरित ऊर्जा उत्पादन में अग्रणी भूमिका निभा रही है और निवेशकों के साथ कंधे से कंधा मिलाकर कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का लक्ष्य है कि देश की 50 प्रतिशत ऊर्जा आवश्यकताएं नवकरणीय स्रोतों से पूरी हों।

# 10 लाख की आबादी वाले जिले शामिल होंगे मेट्रोपॉलिटन शहर में

## भोपाल-इंदौर के मेट्रोपॉलिटन शहर बनाने का रास्ता हुआ साफ

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** मध्यप्रदेश विधानसभा ने सोमवार को महानगर क्षेत्र नियोजन एवं विकास विधेयक 2025 पर मुहर लगा दी। इससे अब राजधानी भोपाल और इंदौर को मेट्रोपोलिटन शहर के रुप में विकसित करने का रास्ता साफ हो गया है। मेट्रोपॉलिटिन सिटी एक्ट के अंतगर्त इंडस्ट्रियल बेल्ट चिन्हित किए जाएंगे।





### ऐसे होंगे मेट्रोपॉलिटन शहर

विधेयक में दिए गए प्रावधान के अनुसार मेट्रोपॉलिटन महानगरीय क्षेत्र इंदौर-उज्जैन-देवास-धार को मिलाकर तथा दूसरा भोपाल-सीहोर-रायसेन-विदिशा-ब्यावरा (राजगढ़) को मिलाकर विकसित किया जायेगा। मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र में नगरीय निकायों, पंचायतों और प्राधिकरणों को उनके अधिकारों के हितों की रक्षा करते हुए शामिल किया जायेगा। मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र विकास प्राधिकरण की स्थापना के लिये मेट्रोपॉलिटन प्लानिंग कमेटी का गठन किया जायेगा, जिसकी अध्यक्षता मुख्यमंत्री करेंगे। उपाध्यक्ष के रूप में 3 विभागों के मंत्रीगण, जिनमें नगरीय विकास एवं आवास, पंचायत एवं ग्रामीण और राजस्व विभाग शामिल होंगे। मेट्रोपॉलिटन एरिया के सांसद और विधानसभा के सदस्यों को भी शामिल किया जायेगा। मुख्य सचिव एवं विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों को भी इसमें शामिल किया गया है। इसी के साथ कार्यकारिणी समिति भी होगी, जिसके अध्यक्ष मेट्रोपॉलिटन आयुक्त के साथ विभिन्न विभागों के अधिकारियों को शामिल किया गया है।




### सदन में बोले सीएम

मेट्रोपॉलिटन विधेयक पारित होने पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि विधेयक प्रदेश के आर्थिक और शहरी विकास की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा। उन्होंने कहा कि पहले चरण में भोपाल और इंदौर को शामिल किया गया है,जबकि दूसरे चरण में ग्वालियर,जबलपुर और रीवा को शामिल किया जाएगा।



### महानगरीय क्षेत्र में आधुनिक ट्रांसपोर्ट की सुविधाएं होंगी

महानगर क्षेत्र में 10 लाख या उससे अधिक जनसंख्या वाला ऐसा क्षेत्र, जिसमें एक या अधिक जिले शामिल हों, उन्हें शामिल किया जायेगा। महानगरीय क्षेत्र में आधुनिक ट्रांसपोर्ट की सुविधा होगी। इसी के साथ मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र में पर्यावरण का पूरा ख्याल रखा जायेगा। पार्क के लिये चिन्हित जगहों पर 50 प्रतिशत हिस्से में सघन वन विकसित किये जायेंगे। मेट्रोपॉलिटन विकास के लिये एक अन्य समिति निवेश से संबंधित होगी।

### मंत्री विजयवर्गीय ने दिया जवाब

विधेयक पर चर्चा के उपरांत नगरीय विकास एवं आवास मंत्री कैलाश विजयवर्गीय ने अपने जवाब में कहा कि प्रदेश के 2 मेट्रोपॉलिटन क्षेत्र नियोजित रूप से विकसित होंगे, जो देश के आदर्श मेट्रोपॉलिटन सिटी के रूप में देखे जायेंगे। उन्होंने कहा कि इस विधेयक से केवल बिजली, सड़क से जुड़ी जरूरतें ही नहीं, बल्कि आर्थिक विकास के साथ-साथ रोजगार के अवसर भी पूरे होंगे। उन्होंने कहा कि गरीबों और किसानों के अधिकारों की अनदेखी कर प्रदेश का विकास नहीं किया जायेगा। मेट्रोपॉलिटन सिटी के विकास में जन-प्रतिनिधियों के विचारों का सम्मान करते हुए विशेषज्ञों की राय के साथ विकास किया जायेगा। जन-भागीदारी से इंदौर का विकास किया गया है। इसकी प्रशंसा विदेशों में भी की गयी है। इंदौर पिछले 8 वर्षों से लगातार स्वच्छतम नगर के रूप में अपनी पहचान बनाये हुए है।

### किसान और गरीबों की अनदेखी

चर्चा में भाग लेते हुए नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार ने मेट्रोपॉलिटन एक्ट को लेकर सरकार की मंशा पर सवाल खड़े किए। उन्होंने कहा कि एक्ट में छोटे शहर,किसानों और गरीबों की अनदेखी की गई है। उन्होंने कहा कि मेकिंग मध्यप्रदेश की बात तो हो रही है, लेकिन इसका स्वरूप कब और कैसे साकार होगा, यह अब तक स्पष्ट नहीं है। सरकार किसानों को मुआवजा नही दे पा रही। सरकार कहती है कि 120 इंडस्ट्रियल पार्क बनाए जा रहे हैं , तो उद्योगपतियों को क्यों नहीं कहा जाता कि वे स्वयं बुनियादी ढांचा (इन्फ्रास्ट्र.र) तैयार करें । उन्होंने सुझाव दिया कि महाराष्ट्र की तरह मध्यप्रदेश में भी प्राइवेट इंडस्ट्रियल पार्क की संकल्पना पर काम होना चाहिए और जरूरत पड़े तो सरकार अनुदान दे। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि जिसे सरकार आकांक्षी युवा कहती है, उसे रोजगार कैसे मिलेगा।

### बड़ी आईटी कंपनियां नहीं आ रही

सिंघार ने कहा कि सरकार आईटी सेक्टर की बात करती है, लेकिन आईटी कंपनियां मध्यप्रदेश नहीं आ रहीं। बड़ी कंपनियां बंद हो रही हैं। टूरिज्म सेक्टर में गिरावट है और पर्यावरण से जुड़े मामलों में भ्रष्टाचार हो रहा है।

### सवा लाख लोग प्रदेश से बाहर करा रहे उपचार

नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि प्रदेश के लगभग सवा लाख लोग ऐसे है,जो दूसरे प्रदेशों में जाकर अपना उपचार करा रहे है और सरकार मेडिकल टूरिज्म की बात कर रही है।

### मास्टर प्लान को लेकर सरकार को घेरा

विधेयक पर चर्चा के दौरान कांग्रेस विधायक जयवर्धन सिंह और पंकज उपाध्याय ने मास्टर प्लान में देरी ,किसानों की भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया और छोटे शहरों की उपेक्षा को लेकर सरकार को घेरा। उन्होंने सवाल किया कि आखिर इतने साल हो गए है,फिर भी इंदौर और भोपाल का मास्टर प्लान लंबित है।

## श्रमिकों की सहमति के बिना ओवरटाइम नहीं

म.प्र. दुकान एवं स्थापना अधिनियम 1958 एवं कारखाना अधिनियम, 1948 में संशोधन विधेयक को भी सदन में पारित कर दिया। चर्चा के उपरांत श्रम मंत्री प्रहलाद पटेल ने कहा कि एक्ट में साफ प्रावधान किया गया है कि जब तक श्रमिक नहीं चाहेगा,उससे ओवर टाइम काम नहीं कराया जाएगा।

**अब यह होंगे नियम :** विधेयक में ओव्हर टाईम की संख्या को बढ़ाए जाने का रास्ता साफ कर दिया गया है। इसी प्रकार कारखाना अधिनियम, 1948 में श्रमिकों के कार्य के घंटे, विश्राम अंतराल, स्प्रेड ओवर और अतिकाल के कार्य के घंटे में संशोधन पारित किया गया है।मध्यप्रदेश दुकान एवं स्थापना अधिनियम 1958 की धारा 11 (दुकानों एवं स्थापनाओं) धारा 16 (रेस्टोरेंट एवं इंटिंग एउस) तथा धारा 21 (एम्यूजमेंट एवं विएटर) में एक तिमाही में पूर्व में अतिकाल के 72 घंटे को वर्तमान में 144 घंटे तक का अतिकाल कार्य बढ़ाया गया है। इस संशोधन से कर्मकारों की आर्थिक और सामाजिक स्थिति मजबूत होगी, साथ ही ये अपनी परिवार को गुणयतापूर्ण समय दे सकेंगे।

# सांसद आलोक ने विमानन मंत्री से मांगी सिंगापुर-दुबई फ्लाइट

### गोवा फ्लाइट के लिए कहा धन्यवाद

**जागरण, भोपाल।** सांसद आलोक शर्मा ने केंद्रीय विमानन मंत्री के राममोहन नायडू से मुलाकात कर, भोपाल से दुबई व भोपाल से सिंगापुर के लिए फ्लाइट की मांग की है। संसद भवन के कक्ष में केंद्रीय मंत्री से मुलाकात में सांसद शर्मा ने भोपाल से जम्मू कश्मीर, भोपाल से पटना, भोपाल से चंडीगढ़, भोपाल से कोलकाता, और भोपाल से गोवा के लिए शेड्यूल उ?ानें प्रारंभ करने हेतु मांग पत्र दिया है। भोपाल सांसद के साथ में जबलपुर सांसद आशीष दुबे, खंडवा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल और छिंदवाड़ा के सांसद बंटी विवेक साहू भी उपस्थित थे। सांसद आलोक शर्मा ने केंद्रीय नागरिक उड्डयन मंत्री को बताया कि भोपाल का राजाभोज इंटरनेशनल एयरपोर्ट 2011 में अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए तैयार किया गया। लगभग 225 करोड रुपए खर्च कर इसे इंटरनेशनल स्तर का बनाया गया। जिसका 28 जून 2011 को केंद्रीय विमानन मंत्री वायलार रवि द्वारा इसका लोकार्पण किया गया था। यहां इंटरनेशनल एयरपोर्ट की सारी सुविधाएं हैं। इसके अलावा राजाभोज एयरपोर्ट को सीमा शुल्क और इमिग्रेशन चेक की सुविधाएं भी मिल चुकी हैं। बावजूद इसके भोपाल से अंतर्राष्ट्रीय शेड्यूल उ?ाने अब तक शुरू नहीं हो सकी हैं। भोपाल और आसपास के क्षेत्र की जनता लंबे समय से अंतरराष्ट्रीय उड़ानों के लिए तरस रही है। सांसद शर्मा ने केंद्रीय मंत्री को कहा कि या तो भोपाल से दुबई और सिंगापुर के लिए फ्लाइट प्रारंभ की जाए या फिर इसका इंटरनेशनल का दर्जा खत्म किया जाए।




# कांग्रेस बोली नियुक्ति फर्जी, सरकार ने कहा जांच में ऐसा नहीं

### कांग्रेस ने किया सदन का वहिर्गमन

**विशेष संवाददाता, भोपाल।** विधानसभा में मंगलवार को ध्यानाकर्षण पर चर्चा के दौरान सत्ता और विपक्षी सदस्यों के बीच जमकर बहस हुई। कांग्रेस ने जबलपुर के फर्जी डिग्री वाले अधिकारी पर कार्रवाई की मांग की, तो सरकार ने कहा डिग्री फर्जी नहीं है।

दरअसल विधायक लखन घनघोरिया ने ध्यानाकर्षण प्रस्ताव के माध्यम से जबलपुर स्थित विक्टोरिया हॉस्पिटल में पदस्थ डाटा असिस्टेंट विजय पाण्डेय की संविदा पद पर नियुक्ति में फर्जीवाड़ा करने का मामला उठाया। उन्होंने पाण्डेय की शैक्षणिक योग्यता को फर्जी बताया। उन्होंने कहा कि इस मामले में शिक्षा मंत्री द्वारा डिग्री को फर्जी बताया गया है। मामले में सरकार के विरोधाभासी रवैये को लेकर नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार सहित समस्त कांग्रेस विधायकों ने सरकार पर पक्षपातपूर्ण व्यवहार का आरोप लगाया। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि मंत्री जानबूझकर इस मामले में कार्रवाई नहीं करना चाहते, क्योंकि संभवतः संबंधित अधिकारी को सरकार का संरक्षण प्राप्त है। सरकार के टालमटोल भरे और असंवेदनशील जवाब से असंतुष्ट होकर कांग्रेस विधायक दल ने नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंघार के नेतृत्व में सदन से वॉक आउट कर दिया और मांग की कि ऐसे संवेदनशील मामलों में निष्पक्ष और त्वरित कार्रवाई की जाए।



### सरकार पर फर्जीवाड़े करने वालों को संरक्षण देने के आरोप

अपने जवाब में उपमुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला ने कहा कि इस मामले की जांच कराई गई है, जिसमें डिग्री फर्जी नहीं होने की बात सामने आई है। मंत्री के जवाब से असंतुष्ट होकर कांग्रेस ने सरकार पर फर्जीवाड़े मामलों पर संरक्षण देने के आरोप लगाते हुए सदन का वहिर्गमन कर दिया।

# सांदीपनी के दो छात्रों ने ईवीएम की तर्ज पर बनाया टैबलेट ईवीएम, दो मिनट में कर रहा वोटों की गिनती

**जागरण, भोपाल।** बरखेड़ी स्थित सांदीपनी शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के दो छात्रों ने सीमित संसाधनों के बीच ईवीएम की तर्ज पर टैबलेट ईवीएम का निर्माण करने में सफलता पाई है। छात्रों द्वारा किए गए इस नवाचार में छात्रसंघ चुनाव के लिए सॉफ्टवेयर का निर्माण किया गया है, ताकि पेपरलेस प्रक्रिया के तहत चुनाव संपन्न कराए जा सकें। बता दें कि साफ्टवेयर का निर्माण कक्षा दसवीं के दो छात्रों हर्ष अहिरवार और मोहम्मद कैफ ने किया है। पूरी प्रक्रिया के दौरान छात्रों को शिक्षक प्रदीप श्रीवास्तव का मार्गदर्शन भी प्राप्त हुआ है। सॉफ्टवेयर के निर्माण के बाद स्कूल प्रशासन द्वारा टैबलेट ईवीएम के जरिए 2025-26 के छात्रसंघ चुनाव कराए गए, जो पूरी तरह से डिजिटल और पेपरलेस तरीके से संपन्न कराए गए। छात्रों ने बताया कि उन्होंने केवल 20 दिन की मेहनत से यह सॉफ्टवेयर तैयार किया, जिसका उद्देश्य चुनावी प्रक्रिया को पर्यावरण के अनुकूल और पारदर्शी बनाना था।







### छात्रसंघ चुनाव पहली बार डिजिटल और पेपरलेस

स्कूल के छात्रसंघ के लिए आरक्षित चारों पदों के लिए अलग-अलग टैबलेट को ईवीएम मशीन के रूप में प्रयोग किया गया। मतदान के लिए कुल दो बूथ बनाए गए थे। जिसमें छात्राओं के मतदान के लिए पिंक बूथ बनाया गया था। चुनाव में चुनाव आयोग के निर्देशानुसार मतदान दल का गठन किया गया था, जिसमें पीठासीन अधिकारी मतदान अधिकारी थे। स्कूल लगने के साथ ही वोट डालने के लिए बच्चों की कतारें लग गईं थीं। बच्चों ने ईवीएम के माध्यम से चुनाव में अपना वोट डाला और अपने हाथों पर अमिट स्याही लगवाई, जिसका उत्साह अलग ही था। आयोजन के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) नरेंद्र अहिरवार मौजूद रहे, जिन्होंने छात्रों के प्रयासों की सराहना की और उन्हें भविष्य का नेता बताया।

### असली ईवीएम की तरह दिखता है टैबलेट ईवीएम



छात्रों का टैबलेट ईवीएम असली ईवीएम की तरह ही दिखता है और इसमें उम्मीदवारों के नाम और फोटो वाले बटन हैं, जिससे मतदाता सीधे टैबलेट स्क्रीन पर अपना वोट डाल सकते हैं। साथ ही इसमें नोटा का विकल्प भी शामिल किया गया है। तकनीकी दृष्टिकोण से यह प्रणाली न केवल सुरक्षित है, बल्कि इसमें वोटों की गिनती भी तेजी से होती है। स्कूल प्रशासन की मानें तो इसमें वोटों की गिनती दो मिनट के अंदर पूरी हो जाती है, जिससे चुनाव परिणाम तेजी से मिलते हैं। साथ ही टैबलेट ईवीएम को हैक करना कठिन है, जिससे चुनाव प्रक्रिया में निष्पक्ष और सुरक्षित तरीके से होती है।

# पूर्व सीएम स्व. मिश्र को किया गया याद

**विसं भोपाल।** विधानसभा अध्यक्ष नरेन्द्र सिंह तोमर के नवाचार के तहत मंगलवार को विधानसभा परिसर में पूर्व मुख्यमंत्री द्वारिका प्रसाद मिश्र को उनकी जयंती पर याद किया गया। इस मौके पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मौजूद रहे। विधानसभा के सेंट्रल हॉल में उनके चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर उपस्थित संसदीय कार्य मंत्री कैलाश विजयवर्गीय , नेता प्रतिपक्ष उमंग सिंगार, मंत्रिमंडल के अन्य सदस्यगण, विधानसभा के सदस्य, विधानसभा के अधिकारी एवं स्व. मिश्र के पारिवारिक सदस्य उपस्थित थे। इस अवसर पर स्पीकर तोमर ने कहा कि स्व. मिश्र दो बार प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे। वे जनकल्याण को समर्पित नेता तो थे ही वे कवि, लेखक एवं पत्रकार भी थे। उनके योगदान सदैव याद किया जाएगा। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रदेश के विकास में द्वारका प्रसाद मिश्र को राजनीति का पंडित कहा जाता था उन्होंने रकार की कल्याणकारी योजनाओं को धरातल पर उतारा। प्रदेश के पूर्व विधानसभा अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्रियों को पुष्पांजलि अर्पित करने की परंपरा शुरू करने के लिए विधानसभा अध्यक्ष नरेंद्र सिंह तोमर बधाई के पात्र हैं।



## प्रथम पृष्ठ के शेष

### कारोबारियों को छोटे...

सामान्य आर्थिक दंड (पेनल्टी) में बदला गया है। सदन में मंगलवार को पेश इस विधेयक पर बुधवार को चर्चा कराई गई। जिसका एमएसएमई मंत्री चैतन्य काश्यप ने जवाब देते हुए कहा कि यह विधेयक 'ईज ऑफ डूइंग बिजनेस' और न्याय प्रक्रिया को सरल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि 20 अधिनियमों में संशोधन कर 168 धाराओं की समीक्षा की गई है। मध्यप्रदेश देश का पहला राज्य बन गया है, जिसने जन विश्वास विधेयक 2025 को पारित किया। सदन में बहस के बाद विधानसभा अध्यक्ष ने विधेयक को पारित करने की मंजूरी दी।

### मोदी जाएंगे चीन...

जिनपिंग से चर्चा करना ज्यादा पसंद करेंगे। इस बयान की पृष्ठभूमि में अमेरिका द्वारा ब्राजील पर लगाया गया 50 फीसदी टैरिफ है, जिसे ट्रंप प्रशासन ने पूर्व राष्ट्रपति जायर बोल्सोनारो के खिलाफ चल रही कानूनी कार्रवाई के जवाब में लागू किया है। ट्रंप ने इसे 'बदले की कार्रवाई' करार दिया था और बोल्सोनारो को 'सम्मानित नेता' बताया। असल में, अमेरिका की हालिया टैरिफ बढ़ोतरी की धमकी के जवाब में भारत, चीन, ब्राजील, कनाडा और दक्षिण अफ्रीका जैसे प्रमुख देश झुकने को तैयार नहीं हैं। भारत, चीन और ब्राजील की हालिया प्रतिक्रियाएं एक नए भू-राजनीतिक समीकरण की ओर इशारा कर रही हैं। मोदी का बहुप्रतीक्षित चीन दौरा, ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा द्वारा ट्रंप को बातचीत से इनकार और शी जिनपिंग व मोदी से संपर्क की इच्छा, ये सब संकेत हैं कि अमेरिका के दबाव के मुकाबले एक वैकल्पिक ध्रुव उभर सकता है। वहीं ब्राजील अब इस टैरिफ को लेकर डब्ल्यूटीओ में शिकायत दर्ज कराने की तैयारी कर रहा है। हालांकि लूला ने कहा कि ट्रंप से बात नहीं करेंगे, लेकिन उन्हें नवंबर में होने वाले सीओपी-30 क्लाइमेट समिट के लिए आमंत्रण जरूर भेजेंगे। इससे पहले अमेरिकी संसद के जॉइंट सेशन में राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने टैरिफ युद्ध की औपचारिक शुरुआत की। उन्होंने ऐलान किया कि वे उन सभी देशों पर टैरिफ लगाएंगे, जो अमेरिकी वस्तुओं पर भारी शुल्क लगाते हैं। ट्रम्प का दावा था कि इससे अमेरिका की इकोनॉमी को हो रहे नुकसान की भरपाई की जाएगी।

### 2 दिन, 5 मौतें: मालूम ...

समिति ने सबक लेना उचित नही समझा और बुधवार को भी तीन मौतें हो गई। लगभग दो सप्ताह पहले से इस बात का प्रचार-प्रसार हो रहा था कि सीहोर में 6 अगस्त को कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा द्वारा सीवन नदी से 11 किलोमीटर दूर स्थित कुबेरेश्वरधाम तक कांवड़ यात्रा निकाली जाएगी। तब से ही माना जा रहा था कि यहां बड़ी संख्या में श्रद्धालु आएंगे तब जिला प्रशासन ने एडीएम वृंदावन सिंह और एसडीएम तन्मय वर्मा को व्यवस्थाओं का प्रभारी बनाकर अनेक अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंप दी थी। इस दौरान 5 अगस्त की रात से अगले दिन तक रोड डायवर्ट करने का ऐलान भी किया लेकिन फिर भी जाम लगा। **रास्तेभर अव्यवस्था फैली रही:** सीधे-सीधे व्यवस्थाएं अव्यवस्थाओं में बदलती चली गईं और प्रशासन हाथ पर हाथ धरे बैठा रहा। मंगलवार और बुधवार तेज धूप थी, जिसके कारण भीषण गर्मी और उमस थी, श्रद्धालु सीवन नदी से कुबेरेश्वरधाम तक पैदल ही जा रहे थे, लेकिन रास्ते में कही भी प्रशासन ने दवाओं के स्टॉल नहीं लगाए और न ही मेडिकल स्टाफ की तैनाती करना उचित समझा।

## अपराध

### कांग्रेस विधायक के सवाल पर सरकार का जवाब, अपराध के आंकड़ों पर घिरी सरकार

# छह माह में 3742 महिलाओं से रेप, सिर्फ 2.79 प्रतिशत आरोपियों को सजा

**मुख्य संवाददाता, भोपाल।** मध्य प्रदेश विधानसभा में सरकार ने विधायकों द्वारा पूछे गए सवालों के जवाब में महिलाओं के खिलाफ अपराधों और पुलिस पर हमलों से संबंधित चौंकाने वाले आंकड़े सामने आए हैं। विधानसभा में कांग्रेस विधायक प्रताप ग्रेवाल पूछे गए एक सवाल के जवाब में सरकार की तरफ से यह आंकड़े पेश किए गए हैं। इस साल जनवरी से जून तक 3742 महिलाओं के साथ दुष्कर्म और 120 महिलाओं के साथ सामूहिक दुष्कर्म जैसी घटनाएं हुई हैं। सरकार ने आंकड़ों के साथ ही इनमें आरोपियों को मिली सजा का भी आंकड़ा पेश किया है। आंकड़ों के मुताबिक दुष्कर्म के मामलों में सजा की दर साल 2024 में केवल 2.79 फीसदी और सामूहिक दुष्कर्म में 1.63 प्रतिशत रही। 2018 में रेप के केस में सजा की दर 12.43 प्रतिशत और सामूहिक दुष्कर्म में 16.25 फीसदी थी। विधायक प्रताप ग्रेवाल नेआरोप लगाया कि सरकार के आंकड़ों में भी भिन्नता हैं वार्षिक रिपोर्ट में 2024 में 5592 मामले बताए गए हैं जबकि विधानसभा में दिए गए जवाब के अनुसार 2024 में 8518 मामले दर्ज किए गए थे। आंकड़ों में सरकार की तरफ से जानकारी दी गई कि पिछले 2018 से 2024 तक 7 साल की अवधि में राज्य में कुल 54,067 महिलाओं के साथ दुष्कर्म हुआ।



### अपराधों के आंकड़े

**प्रतिदिन अपराध** राज्य में हर दिन औसतन 20 दुष्कर्म और 33 अपहरण की घटनाएं होती हैं।

**जातिगत आंकड़े** जनवरी से जून 2025 के बीच हुए 3742 दुष्कर्मों का शिकार होने वालों में 905 अनुसूचित जाति, 1143 अनुसूचित जनजाति, 1228 पिछड़ा वर्ग और 466 सामान्य वर्ग की महिलाएं थीं।

**सजा की दर** 2024 में दुष्कर्म के मामलों में सजा की दर 2.79 प्रतिशत और सामूहिक दुष्कर्म के मामलों में 1.63 प्रतिशत रही।

**7 साल के आंकड़े** 2018 से 2024 तक सात सालों में राज्य में 54,067 महिलाओं के साथ दुष्कर्म हुआ, जिनमें से 14,258 अनुसूचित जाति, 14,804 अनुसूचित जनजाति, 18,942 पिछड़ा वर्ग और 6,063 सामान्य श्रेणी की महिलाएं थीं।

**बढ़ रहे मामले** 2018 में दुष्कर्म के 7136 मामले दर्ज हुए , जबकि 2024 में यह संख्या बढ़कर 8518 हो गई।

### भोपाल पुलिस कमिश्नरेट में ढाई साल में दर्ज अपराध

| | |
|---|---|
| नकबजनी | 2375 |
| वाहन चोरी | 5654 |
| लूट | 191 |
| हत्या | 158 |
| महिलाओं पर अत्याचार | - 8664 |
| अजा/अजजा पर अत्याचार | - 356 |

### इंदौर पुलिस पुलिस कमिश्नरेट में ढाई साल में दर्ज अपराध

| | |
|---|---|
| नकबजनी | 3061 |
| वाहन चोरी | 11,567 |
| लूट | 5321 |
| हत्या | 308 |
| महिलाओं पर अत्याचार | - 5054 |
| अजा/अजजा पर अत्याचार | - 409 |

### डेढ़ साल में 5 पुलिसकर्मी शहीद, 612 घायल

मध्य प्रदेश विधानसभा में कांग्रेस विधायक एवं पूर्व गृह मंत्री बाला बच्चन द्वारा पूछे गए एक सवाल के जवाब में सरकार ने बताया कि जनवरी 2024 से जून 2025 तक, राच्य में पांच पुलिसकर्मी शहीद हुए हैं और 612 घायल हुए हैं। इस दौरान, पुलिस पर हमले की 461 घटनाएं दर्ज की गई हैं। विधायक ने भोपाल और इंदौर में पुलिस कमिश्नर लागू होने के बाद 9 दिसंबर 2021 को 30 जून 2024 तक हुए अपराधों के बारे में भी सवाल उठाया था। सरकार द्वारा दिए गए जवाब के अनुसार दोनों शहरों में अपराध के आंकड़े इस प्रकार हैं।

### महिला अत्याचार भोपाल में ज्यादा, इंदौर में चोरी, लूट, हत्या

प्रदेश सरकार के आंकड़ों के हिसाब से देखा जाए तो भोपाल में इंदौर से अधिक महिला अत्याचार के मामले दर्ज हुए हैं। भोपाल में इसकी संख्या 8664 है जबकि इंदौर में 5054 केस दर्ज हुए। इसके अलावा इंदौर में दिसंबर 21 से जून 24 वाहन चोरी, लूट, हत्या, नकबजनी के केस भोपाल से दो गुने दर्ज हुए हैं। बाला बच्चन ने प्रदेश की कानून व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए आरोप लगाया कि भोपाल और इंदौर में कमिश्नर प्रणाली भी जनता की सुरक्षा करने में विफल रही है।

# संविदा कम्पनियां जिले के 70 प्रतिशत स्थानीय युवाओं को रोजगार उपलंब्ध करायें : कलेक्टर

**कम्पनियां अपने अधीनस्थ कार्यरत श्रमिक कर्मचारियों की सूची एक सप्ताह में उपलंब्ध करायें**

**कलेक्टर की अध्यक्षता में एनसीएल परियोजनाओं कार्यरत संविदा कम्पनियों की बैठक आयोजित**



**जागरण, बैढ़न**

एनसीएल परियोजनाओ में कार्यरत संविदा कम्पनिया जिले के 70 प्रतिशत स्थानीय युवाओ को कुशल तथा अकुल श्रेणी मे रोजगार उपलंब्ध कराये साथ ही एक सप्ताह के अंदर कम्पनियो मे कार्यरत श्रमिको की सूची जिला प्रशासन को उपलंब्ध कराना सुनिश्चित करे। उक्त आशय का निर्देश कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला प्रशासन एवं एनसीएल परियोजनाओ में कार्यरत संविदा कम्पनियो की संयुक्त बैठक के दौरान कलेक्टर चन्द्र शेखर शुक्ला के द्वारा दिया गया। विदित हो कलेक्टर चन्द्र शेखर शुक्ला के अध्यक्षता एवं पुलिस अधीक्षक मनीष खत्री के उपस्थित में जिला प्रशासन एवं एनसीएल परियोजनाओ में कार्यरत संविदा कम्पनियो की संयुक्त बैठक आयोजित हुई। पूर्व बैठक में कलेक्टर द्वारा कम्पनियो को इस आशय के निर्देश दिए गए थे कि कम्पनिया जिले के 70 प्रतिशत स्थानीय युवाओ को रोजगार का अवसर देगी। बैठक के दौरान उक्त के संबंध में कम्पनियो से जानकारी प्राप्त करने के पश्चात कलेक्टर ने निर्देश दिए कि एक सप्ताह सभी कम्पनिया अपने यहा कार्यरत श्रमिको की सूची जिला प्रशासन को उपलंब्ध कराये। श्रमिको को कुशल एवं अकुशल श्रेणी में विभाजन करने के साथ साथ उनके स्थानीय होने के आवश्यक प्रमाण एवं कम्पनियो की कर्मचारी पंजी की जानकारी भी उपलंब्ध कराये। कलेक्टर ने निर्देश दिए कि कम्पनियां में श्रमिको की नियुक्ति हेतु प्राप्त होने वाले आवेदनो का पारदर्शी प्रक्रिया से निराकरण करे। संबंधित कम्पनी भर्ती हेतु रिक्त पदो का आकलन वर्ग वार न्यूनतम योग्यता निर्धारित करते हुयें आवेदन आमंत्रित करे। तथा सूची तैयार करते समय पहली प्राथमिकता विस्थापितो दूसरी स्थानीय व्यक्तियो तथा तीसरे वरियता अन्य सभी को प्रदान करे। नवीन आवेदनो की सूची श्रम विभाग कार्यालय मे उपलंब्ध कराये। उन्होने निर्देश दिए कि जिले में कार्यरत कम्पनियां उनके आधीन कार्यरत श्रमिको से अधिकतम 8 घण्टे तक ही कार्य करायेंगी। यदि श्रमिको से निर्धारित अवधि से अधिक कार्य कराया जाता है तो उन्हे नियमानुसार अतिरिक्त परिश्रमिक का भुगतान सुनिश्चित करे। कलेक्टर निर्देश दिए कि संबंधित कम्पनियों के अधिकारी लेबर कोड का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करे। उन्होने निर्देश दिए कि श्रमिको का पीएफ निर्धारित समय पर जमा कराना सुनिश्चित करे। साथ की कार्यरत श्रमिको को निर्धारित किया गया वेतन का भुगतान किया जाये जिला प्रशासन द्वारा समिति गठित कर जॉच भी कराई जायेगी। कलेक्टर ने श्रम अधिकारी को निर्देश दिए कि श्रमिको की नियुक्ति में पारदर्शित लाने के लिए समस्त संविदा कम्पनियो कार्यरत श्रमिको को डाटा निर्धारित पोर्टल में अपलोड कराने के साथ ही समय समय पर पोर्टल में उपलब्ध डाटा को अपडेट कराये। बैठक के दौरान निदेश कर्मिक एनसीएल मनीष कुमार एसडीएम सृजन बर्मा एसडीओपी मोरवा गौरव पाण्डेय तहसीलदार अभिषेक यादव श्रम अधिकारी नवनीत पाण्डेय सहित कम्पनियो के अधिकारी उपस्थित रहे।

# नीरज द्विवेदी बने मिस्टर एनसीएल बीना रही सर्वश्रेष्ठ परियोजना

**एनसीएल बीना परियोजना में सम्पन्न हुई 10वीं अंतर क्षेत्रीय भारोत्तोलन एवम शरीर सौष्ठव प्रतियोगिता**



**जागरण, सिंगरौली।** नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड एनसीएल की बीना परियोजना में 10वीं एनसीएल अंतरक्षेत्रीय शक्तितोलन .भारोत्तोलन एवम शरीर सौष्ठव प्रतियोगिता संपन्न हुई। 3 से 5 अगस्त तक आयोजित इस प्रतियोगिता में कुल 276 प्रतिभागियों ने भाग लिया जिसमें से 27 महिलाएं शामिल रहीं। प्रतियोगिता के दौरान अलग अलग वेट ग्रुप में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले पुरुष एवम महिला प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। प्रतियोगिता के समापन समारोह में निदेशक मानव संसाधन मनीष कुमार बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहे। इस दौरान अपने उद्बोधन में मनीष कुमार ने विजेता प्रतिभागियों को बधाई दी एवं उपस्थित सभी को खेल.कूद गतिविधियों में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। इसके अतिरिक्त उन्होनें एनसीएल द्वारा कर्मियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिवर्ष आयोजित विभिन्न खेल.कूद प्रतियोगिताओं की सराहना की। कार्यक्रम में एनसीएल के जेसीसी सदस्य. सीएमएस से अजय कुमार आरसीएसएस से लाल पुष्पराज सिंह बीएमएस से श्यामधर द्विवेदी एचएमएस से बी. एन.सिंह एवं सीएमओएआई से सर्वेश सिंह महाप्रबन्धक मानव संसाधन् कल्याण राजेश त्रिवेदी क्षेत्रीय महाप्रबन्धक बीना आर. के.सिंह स्पोर्ट्स प्रमोशन बोर्ड के सदस्य परियोजना से जेसीसी सदस्य विभागाध्यक्ष एवं अन्य अधिकारी व कर्मचारीगण उपस्थित रहे। एनसीएल अंतरक्षेत्रीय शक्तित्तोलन भारोत्तोलन एवम शरीर सौष्ठव प्रतियोगिता के दौरान निगाही परियोजना से नीरज द्विवेदी ने मिस्टर एनसीएल का खिताब अपने नाम किया। इसी क्रम में स्ट्रॉन्ग मैन ऑफ़ एनसीएल के लिये जयन्त के पप्पू सक्सेना स्ट्रॉन्ग वूमन ऑफ़ एनसीएल के लिए एनएससी की श्रीमती सरिता देवी बेस्ट लिफ्टर के लिए एनसीएल मुख्यालय के अनुप कुमार को खिताब से नवाजा गया। 10 वीं एनसीएल अंतरक्षेत्रीय शक्तितोलन .भारोत्तोलन एवम शरीर सौष्ठव प्रतियोगिता में सभी विधाओं में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिये बीना ने प्रथम दुधीचुआ ने द्वितीय व एनएससी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। गौरतलब है कि एनसीएल द्वारा कर्मियों के शारीरिक एवं मानसिक विकास हेतु प्रतिवर्ष विभिन्न खेल प्रतियोगिताओं जैसे क्रिकेट लॉन टेनिस बैडमिंटन फुटबॉल कैरम वॉलीबॉल एथलेटिक्स इत्यादि का आयोजन किया जाता है।

## सीएम हेल्पलाइन में उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों को प्रशस्ति पत्र देकर कलेक्टर ने किया सम्मानित

**जागरण, बैढ़न।** सीएम हेल्पलाइन के आवेदनों के निराकरण में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले सिंगरौली जिले के 9 अधिकारियों को कलेक्टर द्वारा सम्मानित किया गया। कलेक्टर चन्द्र शेखर शुक्ला ने कलेक्ट्रेट सभागार में प्रशस्ति पत्र देकर जुलाई की शिकायतो के निराकरण में उतकृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारियो को सम्मानित किया। कलेक्टर ने सीएम हेल्प लाईन के शिकायतो के निराकरण में प्रदेश स्तर से जारी जुलाई की रैकिंग टॉप 5 में जगह बनाने पर जल संसाधन विभाग के कार्यपालन यंत्री एसएम त्रिपाठी जिला परिवहन अधिकारी बिक्रम सिंह राठौर सामाजिक न्याय विभाग के अधिकारी डिप्टी कलेक्टर देवेन्द्र द्विवेदी वन विभाग के एसडीओ एन.के त्रिपाठी कृषि विभाग के अधिकारी मनोज सिंह खनिज अधिकारी आकांक्षा पटेल नगर निगम आयुक्त डी के शर्मा तथा जिला शिक्षा अधिकारी एसबी सिंह को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित करने के साथ ही जिलाधिकारियो से अपेक्षा किया कि आगामी जारी होने वाली रैकिंग में अधिक से अधिक शिकायतो का निराकरण कर ए ग्रेड में आने का प्रयास करे।

# संयंत्र की संचालन प्रणाली सुरक्षा मानकों एवं नवीन तकनीकों का निरीक्षण

**परियोजना के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर परियोजना की कार्यप्रणाली की समीक्षा**

**क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक उत्तर गौतम देब ने किया रिहंद परियोजना का दौरा**



**जागरण, रिहंदनगर।** एनटीपीसी रिहंद परियोजना में क्षेत्रीय कार्यकारी निदेशक उत्तरद्ध श्री गौतम देब ने दो दिवसीय दौरा किया। अपने दौरे के पहले दिन उन्होंने एफ्जीडी क्षेत्र के निरीक्षण से की जहाँ उन्होंने परियोजना की पर्यावरणीय प्रतिबद्धताओं की प्रगति का अवलोकन किया। इसके उपरांत उन्होंने कंट्रोल रूम का भ्रमण कियाए जहाँ उन्होने संयंत्र की संचालन प्रणाली सुरक्षा मानकों एवं नवीन तकनीकों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के उपरांत उन्होंने प्रशासनिक भवन स्थित मंथन प्रेक्षागृह में परियोजना के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक कर परियोजना की कार्यप्रणाली की समीक्षा की। तत्पश्चात उन्होंने परियोजना में कार्यरत विभिन्न यूनियनों एवं एसोसिएशनों के पदाधिकारियों से संवाद कर उनके विचारों को जाना। तत्पश्चात वे तरंग प्रेक्षागृह में आयोजित भव्य सांस्कृतिक संध्या में शामिल हुए। यह कार्यक्रम रिहंद परिसर में संचालित विद्यालयों के छात्राओ वर्तिका महिला मण्डल द्वारा संचालित वेल्फेयर विंग उड़ान के बालिकाओं एवं कर्मचारियों द्वारा प्रस्तुत किया गया। बच्चों की आकर्षक एवं सराहनीय प्रस्तुतियों ने अतिथियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। अपने दौरे के दूसरे दिन गौतम देब ने एनटीपीसी रिहंद परियोजना के समीपवर्ती शैक्षणिक संस्थान का दौरा किया जहाँ उन्होंने विद्यार्थियों को स्टेशनरी किट तथा बेंच एवं डेस्क वितरित कर संस्थान को शैक्षणिक सहयोग प्रदान किया। उन्होंने छात्रों को कड़ी मेहनत व अनुशासन के साथ अध्ययन करने की प्रेरणा दी। इसके उपरांत उन्होंने एनटीपीसी रिहंद की 20 मेगावाट सौर ऊर्जा साइट का अवलोकन किया तथा नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में प्रगति को लेकर संतोष व्यक्त किया।

# बालिकाओं द्वारा हस्त निर्मित राखी एवं होम डेकोर प्रदर्शनी का आयोजन

**कलेक्टर सहित गणमान्य अतिथियों की उपस्थिति**



**जागरण, बैढ़न।** जिला मुख्यालय स्थित इंडियन रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा संचालित बालिका खुला आश्रय गृह की बालिकाओं द्वारा उनके कौशल विकास प्रशिक्षण के अंतर्गत हस्त निर्मित राखी एवं होम डेकोर सामग्रियों की भव्य प्रदर्शनी का आयोजन डीडीआरसी सभागार में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में जिला कलेक्टर सह रेडक्रॉस प्रेसिडेंट चंद्रशेखर शुक्ला एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी गजेन्द्र सिंह नागेश उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मनोरम तिवारी जिला विधिक अधिकारी अमित शर्मा एवं रेडक्रॉस चेयरमैन एस.डी.सिंह के उपस्थिति में संपन्न हुआ। प्रदर्शनी में आश्रय गृह की बालिकाओं ने रेज़ीन राखी कुंदन राखी क्ले राखी गोंड आर्ट राखी एवं कस्टमाइज राखियों के साथ.साथ लिप्पन शेल कौड़ी पिस्ता शेल एवं बंजारा आर्ट वॉल मिरर जैसे विविध एवं कलात्मक होम डेकोर आइटम प्रस्तुत किए। इन कलाकृतियों को आम जन एवं अतिथियों द्वारा न केवल सराहा गयाए बल्कि क्रय भी किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज की अंतिम पंक्ति की उन बालिकाओं को केंद्र में लाकर उन्हें मुख्यधारा से जोड़ना था जो कभी कूड़ा.कबाड़ एवं पन्नी बिनने जैसे कार्यों तक सीमित थीं। इस अवसर के माध्यम से यह संदेश दिया गया कि मान.सम्मान के साथ हस्तकला के हुनर को अपनाकर भी आजीविका अर्जित की जा सकती है। बालिकाओं ने अपनी कला से जो आय अर्जित की उसे देखकर उनके चेहरे पर जो आत्मविश्वास और खुशी झलक रही थी वह इस आयोजन की सबसे बड़ी उपलब्धि रही। मुख्य अतिथि श्री शुक्ला ने अपने उद्बोधन में रेडक्रॉस द्वारा संचालित आश्रय गृह की सराहना करते हुए कहा कि यह संस्थान शिक्षा सुरक्षा पोषण और स्वरोजगारपरक प्रशिक्षण के माध्यम से बालिकाओं को आत्मनिर्भर बना रहा है। उन्होंने बालिकाओं की प्रतिभा और रचनात्मकता की प्रशंसा करते हुए उन्हें उज्ज्वल भविष्य हेतु आशीर्वाद प्रदान किया। इस अवसर पर बालिकाओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से सामाजिक कुरीतियों पर प्रभावशाली प्रस्तुतियाँ दी गईं। साथ ही उन्होंने मुख्य अतिथि एवं अन्य अतिथियों की कलाई पर कस्टमाइज राखियाँ बांधकर सशक्तिकरण शिक्षा और सम्मान का प्रतीक प्रस्तुत किया।कार्यक्रम का संचालन रेडक्रॉस प्रबंध समिति सदस्य डॉ.डी.के. मिश्रा द्वारा एवं आभार प्रदर्शन भूपेंद्र गर्ग द्वारा किया गया। इस आयोजन की रूपरेखा बालिका खुला आश्रय गृह की कोऑर्डिनेटर शिरीन द्वारा तैयार कर सांस्कृतिक गतिविधियों को संचालित किया गया। इस अवसर पर बाल कल्याण समिति की सदस्यगण श्रीमती पूनम मिश्रा श्रीमती पूनम त्रिपाठी देवधर प्रसाद शर्मा रेडक्रॉस प्रबंध समिति के वाइस प्रेसिडेंट मनोज प्रताप सिंह सचिव डॉ.ओ.पी. राय संजय प्रताप सिंह जितेंद्र सिंह राजा राम केशरी श्रीमती मनोरमा शाहवाल अभिलाष जैन ब्लड सेंटर अतिरिक्त संचालक डॉ. एन.के.जैन तथा रेडक्रॉस सदस्य नटवर दास अग्रवाल एवं मिथिलेश मिश्रा सहित अनेक नागरिक उपस्थित रहे। बालिका खुला आश्रय गृह के समर्पित स्टाफ द्वारा बालिकाओं को राखी एवं होम डेकोर आर्ट वॉल मिरर निर्माण में सहयोग प्रदान किया गया। उनके अथक प्रयास के लिए उन्हें सराहना एवं बधाई दी गई। कार्यक्रम के समापन अवसर पर बालिकाओं को उपहार वितरित किए गए तथा आत्मीय वातावरण में कार्यक्रम का समापन हुआ। उक्त कार्यक्रम रेडक्रॉस सोसायटी सिंगरौली द्वारा संचालित विभिन्न विभाग जैसे ब्लड सेंटर केंद्रीय कार्यालय बालिका खुला आश्रय गृह एवं जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र में कार्यरत समस्त सेवायुक्तों द्वारा कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण सहभागिता निभाया गया।

# चितरंगी में अधिवक्ता संघ ने उपखंड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



जागरण, चितरंगी। अधिवक्ता संघ चितरंगी द्वारा आज स्थानीय उपखंड कार्यालय में एक प्रतिनिधिमंडल के माध्यम से उपखंड अधिकारी को विभिन्न समस्याओं एवं जनहित से संबंधित मांगों को लेकर एक ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में संघ द्वारा अधिवक्ताओं को न्यायालय परिसर में मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने कार्य की पारदर्शिता सुनिश्चित करने एवं न्यायिक प्रक्रिया को सुचारू रूप से संचालित करने जैसे कई महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष बी.पी. सिंह के नेतृत्व में संघ के अन्य पदाधिकारी गण एवं सदस्यगण उपस्थित रहे। संघ ने उपखंड अधिकारी से उक्त समस्याओं का शीघ्र निराकरण कर न्यायिक कार्यों को प्रभावी रूप से संपादित कराने की मांग की। अधिवक्ता संघ ने चेतावनी दी कि यदि मांगों की अनदेखी की जाती है तो इसकी जानकारी कलेक्टर के समक्ष दिया जाएगा।

# एनसीएल की ब्लॉक बी परियोजना ने ग्राम मेहदेहिया में लगाया नि:शुल्क पोषण शिविर



**जागरण, सिंगरौली।** आज नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड एनसीएल की ब्लॉक.बी परियोजना ने निगमित सामाजिक दायित्व सीएसआर के तहत ग्राम पंचायत मेहदेहिया मे निशुल्क पोषण शिविर का आयोजन किया। शिविर के दौरान आंगनबाड़ी के माध्यम से गर्भवती व धात्री महिलाओं एवं बच्चों को उच्च गुणवत्तापूर्ण पौष्टिक आहार गुड़ दलिया मूँगफली प्रोटीन पाउडर एवं सेरेलेक पाउडर इत्यादि का वितरण किया गया। इस अवसर पर कुल 76 महिलाएं एवं बच्चे लाभान्वित हुए । इस कार्यक्रम में परियोजना नोडल अधिकारी सीएसआर आंगनबाड़ी कार्यकर्ता तथा स्थानीय सरपंच उपस्थित रहे । गौरतलब है कि एनसीएल की सभी परियोजना एवं इकाइयों द्वारा समय समय पर पोषण शिविर शिक्षा स्वास्थ्य कौशल विकास महिला सशक्तिकरण के लिए अनेक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहा है।

# जिले में 8 से 15 तक आयोजित होगा हर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग अभियान

जागरण, बैढ़न। जिले में 79वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में प्रदेश में 8 से 15 अगस्त तक शहर घर तिरंगा हर घर स्वच्छता स्वतंत्रता का उत्सव स्वच्छता के संग विशेष अभियान मनाया जाएगा। यह आयोजन भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय और जल शक्ति मंत्रालय के संयुक्त तत्वावधान में होगा। इसके तहत 1 से 7 अगस्त तक अभियान पूर्व जनजागरूकता गतिविधियां चलाई जा रही हैं।अभियान का मुख्य उद्देश्य न सिर्फस्वतंत्रता दिवस को उत्सव के रूप में मनाना है बल्कि गांवों को स्वच्छ और सुजल बनाने की दिशा में ठोस कदम उठाना भी है। साथ ही नागरिकों में जल स्वच्छता की संकल्पना को मजबूत करना है। जल जीवन मिशन और स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण के तहत इस दौरान पूरे प्रदेश में व्यापक भागीदारी से कार्यक्रम आयोजित होंगे। अभियान की शुरुआत 8 अगस्त को स्थानीय जनप्रतिनिधियों द्वारा होगी जहां बैनर.पोस्टर का विमोचन और ग्राम स्तर पर स्वच्छता अभियान जलस्रोतों की सफाई रंगोली रैली और पेंटिंग प्रतियोगिताएं आयोजित की जाएंगी। 9 से 11 अगस्त तक नालों.नालियों की सफाई ग्रे.वॉटर प्रबंधन प्लास्टिक अपशिष्ट संग्रहण सामुदायिक शौचालयों की सफाई और आजादी का श्रमदान कार्यक्रम होंगे। 12 अगस्त को पानी की टंकियों हैंडपंप कूप जैसी संरचनाओं की सफाई और सजावट की जाएगी साथ ही कचरा पृथक्करण खाद बनाने और शौचालय रखरखाव की तकनीकों का प्रदर्शन होगा। 13 अगस्त को संवाद और जागरूकता दिवस मनाया जाएगा जिसमें जल संरक्षण भूजल रिचार्ज और सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध जैसे विषयों पर ग्रामस्तरीय चर्चाएं और बैठकें होंगी। इस दिन ध्वजारोहण स्थलों की पहचान सफाई और पूर्वाभ्यास भी कराया जाएगा। तथा 14 और 15 अगस्त को सार्वजनिक स्थलों ग्राम सड़कों हाट बाजारों और पंचायत परिसरों की सफाई और सजावट की जाएगी। हर घर तिरंगा अभियान के तहत हर घर में ध्वज फहराया जाएगा जबकि 15 अगस्त को विशेष रूप से स्वच्छता चैंपियनों और स्वयंसेवकों को सम्मानित किया जाएगा।

# सीएम हेल्प लाइन में लंबित शिकायतों का तत्परता के साथ निराकरण सुनिश्चित करें अधिकारी: कलेक्टर

**विद्युत लाईन में सुधार कर नागरिको को उपलंब्ध कराये निर्बाध विद्युत आपूर्ति**



**जागरण, बैढ़न।** सीएम हेल्प लाईन में लंबित शिकायतो का तत्परता के साथ निराकरण नागरिको की समस्याओ का समाधान सुनिश्चित करे। साथ विद्युत लाईन बिगड़े ट्रान्सफार्मरो को सुधार कर नागरिको को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित की जाये उक्त आशय का निर्देश कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समय सीमा बैठक के दौरान कलेक्टर चन्द्र शेखर शुक्ला के द्वारा संबंधित अधिकारियो को दिया गया।बैठक में कलेक्टर ने विद्युत विभाग की समीक्षा करते हुयें संबंधित विभागीय अधिकारी निर्देश दिए कि जिले के बिगड़े ट्रान्सफार्मर सहित क्षतिग्रस्त लाईनो का सुधार कर जिले के नागरिको को निर्बाध विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करे। साथ निर्देश दिए कि ग्रामीण क्षेत्र के ऐसे मझरे टोले जहा के ट्रान्सफार्मर जल गए है तीन दिवस में उन्हे बदलने की कार्यवाही करने के साथ कार्य का पालन प्रतिवेदन भी प्रस्तुत करे। कलेक्टर ने सीएम हेल्प लाईन की समीक्षा करते हुयें विभागीय अधिकारियो को ए ग्रेड में आने का निर्देश देने के साथ कहा गया कि अब अन अटेड शिकायतो पर 100 रूपये जुर्माने की कार्यवाही करने के साथ उक्त राशि को रोगी कल्याण समिति में जमा कराया जायेगा। कलेक्टर ने शिक्षा विभाग की समीक्षा करते हुयें जिला शिक्षा अधिकारी को निर्देश दिए कि सभी विद्यालय समय पर संचालित हो शिक्षक विद्यालय में उपस्थित रहकर पठन पाठन कराये इसकी लगतार मानीटरिंग करने के साथ विद्यालय मे पढ़ने वाले छात्रो को गुणवत्ता पूर्ण मध्यान भोजन मिल रहा है कि नही इसकी भी मानीटरिंग कराये। उन्होने आगनवाड़ी संचालन के संबंध में निर्देश दिए कि आगनवाड़ी प्रति दिन खुले गर्भवती धात्री महिलाओ को समय पर पोषण आहार मिले इसकी समय समय पर जॉच कराये। कलेक्टर ने नगर निगम आयुक्त निर्देश दिए कि अभियान चलाकर सड़को में विचरण करने वाले मवेसियो को गौशाला में भेजने की कार्यवाही करे। कलेक्टर ने समधान विंदु में चयनित शिकायतो की समीक्षा करते हुये विभागीय अधिकारियो को निर्देश दिए कि संबंधित शिकायतकर्ता से समन्वय बनाकर शिकायतो का निराकरण कराये। कलेक्टर ने सीएम डैसबोर्ड के विंदुओ की समीक्षा करते हुयें समस्त विभागीय अधिकारियो को निर्देश दिए कि डैस बोर्ड शामिल सभी विदुओ पर तत्परता के साथ कार्यवाही करते हुयें अपने विभागो से संबंधित हितग्राही मूलक योजनाओ के लाभ से पात्र हितग्राहियो को लाभान्वित कराये ताकि डैस बोर्ड में जिले का प्रतिशत बढ़ सके। साथ ही विभागीय अधिकारियो को इस आशय का निर्देश दिए कि गावो में चौपाल लगाकर ग्रामीण की शिकायतो को सुनने के पश्चात उनका निराकरण सुनिश्चित करे ताकि ग्रामीणो के समस्याओ का गाव में ही समाधान हो सके उन्हे कार्यालयो के चक्कर नही लगाना पड़े। बैठक में कलेक्टर ने जुलाई माह में जारी सीएम हेल्प लाईन कि रैकिंग में उतकृष्ट प्रदर्शन करने वाले अधिकारियो को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया।

# एनसीएल की कृष्णशिला परियोजना ने संविदाकर्मियों हेतु लगाया परिवार परामर्श शिविर



**जागरण, सिंगरौली।** नॉर्दर्न कोलफील्ड्स लिमिटेड की कृष्णशिला परियोजना ने अधिकारी क्लब कृष्णशिला में संविदाकर्मियों हेतु परिवार परामर्श शिविर का आयोजन किया। परामर्श शिविर के दौरान चिकित्सा अधिकारी कृष्णशिला ने उपस्थित कर्मियों एवं उनके परिवारजनों को कार्य जीवन संतुलन चरित्र एवं व्यक्तित्व निर्माण बेहतर जीवन शैली आदि के संबंध में बताया व जागरूक किया और इसके साथ ही उन्होंने उपस्थित सभी लोगों को मानसिक स्वास्थ्य के विभिन्न पहलुओं से अवगत कराया। इस अवसर पर परियोजना अधिकारी कृष्णशिला सुधीर कुमार झा ने अपने संबोधन में एनसीएल की सफलता में सभी कर्मियों के योगदान की सराहना की। इसके साथ ही उन्होने संविदाकर्मियों और उनके परिवारों के समग्र विकास को समर्पित कंपनी की प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। इस कार्यक्रम में परियोजना से स्टाफ अधिकारी खनन स्टाफ अधिकारी कार्मिक स्टाफ अधिकारी सिविल स्टाफ अधिकारी विद्युत एवं यांत्रिकी तथा जेसीसी सदस्यगण उपस्थित रहे। इस दौरान केएनआईएल. एसआईपीएल खेमका कैरियर्स और पीसीयूएस के कर्मियों एवं उनके परिजनो ने सक्रिय रूप से भाग लिया। गौरतलब है कि एनसीएल के द्वारा समय. समय पर कर्मियों की बेहतर जीवन शैली हेतु विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहा है। इसी कड़ी में एनसीएल की अमलोरी परियोजना द्वारा विगत 29 जुलाई को संविदाकर्मियों हेतु परिवार परामर्श शिविर का आयोजन किया गया।

# चंद्रपुरा गांव में युवक की धारदार हथियार से हत्या

## रात में सिर पर वार कर दी वारदात, पुलिस ने जांच शुरू की



**जागरण, टीकमगढ़।** जिले के कुड़ीला थाना क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले चंद्रपुरा गांव में सोमवार रात एक 35 वर्षीय युवक की धारदार हथियार से हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान राजकुमार कुशवाहा के रूप में हुई है। घटना की जानकारी मंगलवार दोपहर तब सामने आई जब पड़ोसियों ने उसके घर का दरवाजा बंद पाया और पुलिस को सूचना दी। पुलिस के अनुसार, मृतक के परिजन काम के सिलसिले में दिल्ली में रहते हैं और राजकुमार घर में अकेला ही रहता था। मंगलवार सुबह 12 बजे तक जब दरवाजा नहीं खुला तो आसपास के लोगों को शक हुआ। सूचना मिलते ही पुलिस अधीक्षक मनोहर सिंह मंडलोई, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं एसडीओपी मौके पर पहुंचे। घर के अंदर राजकुमार का शव खून से लथपथ हालत में पड़ा मिला।

**रात में धारदार हथियार से सिर पर हमला :** वही पुलिस की प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि सोमवार रात किसी अज्ञात व्यक्ति ने धारदार हथियार से सिर पर वार कर राजकुमार की हत्या की। पुलिस ने घटनास्थल का पंचनामा कर उसे पोस्टमॉर्टम के लिए खरगापुर भेजा गया है।

**एफएसएल टीम ने जुटाए साक्ष्य :** ऐसी दौरान मौके पर एफएसएल अधिकारी डॉ. प्रदीप यादव भी पहुंचे और घटनास्थल की बारीकी से जांच की। उन्होंने बताया कि हत्या रात में सिर पर वार कर की गई है। सभी आवश्यक साक्ष्य एकत्र कर जांच रिपोर्ट जल्द ही पुलिस को सौंपने की बात कही।

**गांव में चर्चा स्वभाव में था विवादित :** वही घटना के बाद गांव के सरपंच प्रतिनिधि संजीव पाठक ने बताया कि राजकुमार का स्वभाव झगड़ालू था और उसके अपने परिवार के साथ भी मतभेद रहते थे। इसी कारण उसके परिजन दिल्ली में मजदूरी करने चले गए थे। फिलहाल, पुलिस ने अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। हत्या के कारणों और आरोपी की पहचान के लिए पुलिस टीम सक्रिय रूप से सुराग तलाश रही है।

# कलेक्ट्रेट में तहसीलदारों का हल्ला बोल

## विभाजन योजना पर राजस्व अधिकारियों का विरोध तेज, पटवारी संघ भी साथ में



**जागरण, टीकमगढ़।** राजस्व अधिकारियों के न्यायिक और गैर-न्यायिक विभाजन की योजना को लेकर मंगलवार को टीकमगढ़ में विरोध तेज हो गया। जिले के सभी तहसीलदार कलेक्ट्रेट परिसर में जुटे और शासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। उन्होंने कहा कि शासन ने पहले जो आश्वासन दिए थे, उन्हें तोड़कर योजना को 9 और जिलों में लागू कर दिया गया, साथ ही राजस्व न्यायालयों का विलय और संसाधनों की कमी से कार्य प्रभावित हो रहे हैं। धरना स्थल पर मौजूद तहसीलदारों ने चेतावनी दी कि 6 अगस्त से सभी राजस्व अधिकारी जिला मुख्यालय पर रहेंगे और आपदा प्रबंधन को छोड़कर अन्य सभी कार्य ठप कर देंगे। जिले के राजस्व अधिकारियों ने बुधवार को कलेक्टर को ज्ञापन दिया। तहसीलदार ने बताया कि बीते दिनों उक्त योजना पर आपत्ति जताई थी। आश्वासन मिलने पर 20 जुलाई को विरोध स्थगित किया गया, लेकिन योजना के विस्तार और शर्तों के उल्लंघन के बाद 3 अगस्त को हुई प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक में विरोध फिर शुरू करने का निर्णय लिया गया। जिसको लेकर बुधवार को जिले के सभी तहसीलदारों ने धरना प्रदर्शन कर विरोध दर्ज किया।

**पटवारी संघ का समर्थन:** धरने में पटवारी संघ भी खुलकर मैदान में उतर आया। जिला अध्यक्ष चंद्रप्रकाश हमारी ने कहा कि विभाजन योजना से राजस्व कामकाज में अव्यवस्था बढ़ेगी। हम तहसीलदारों की हर जायज़ मांग के साथ हैं और अंत तक साथ रहेंगे। इस दौरान कुलदीप सिंह ठाकुर पलेरा तहसीलदार सत्येंद्र गुर्जर टीकमगढ़ तहसीलदार नितिन गौड़ जतारा तहसीलदार पलक कुमार जैन बड़ागांव तहसीलदार ओपी गुप्ता लिधौरा तहसीलदार रमेश परमार मोहनगढ़ तहसीलदार डॉक्टर अनिल कुमार गुप्ता बल्देवगढ़ तहसीलदार सत्य प्रकाश शुक्ला खरगापुर तहसीलदार शिबू सिंह क्रोशिया एंटी महिपाल प्रजापति इनाम सिंह सज्जन सिंह सूर्य प्रकाश खरे शाहिद पटवारी संघ के पटवारी भी मौजूद रहे।

# बाल कल्याण समिति की बड़ी लापरवाही, दुष्कर्म पीड़ित बालिका के साथ दूसरी बार किया गया दुष्कर्म

## महिला बाल विकास विभाग सहित जिम्मेवारों पर कार्यवाही की मांग

**जागरण, पन्ना।** जिले में एक शर्मसार करने वाला मामला सामने आया है उक्त मामले में नाबालिक बच्चियों को न्याय दिलाने वाली समिति तथा विभाग ही दोषी है युक्त जिम्मेवारों पर कार्यवाही की मांग की गई है जानकारी के अनुसार जिले के सिमरिया थाना अंतर्गत एक ग्राम की 15 वर्ष की बालिका के साथ एक आरोपी द्वारा शादी का झांसा देकर बाहर। गुड़गांव ले गया तथा उसके साथ बलात्कार की घटना कोअंजाम दिया उक्त मामले की शिकायत बालिका के परिजनों द्वारा थाना सिमरिया में गुम होने की शिकायत दर्ज की थी उसी के आधार पर कोतवाली पन्ना में सून पर मामला काम किया गया था तथा सिमरिया थाना पुलिस ने गुड़गांव पहुंचकर बालिका को दस्तयाब करते हुए तथा आरोपी को गिरफ्तार किया गया था आरोपी को जेल भेज दिया गया था एवं बालिका को बन स्टाफ सेंटर में बालिका कल्याण समिति के आदेश पर डेढ़ माह रखा गया बालिका कल्याण समिति के द्वारा बालिका के बयान लिए गए तथा परिजनों को बुलाया गया लेकिन कोई नहीं आया क्योंकि उसके माता-पिता है नहीं दो भाई हैं जो बाहर मजदूरी करते हैं इसके बाद बाल कल्याण समिति द्वारा अन्य किसी रिश्तेदार के साथ जाने के संबंध में पूछा गया तो बालिका ने बताया कि हम अपनी ताऊ की बेटी के साथ रहना चाहते हैं जो छतरपुर में रहती है तथा उसको बुलाया गया एवं बाल कल्याण समिति के आदेश पर ताऊ की बेटी के सुपर्द कर दिया गया। ज्ञात हो की उक्त ताऊ की बेटी उसी परिवार की बहू है जिस आरोपी के द्वारा बलात्कार की घटना अंजाम दिया गया था पीड़िता ताऊ की बेटी के साथ रहने लगी उसके कुछ दिन बाद आरोपी की जमानत हो गई उसके बाद उक्त आरोपी ने फिर से बालिका के साथ बलात्कार की घटना को अंजाम दिया तथा वह लगातार नाबालिक बालिका के साथ दुष्कर्म करता रहा किसी प्रकार बालिका द्वारा घटना की सूचना पुलिस को दी गई पुलिस ने बालिका को पन्ना लाकर फिर से वन स्टाफ सेंटर के सुपुर्द किया तो बालिका ने पूरी घटना का विवरण बताया धीरे-धीरे मामला का खुलासा हुआ पुलिस अधीक्षक पन्ना के निर्देश आरोपी के खिलाफ फिर से मामला दर्ज किया गया तथा जुझार नगर थाना छतरपुर को आरोपी के खिलाफ कार्यवाही करने के लिए भेज दिया गया है एवम् पीड़ित बालिका को संबंधित विभाग तथा बाल कल्याण समिति न्याय नहीं दिला पाई और उसके साथ दूसरी बार बलात्कार की घटना को अंजाम दिया गया उक्त मामले में बाल कल्याण समिति की बहुत बड़ी लापरवाही है क्योंकि नियम अनुसार पीड़ित को सगे परी जानो के सुपुर्द ही किया जा सकता है लेकिन बाल कल्याण समिति द्वारा मनमाने ढंग से ताऊ मकी लड़की के सुपुर्द किया गया जो आरोपी की भाभी है इसीलिएसारा घटनाक्रम घटित हुआ संपूर्ण मामले में बाल केकल्याण समिति के सदस्यों सहित जो भी आरोपी है उन पर कठोर कार्रवाई होनी चाहिए।। इनका कहना है इस संबंध में मेरे पास पुलिस अधीक्षक का एक पत्र आया था जिसमें उन्होंने ले किया था कि बाल कल्याण समिति द्वारा कुछ गलत निर्णय दिया गया है जिस पर मैंने बाल कल्याण सहित को पत्र लिखते हुए अवगत कराया था कि आपका निर्णय में जो त्रुटि है उसे सुधार कर निर्णय दें। सुरेश कुमार कलेक्टर जिला पन्ना।। बाल कल्याण समिति द्वारा उक्त मामले में बालिका को आरोपी के परिजनों को ही सौंप दिया गया था जिसकी जानकारी मिलने पर पुलिस द्वारा तत्काल मामला दर्ज किया गया तथा जानकारी प्रशासन को दी गई किसकी गलती है यह जांच का विषय है सांई एस कृष्णा थोटा पुलिस अधीक्षक जिला पन्ना। हमारे विभाग का काम वन स्टाफ सेंटर में पीड़ितों को रखना है निर्णय करना बाल कल्याण समिति का है उनके द्वारा जो निर्णय दिया गया उसमें हम कुछ नहीं कह सकते अवधेश सिंह जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास जिला पन्ना।।

# पशु चिकित्सा अधिकारी का संदिग्ध परिस्थितियों में मिला शव पुलिस जांच में जुटी

**जागरण,पन्ना।** साइन नगर विकासखंड में पशु चिकित्सा अधिकारी के पद पर पदस्थ डॉक्टर बी एस तिवारी का बीते 5 अगस्त को शासकीय आवास में संदिग्ध परिस्थितियों में शव मिला है जिससे सनसनी फैल गई जानकारी के अनुसार जब सुबह उनका दरवाजा नहीं खुला तथा चपरासी में आवाज़ लगाई लेकिन कोई नहीं बोला तो उसने पीछे से पहुंच कर अंदर देखा जहां पर वह पलंग पर अमृत अवस्था में पड़े हुए थे इसकी जानकारी शाह नगर थाना पुलिस को दी गई पुलिस घटनास्थल पहुंची तथा कमरे को खोलकर शव का परीक्षण किया गया एवं पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए स्वास्थ्य केंद्र शाह नगर भेजा गया बीएमओ डॉक्टर सर्वेश लोधी ने पोस्टमार्टम करके शव परिजनों को सुपुर्द किया मौत होने का कारण अभी अज्ञात है आखिर किन कारणों के चलते डॉक्टर की मौत हुई है पुलिस ने अभी फिलहाल मर्ग कायम किया है पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट होगा आखिर हत्या हुई आत्महत्या है।

# बीएलओ की मासिक बैठक के संबंध में निर्देश

**पन्ना ।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी सुरेश कुमार द्वारा समस्त तहसीलदार एवं सहायक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों को प्रतिमाह की 10 तारीख के पूर्व बीएलओ एवं बीएलओ सुपरवाईजर की मासिक बैठक आयोजित कराने के संबंध में निर्देश जारी किए गए हैं।


## कार्यालय कलेक्टर (खनिज शाखा) जिला-मऊगंज (म.प्र.)

modgm.mau@mp.gov.in

क्रमांक/522/खनिज/2025 मऊगंज/दिनांक 04.08.2025

मध्यप्रदेश गौण खनिज नियम, 1996 के नियम, 18 (1-क) के अंतर्गत उत्खनिपट्टा प्राप्त करने के लिए

**प्रथम सूचना**

यह सूचित किया जाता है कि , आवेदिका भावना पांडेय पुत्री श्री लक्ष्मीदत्त पांडेय जे410 ब्लॉक, जे आरोग्यम ग्रुप, हाउसिंग प्रोजेक्ट बघेरी राजपूताना, रूढ़की, हरिद्वार (उत्तराखंड) हाल मुकाम-हिम्मतपुर, मोटाहाल्दु, सुनवालपुर, पोस्ट-गोरा पड़ाव, हल्दवानी, नैनीताल, उत्तराखंड द्वारा उत्खनि पट्टा प्राप्त करने हेतु निम्न क्षेत्र पर ऑनलाइन आवेदन पत्र दिनांक 16/07/2025 को प्रस्तुत किया गया है। तीस दिवस तक इस क्षेत्र पर यथास्थिति उत्खनिपट्टा आवेदन ऑनलाइन आमंत्रित किए जाते हैं। आवेदन ईखनिज पोर्टल https://ekhanij.mp.gov.in पर प्रस्तुत किए जायेंगे।

**आवेदन का संक्षिप्त विवरण**

| जिला | तहसील | ग्राम | खसरा नंबर | रकवा (हेक्टेयर में) | भूमि का प्रकार शासकीय /निजी | खनिज का नाम | रिमार्क |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| मऊगंज | हनुमना | सरदमन | 74/1 | 06.000 | शासकीय | गिट्टी पत्थर | क्रेशर आधारित पत्थर उत्खनि पट्टा |
| | | | **कुल रकवा** | **06.00** | | | |

1. उपरोक्त प्रस्तुत ऑनलाईन आवेदन पत्र में आवेदित क्षेत्र के संबंध में अन्य इच्छुक आवेदकों से विज्ञप्ति प्रकाशित होने की तारीख से आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि तक (कार्यालयीन समय सायं 5:30 बजे तक) ऑनलाईन आवेदन पत्र आमंत्रित किये जाते हैं।
2. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत आवेदन प्राप्त होने की अंतिम तिथि तक 03 अथवा उससे अधिक अन्य आवेदकों के आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं, तो प्रथम आवेदन पत्र एवं प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र. गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत् अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
3. यदि प्रकाशित विज्ञप्ति में उल्लेखित आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि तक 03 से कम आवेदन पत्र प्राप्त होते हैं तो पुन: 15 दिवस की अवधि आवेदन प्राप्त करने हेतु निर्धारित कर विज्ञप्ति प्रकाशित की जाएगी। विज्ञप्ति प्रकाशन के दिनांक से 15 दिवस के भीतर अन्य आवेदक भी उपरोक्त आवेदित क्षेत्र पर आवेदन पत्र प्रस्तुत कर सकेंगे। उपरोक्त अवधि में प्राप्त आवेदन पत्र तथा पूर्व प्रकाशित विज्ञप्ति की अवधि के दौरान प्राप्त सभी आवेदन पत्रों को म.प्र.गौण खनिज नियम, 1996 के नियम 21 के तहत अधिमान्यता तय करने के आशय से उसी दिन प्राप्त किया गया समझा जाएगा।
4. यदि प्रथम एवं द्वितीय प्रकाशित विज्ञप्ति के उपरांत भी निर्धारित समयावधि में अन्य कोई आवेदन पत्र प्राप्त नहीं होता है तो प्रथम आवेदक के पक्ष में नियमानुसार खनि रियायत स्वीकृति पर विचार किया जा सकेगा।
5. निर्धारित समयावधि के उपरांत प्राप्त आवेदन पत्रों को विचार में नहीं लिया जाएगा।

प्रभारी अधिकारी
कार्यालय कलेक्टर खनि शाखा
जिला मऊगंज ( म.प्र. )

जी-16826/25



## कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला रीवा ( म.प्र. )

क्रमांक/पु.अ./रीवा/रनि./स्टोर/2329/2025 दिनांक 04-08-2025

**खुली निविदा आमंत्रण विज्ञप्ति**

जिला रीवा में वित्तीय वर्ष 2025-26 आवासीय भवनों की मरम्मत मद में कार्य कराने की प्रशासकीय स्वीकृति एवं बजट प्राप्त हुआ है। मरम्मत कार्य पंजीकृत निर्माता (ठेकेदार) से कराया जाना है। उल्लेखनीय है कि मरम्मत कार्य हेतु ऑनलाइन खुली निविदाएं समय सारणी अनुसार www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। इच्छुक निविदाकर्ता मरम्मत कार्य का प्राक्कलन रक्षित निरीक्षक कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। प्राप्त निविदाएं दिनांक 28-08-2025 के 12.00 बजे रक्षित निरीक्षक कार्यालय जिला रीवा में निविदाकर्ता प्रतिनिधि एवं क्रय/कार्य समिति के समक्ष खोली जावेगी। कार्य का विवरण निम्नानुसार है।

| क्र. | प्रस्तावित कार्य का नाम | स्वीकृत राशि | धरोहर राशि | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | थाना मनगवां परिसर में शासकीय आवासों का प्लास्टर मरम्मत कार्य खिड़की दरवाजा मरम्मत कार्य फर्स मरम्मत कार्य, लाइट फिटिंग कार्य, पुट्टी एवं पुताई कार्य | 4,99,864/- | 14995/- | 15 दिवस |
| 2 | थाना रायपुर कर्चुलियान के शासकीय आवासीय कॉलोनी में खिड़की दरबाजा मरम्मत,बिजली फिटिंग, पुट्टी एवं पुताई कार्य | 2,98,953/- | 8968/- | 15 दिवस |

**समय सारणी**

| क्र. | विवरण | दिनांक/समय |
|---|---|---|
| 01 | निविदा प्रकाशन दिनांक | 06-08-2025 के 14.00 बजे |
| 02 | निविदा जमा करने की प्रारंभ दिनांक | 06-08-2025 के 14.00 बजे |
| 03 | निविदा जमा की अंतिम दिनांक | 26-08-2025 के 14.00 बजे |
| 04 | निविदा खोलने की दिनांक | 28-08-2025 के 14.00 बजे |

( विवेक सिंह )भा.पु.से.
पुलिस अधीक्षक जिला रीवा

जी- 16811/25


# चोरों ने धावा बोलकर दो मंदिरों में चोरी की घटना को दिया अंजाम

**जागरण,पन्ना।** अज्ञात चोरों द्वारा बीती रात्रि दो मंदिरों के ताला तोड़कर चोरी की घटना को अंजाम दिया गया है मंदिरों के पुजारी जब सुबह समय पूजा करने पहुंचे तो मंदिरों के ताले टूटे हुए थे कुछ सामान बिखरा हुआ था चोर मंदिरों की दान पेटी से नगदी आदि लेकर फरार हो गए जनपद पंचायत कार्यालय के सामने पहाड़िया पर स्थित विश्वकर्मा मंदिर में चोरी घटना को अंजाम दिया गया इसी प्रकार पास में ही स्थित श्री राम जानकी मंदिर में भी चोरों द्वारा चोरी की गई बताया जाता है कि दान पेटी से कुछ नगदी एवं समान आवश्यक वस्तुएं चोर चुरा कर ले इसकी शिकायत कोतवाली थाना में कीगई है पुलिस द्वारा जांच की जा रही है।

# एक दिवस में सात स्थानों से जब्त की गई 121 लीटर महुआ की कच्ची शराब



**जागरण, पन्ना।** जिला आबकारी अधिकारी मुकेश कुमार मौर्य के मार्गदर्शन में जिले में अवैध शराब के विरुद्ध अभियान संचालित करने के लिए सहायक जिला आबकारी अधिकारी शंभूदयाल सिंह जाटव के नेतृत्व में संयुक्त दल का गठन किया गया है। आबकारी उपनिरीक्षक वृत्त पन्ना मुकेश कुमार पाण्डेय ने बताया कि आज सुबह विश्वस्त मुखबिरों की सूचना पर गठित दल के द्वारा देवेन्द्रनगर थाना क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नंबर 5 सिसोदिया मोहल्ला (कंजराना) में शिवशंकर सिसोदिया पिता रामलाल सिसोदिया, उम्र 55 वर्ष के कब्जे से 20 लीटर हाथभट्टी महुए से निर्मित कच्ची शराब कीमती 3000 रुपए की जप्त की गई। राहुल कंजर पिता राजू कंजर, उम्र 24 वर्ष के कब्जे से 18 लीटर हाथभट्टी महुए से निर्मित कच्ची शराब कीमती 2700 रुपए की जप्त किया गया। इसी तरह पूजा सिसोदिया के कब्जे से 17, राहुल कंजर के कब्जे से 18 लीटर हाथभट्टी महुए से निर्मित कच्ची शराब कीमती 2700 रुपए जप्त की गई है। राजाराम सिसोदिया के कब्जे से 22 लीटर हाथभट्टी महुए से निर्मित कच्ची शराब कीमती 3300 रुपए लगभग जप्त किया गया। संजो सिसोदिया, राहुल कंजर के कब्जे से 23 लीटर हाथभट्टी महुए से निर्मित कच्ची शराब कीमती 3450 रुपए लगभग जप्त किया गया। इसी तरह ग्राम राजापुर में निमिया आदिवासी के कब्जे से 8 लीटर हाथभट्टी महुए से निर्मित शराब कीमत 1200 रुपए लगभग जप्त की गई। ग्राम मढियादाई (बड़वारा) में शीला आदिवासी के कब्जे से 13 लीटर हाथभट्टी महुए से निर्मित शराब कीमती 1950 रुपए लगभग जप्त की गई। सभी आरोपियों के विरुद्ध मध्य प्रदेश आबकारी अधिनियम की धारा 34 का आपराधिक प्रकरण पंजीबद्ध किया गया है। इस कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी शंभूदयाल सिंह जाटव सहित आबकारी उपनिरीक्षक मुकेश कुमार पाण्डेय एवं हरीश कुमार पाण्डेय, आबकारी आरक्षक देवधर शर्मा, स्मिता ठाकुर, रविप्रकाश मिश्रा, सोनू कोरकू, कुलदीप जाटव, नगर सैनिक फोटोलाल प्रजापति, मोतीलाल प्रजापति और जहान सिंह यादव और सुरेन्द्र सिंह बुंदेला शामिल रहे।


## कार्यालय, मुख्य वन संरक्षक एवं क्षेत्र संचालक, संजय टाईगर रिजर्व,

शिवाजी नगर, नौढ़िया, जिला-सीधी 486661, (मध्य प्रदेश)फोन नम्बर - 7822297542
E.mail. fdsajnp.sdh@mp.gov.in, fdsanjay_tr@rediffmail.com, website. www.sanjaytigerreserve.in
क्र./ई-निविदा/2025/5008 सीधी दिनांक 04/08/25

**-: ई-निविदा सूचना :-**

कार्यालय मुख्य वन संरक्षक एवं क्षेत्र संचालक, संजय टाईगर रिजर्व, सीधी के अंतर्गत वित्तीय वर्ष 2025-26 में शासकीय फिक्स नॉट फेंसिंग के लिये निम्नांकित सामग्री के लिये वाणिज्यिक कर अधिनियम के तहत् पंजीकृत, प्रतिष्ठित निर्माताओं तथा अधिकृत विक्रेताओं से संजय टाईगर रिजर्व, सीधी की परिक्षेत्र मड़वास / ब्यौहारी बफर के लिये आनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं।

| क्र. | परिक्षेत्र का नाम | सामग्री का नाम | कार्य स्थल का नाम | फ्रेसिंग रनिंग मीटर |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | मड़वास बफर | फिक्स नॉट फ्रेंसिंग | ग्राम कुन्दौर से रालवारी<br>ग्राम पोंड़ी चितरडोला से मक्टोलिया<br>ग्राम तुरकानी से झोगाधार | 5740<br>1480<br>2420 |
| 2 | ब्यौहारी बफर | | ग्राम भमरहा से वंशवाहनाला | 3000 |
| | | | **योग** | **12640** |

इस निविदा के लिये दिनांक 11.08.2025 से आवेदन केवल ऑनलाईन माध्यम से आमंत्रित किये जा रहे हैं। टेण्डर की विस्तृत जानकारी https://mptenders.gov.in/ के माध्यम से प्राप्त की जा सकेगी। निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 25.08.2025 समय शाम 3.00 तक रहेगी। निविदा खोलने की तिथि 26.08.2025 को दोपहर 3.00 बजे रहेगा। उक्त निविदा वन विभाग की ऑफिशियल वेबसाईट https://mpforest.gov.in/ पर भी देखी जा सकेगी।

उप संचालक
संजय टाईगर रिजर्व, सीधी

G-16806/25



## कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला-रीवा (म.प्र.)

क्रमांक/पु.अ./रीवा/रनि./स्टोर/2323/2025 दिनांक 04.08.2025

**-:: खुली निविदा आमंत्रण विज्ञप्ति ::-**

जिला रीवा में वित्तीय वर्ष 2025-26 प्रशासकीय भवनों की मरम्मत मद में कार्य कराने की प्रशासकीय स्वीकृति एवं बजट प्राप्त हुआ है। मरम्मत कार्य पंजीकृत निर्माता (ठेकेदार) से कराया जाना है।

उल्लेखनीय है कि मरम्मत कार्य हेतु ऑनलाइन खुली निविदाएं समय सारणी अनुसार www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गयी है। इच्छुक निविदाकर्ता मरम्मत कार्य का प्राक्कलन रक्षित निरीक्षक कार्यालय से प्राप्त कर सकते है। प्राप्ति निविदाएं दिनांक 28/08/2025 के 12.00 बजे रक्षित निरीक्षक कार्यालय जिला-रीवा में निविदाकर्ता प्र प्रतिनिधि एवं क्रय/कार्य समितिक के समक्ष खोली जावेगी। कार्य का विवरण निम्नानुसार है।

| क्र. | प्रस्तावित कार्य का नाम | स्वीकृत राशि | धरोहर राशि | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 01 | पुलिस लाइन नव आरक्षक बैरिक मे छत मरम्मत कार्य | 2,49,840/- | 7495/- | 15 दिवस |
| 02 | थाना सेमरिया मे छत मरम्मत एवं पुट्टी, पुताई कार्य | 3,99,557/- | 11986/- | 15 दिवस |
| 03 | पुलिस लाइन स्टोर शाखा में छत मरम्मत कार्य | 1,19,079/- | 3572/- | 15 दिवस |
| 04 | रक्षित निरीक्षक कार्यालय मे महिला एवं पुरूष टॉयलेट मरम्मत कार्य | 1,48,399/- | 4451/- | 15 दिवस |

समय सारणी:-

| क्र. | विवरण | दिनांक/समय |
|---|---|---|
| 01 | निविदा प्रकाशन दिनांक | 06/08/2025 के 14.00 बजे |
| 02 | निविदा जमा करने की प्रारंभ दिनांक | 06/08/2025 के 14.00 बजे |
| 03 | निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक | 26/08/2025 के 14.00 बजे |
| 04 | निविदा खोलने की दिनांक | 28/08/2025 के 12.00 बजे |

( विवेक सिंह ) भा.पु.से
पुलिस अधीक्षक
जिला रीवा

G- 16809/25


# ग्राम पंचायत हाथ कुरी के ग्राम पिपरिया में सड़क निर्माण कराए जाने की मांग तीन लोगों की जा चुकी है जान

## कांग्रेस नेता अनिल तिवारी ने एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

**जागरण, पन्ना।** जिले में पवई विधानसभा अंतर्गत ग्राम पंचायत हथकुरी के ग्राम पिपरिया तिवारी में सड़क मार्ग न होने के चलते अभी तक तीन लोगों की जान जा चुकी है जिसको लेकर ग्रामीणों में भारी आक्रोश है मृतकों में बेटा लाल वंशकार शौकी लाल चौधरी की बहू तथा मोना चौधरी की मृत्यु हो चुकी है क्योंकि वह समय पर स्वास्थ्य केंद्र नहीं पहुंच सके उक्त मामले को लेकर कांग्रेस नेता अनिल तिवारी द्वारा सत्याग्रह आंदोलन किया गया था उसके बावजूद अभी तक सड़क का निर्माण नहीं किया गया जिसको लेकर कांग्रेस नेता अनिल तिवारी ने पवई एसडीएम को ज्ञापन देते हुए तत्काल सड़क निर्माण कराए जाने की मांग की।


## कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला-रीवा (म.प्र.)

क्रमांक/पु.अ./रीवा/रनि./स्टोर/ 2330/2025 दिनांक- 04/08/2025

**खुली निविदा आमंत्रण विज्ञप्ति**

जिला रीवा में वित्तीय वर्ष 2025-26 आवासीय भवनों की मरम्मत मद में कार्य कराने की प्रशासकीय स्वीकृति एवं बजट प्राप्त हुआ है। मरम्मत कार्य पंजीकृत निर्माता (ठेकेदार) से कराया जाना है।
उल्लेखनीय है कि मरम्मत कार्य हेतु ऑनलाइन खुली निविदाएं समय सारणी अनुसार WWW.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गयी है। इच्छुक निविदाकर्ता मरम्मत कार्य का प्राक्कलन रक्षित निरीक्षक कार्यालय से प्राप्त कर सकते है।
प्राप्त निविदाएं दिनांक 28/08/2025 के 12.00 बजे रक्षित निरीक्षक कार्यालय जिला-रीवा में निविदाकर्ता प्रतिनिधि एवं क्रय/कार्य समिति के समक्ष खोली जावेगी। कार्य का विवरण निम्नानुसार है।

| क्र. | प्रस्तावित कार्य का नाम | स्वीकृति राशि | धरोहर राशि | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 60 पुलिस आवासीय कॉलोनी जेल मार्ग में ड्रोनेज/सीवेज मरम्मत कार्य | 6,92,256/- | 20767/- | 15 दिवस |
| 2 | थाना सिरमौर के शासकीय पुलिस आवासीय कॉलोनी में खिडकी, दरवाजा मरम्मत कार्य, प्लास्टर मरम्मत कार्य, फर्स मरम्मत कार्य | 2,92,584/- | 7487/- | 15 दिवस |

समय सारणी:-

| क्र. | विवरण | दिनांक/समय |
|---|---|---|
| 01 | निविदा प्रकाशन दिनांक | 06/08/2025 के 14.00 बजे |
| 02 | निविदा जमा करने की प्रारंभ दिनांक | 06/08/2025 के 14.00 बजे |
| 03 | निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक | 26/08/2025 के 14.00 बजे |
| 04 | निविदा खोलने की दिनांक | 28/08/2025 के 12.00 बजे |

(विवेक सिंह) भा.पु.से
पुलिस अधीक्षक जिला रीवा

G-16813/25



## कार्यालय पुलिस अधीक्षक जिला रीवा (म.प्र.)

क्रमांक/पु.अ./रीवा/रनि./स्टोर/2327/2025 दिनांक 04/08/2025

**खुली निविदा आमंत्रण विज्ञप्ति**

जिला रीवा में वित्तीय वर्ष 2025-26 आवासीय भवनों की मरम्मत मद में कार्य कराने की प्रशासकीय स्वीकृति एवं बजट प्राप्त हुआ है। मरम्मत कार्य पंजीकृत निर्माता (ठेकेदार) से कराया जाना है।

उल्लेखनीय है कि मरम्मत कार्य हेतु ऑनलाइन खुली निविदाएं समय सारणी अनुसार www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गयी है। इच्छुक निविदाकर्ता मरम्मत कार्य का प्राक्कलन रक्षित निरीक्षक कार्यालय से प्राप्त कर सकते हैं। प्राप्त निविदाएं दिनांक 28/08/2025 के 12.00 बजे रक्षित निरीक्षक कार्यालय जिला-रीवा में निविदाकर्ता प्रतिनिधि एवं क्रय/कार्य समिति के समक्ष खोली जावेगी। कार्य का विवरण निम्नानुसार है।

| क्र. | प्रस्तावित कार्य का नाम | स्वीकृत राशि | धरोहर राशि | कार्य की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | थाना गोविंदगढ़ के शासकीय आवासीय कॉलोनी के छत मरम्मत कार्य | 2,90,734/- | 8722/- | 15 दिवस |
| 2 | 60 पुलिस आवासीय कॉलोनी समुदायिक भवन के पास में ड्रोनेज/सीवेज मरम्मत कार्य | 6,96,206/- | 20886/- | 15 दिवस |

**समय सारणी:-**

| क्र. | विवरण | दिनांक/समय |
|---|---|---|
| 01 | निविदा प्रकाशन दिनांक | 06/08/2025 के 14.00 बजे |
| 02 | निविदा जमा करने की प्रारंभ दिनांक | 06/08/2025 के 14.00 बजे |
| 03 | निविदा जमा करने की अंतिम दिनांक | 26/08/2025 के 14.00 बजे |
| 04 | निविदा खोलने की दिनांक | 28/08/2025 के 12.00 बजे |

( विवेक सिंह ) भा.पु.से
पुलिस अधीक्षक
जिला रीवा

G-16810/25


बढ़ता बहनों का विश्वास
बढ़ती घर-घर
खुशियां
नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री
डॉ. मोहन यादव
द्वारा
1.26 करोड़ से अधिक लाड़ली बहनों को
रक्षाबंधन का उपहार
₹1859 करोड़ की राशि का अंतरण
आज आयेंगे हर बहन के खाते में
₹250 रक्षाबंधन शगुन और
प्रतिमाह के ₹1250 सहित कुल ₹1500
28 लाख से अधिक बहनों को गैस सिलेंडर रीफिलिंग
के लिये ₹43.90 करोड़ की सहायता
7 अगस्त 2025 | अपराह्न 2:30 बजे
मंडी प्रांगण, नरसिंहगढ़, जिला राजगढ़
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
D-11075/25
सीधा प्रसारण
webcast.gov.in/mp/cmevents
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025

# आईसीसी टेस्ट रैंकिंग : करियर के सर्वश्रेष्ठ 15वें स्थान पर पहुंचे सिराज, बुमराह शीर्ष पर बरकरार



जेएनएन, दुबई

भारत के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज ओवल में इंग्लैंड के खिलाफ पांचवें और अंतिम टेस्ट में शानदार प्रदर्शन के दम पर आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में गेंदबाजों की सूची में 15वें स्थान पर पहुंच गए, जो उनके करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग भी है। सिराज ने मैच में नौ विकेट लेने के बाद 12 स्थान की छलांग लगाई। उन्होंने दूसरी पारी में पांच विकेट लिए, जिससे भारत ने मेजबान टीम को रोमांचक मुकाबले में छह रन से हराकर सीरीज 2-2 से बराबर की। सिराज की अब तक की सर्वश्रेष्ठ आईसीसी रैंकिंग 16 थी, जो उन्होंने पिछले साल जनवरी में हासिल की थी। भारत के तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह 889 अंकों के साथ शीर्ष पर बने हुए हैं। प्रसिद्ध कृष्णा भी करियर की सर्वश्रेष्ठ 59वीं रैंकिंग पर पहुंच गए हैं। उन्होंने दोनों पारियों में चार-चार विकेट लिए। इस तरह से वह और सिराज किसी एक टेस्ट की दोनों पारियों में चार या इससे अधिक विकेट लेने वाली दूसरी भारतीय जोड़ी बन गए। इससे पहले यह उपलब्धि स्पिनर बिशन सिंह बेदी और इरापल्ली प्रसन्ना ने 1969 में दिल्ली में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ हासिल की थी।

### यशस्वी टॉप-5 में, पंत को हुआ नुकसान

यशस्वी जायसवाल ओवल में सीरीज में अपने दूसरे शतक के बाद टेस्ट बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पांच में लौट आए। जायसवाल तीन स्थान ऊपर पहुंचे और उनके 792 अंक हैं। उनके अलावा शीर्ष 10 में शामिल अन्य भारतीय बल्लेबाज रिषभ पंत हैं, जो एक स्थान नीचे आठवें स्थान पर खिसक गए हैं। इंग्लैंड के बल्लेबाज जो रूट ने लगातार तीसरा शतक लगाकर बल्लेबाजी रैंकिंग में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली है, जबकि हैरी ब्रूक फिर से दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं। गेंदबाजी में इंग्लैंड के तेज गेंदबाज एटकिंसन और जोश टंग ने भी मैच में आठ-आठ विकेट लेकर करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग हासिल की है। एटकिंसन पहली बार शीर्ष 10 में शामिल हुए हैं, जबकि टंग 14 स्थान ऊपर 46वें स्थान पर पहुंच गए हैं।



## गिल आईसीसी प्लेयर ऑफ द मंथ के लिए नामित

भारतीय कप्तान शुभमन गिल को बुधवार को दक्षिण अफ्रीका के वियान मुल्डर और इंग्लैंड के कप्तान बेन स्टोक्स के साथ आईसीसी जुलाई महीने के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी पुरस्कार के लिए नामित किया गया। गिल ने इंग्लैंड के खिलाफ हाल में समाप्त हुई पांच टेस्ट मैच की सीरीज में आगे बढ़कर नेतृत्व किया और बल्लेबाजी में कई रिकॉर्ड अपने नाम लिखे। गिल ने सीरीज में 75.40 की औसत और चार शतकों की मदद से 754 रन बनाए। उन्होंने एक दोहरा शतक भी लगाया। इस 25 साल के बल्लेबाज ने सीरीज में किसी भारतीय कप्तान द्वारा सर्वाधिक रन बनाने का सुनील गावस्कर का रिकॉर्ड (732) तोड़ा। गिल का प्रदर्शन अब सर्वकालिक कप्तानों की सूची में सर डोनाल्ड ब्रैडमैन (810 रन) के बाद दूसरे



स्थान पर है। आईसीसी ने वेबसाइट पर लिखा, गिल के लिए यह महीना शानदार रहा। उन्होंने इस रोमांचक सीरीज के दौरान इस महीने में तीन टेस्ट मैचों में 94.50 की औसत से 567 रन बनाए। आईसीसी ने कहा कि उन्होंने एजबेस्टन में भारत की रिकॉर्ड जीत में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने इस मैच की पहली पारी में 269 और दूसरी पारी में 161 रन बनाए। इस तरह से उन्होंने मैच में कुल 430 रन बनाए, जो किसी एक टेस्ट में ग्राहम गूच के 456 रन के बाद दूसरा सबसे बड़ा स्कोर है। दक्षिण अफ्रीका के कप्तान के रूप में अपने पहले मैच में मुल्डर ने जिम्बाब्वे के खिलाफ नाबाद 367 रन की विशाल पारी खेली।

## सिराज को वह सम्मान नहीं मिलता जो मिलना चाहिए : सचिन तेंदुलकर

**नई दिल्ली, जेएनएन।** सचिन तेंदुलकर ने उन कुछ भारतीय खिलाड़ियों की सराहना की है, जिन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ पांच मैचों की टेस्ट सीरीज में अहम भूमिका निभाई। यह सीरीज, आखिरी दिन के दिल थाम देने वाले अंत के बाद 2-2 से बराबरी पर खत्म हुई। तेंदुलकर ने अविश्वसनीय सिराज की तारीफ की, केएल राहुल के ऑफ स्टंप के आसपास अपने खेल को सटीक फुटवर्क के साथ कसने की बात कही, जायसवाल के दोहरे शतकों, जज्बा और परिपक्वता की चर्चा की और शुभमन गिल के कप्तान के रूप में शांत और संयमित रहने की भी तारीफ की। गेंदबाजों में सिराज ने तेंदुलकर को प्रभावित किया। तेंदुलकर ने कहा, अविश्वसनीय। शानदार अप्रोच। मुझे उनका एटीट्यूड पसंद है। मुझे उनके पैरों की उछाल पसंद है। एक तेज गेंदबाज के लिए लगातार ऐसे सामने बने रहना, कोई भी बल्लेबाज उसे पसंद नहीं करेगा। और जिस तरह से उन्होंने आखिरी दिन तक अप्रोच रखा, मैं कमेंटेटरों को भी कहते सुना कि वह सीरीज में 1000 से ज्यादा गेंदें डालने के बाद भी आखिरी दिन लगभग 90 मील प्रति घंटे की रफ्तार से गेंदबाजी कर रहे थे। वह हमेशा से अहम भूमिका निभाते आए हैं। जिस तरह से उन्होंने विकेट लिए और प्रदर्शन किया, उन्हें वह सम्मान नहीं मिलता जो उन्हें मिलना चाहिए।

### पंत जानबूझकर गिरे

इस सीरीज में कई मोड़, जोरदार टकराव और कुछ असाधारण व्यक्तिगत प्रदर्शन हुए, जैसे रिषभ पंत और क्रिस वोक्स का चोटिल होने के बावजूद बल्लेबाजी करने आना। पंत ने पांच में से चार टेस्ट खेले और दो शतक व तीन अर्धशतक लगाए। जो स्वीप शॉट उन्होंने खेला, उसमें वह गेंद के नीचे आना पसंद करते हैं, ताकि उसे ऊंचाई के साथ स्कूप कर सकें, तेंदुलकर ने रेडिट पर कहा। लोग सोचते हैं कि वह गिर गए हैं, लेकिन यह जानबूझकर किया गया है, ताकि वह गेंद के नीचे आ सकें। ऐसे शॉट खेलने का राज यही है कि आप गेंद के नीचे आ सकें। यह एक योजना के तहत गिरना होता है, वह असंतुलित नहीं होते हैं।

### गिल पूरी तरह नियंत्रण में थे, राहुल ने शानदार शॉट्स खेले

इस सीरीज में भारत के दो प्रमुख बल्लेबाज गिल और राहुल रहे, जिन्होंने क्रमशः 754 और 532 रन बनाए और मिलकर छह शतक लगाए। तेंदुलकर ने बताया कि दोनों बल्लेबाजों का सटीक फुटवर्क इंग्लैंड की कठिन परिस्थितियों में देखने लायक था। उन्होंने गिल के बारे में कहा, वह अपने सोचने के तरीके में बेहद निरंतर थे, क्योंकि यह आपके फुटवर्क में भी झलकता है। अगर आप दिमाग में स्पष्ट नहीं हैं, तो आपका शरीर भी वैसे ही प्रतिक्रिया नहीं करता है। वह पूरी तरह से नियंत्रण में लग रहे थे, उनके पास गेंद को खेलने के लिए बहुत समय था। सबसे महत्वपूर्ण बात जो मैंने देखी वह थी- अच्छी गेंद को सम्मान देना, जबकि कई बार प्रवृत्ति होती है कि आप फ्रंटफुट पर जाकर गेंद को खेल दें, भले ही वह पास न हो। राहुल के बारे में उन्होंने कहा, वह शानदार थे, शायद मैंने उन्हें इससे बेहतर बल्लेबाजी करते कभी नहीं देखा। जिस तरह वह शरीर के पास डिफेंस कर रहे थे, वह बहुत ही व्यवस्थित तरीके से गेंद छोड़ रहे थे।

## खेल एक नजर

### टूर्नामेंट स्थल पर लगी आग, चेन्नई ग्रैंडमास्टर्स एक दिन के लिए स्थगित

**चेन्नई, जेएनएन।** चेन्नई ग्रैंडमास्टर्स शतरंज टूर्नामेंट को आयोजन स्थल हयात रीजेंसी होटल में आग लगने के बाद गुरुवार तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। यह प्रतियोगिता पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार बुधवार से शुरू होनी थी। इस प्रतियोगिता में देश और विदेश के कई नामी खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। भारतीय ग्रैंडमास्टर और टूर्नामेंट निदेशक श्रीनाथ नारायणन ने एक्स हैंडल पर लिखा, चेन्नई ग्रैंडमास्टर्स (जीएम) के आयोजन स्थल होटल हयात रीजेंसी में कल रात आग लग गई। सभी खिलाड़ी सुरक्षित हैं और उन्हें पास के एक अन्य होटल में स्थानांतरित कर दिया गया था। टूर्नामेंट एक दिन के लिए स्थगित कर दिया गया है। चेसबेस इंडिया की रिपोर्ट के अनुसार, चेन्नई के होटल हयात रीजेंसी में आधी रात के करीब आपात स्थिति उत्पन्न हो गई। नौवीं मंजिल पर आग लगने के कारण पूरा होटल धुएं से भर गया और सांस लेना मुश्किल होने से पहले ही सभी को होटल से बाहर निकाल दिया गया। आयोजकों ने बताया कि मैचों का समय वही रहेगा, लेकिन अब कार्यक्रम से विश्राम का दिन हटा दिया गया है। उन्होंने कहा, समय वही रहेगा और टूर्नामेंट 15 अगस्त को ही समाप्त होगा। चेन्नई ग्रैंडमास्टर्स की पुरस्कार राशि एक करोड़ रुपए है। इस प्रतियोगिता में भारत के नंबर एक खिलाड़ी अर्जुन एरिगैसी, अनुभवी विदित गुजराती और नीदरलैंड के अनीश गिरी जैसे नामी खिलाड़ी भाग ले रहे हैं। विश्व के पांचवें नंबर के खिलाड़ी एरिगैसी अपने अभियान की शुरुआत अमेरिका के अवॉन्डर लियांग के खिलाफ करेंगे।

## 10वीं वरीयता स्वितोलिना को हराकर ओसाका पहली बार नेशनल बैंक ओपन के सेमीफाइनल में



**मॉन्ट्रियल, जेएनएन।** चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन नाओमी ओसाका ने 10वीं वरीयता प्राप्त एलिना स्वितोलिना को 6-2, 6-2 से हराकर पहली बार नेशनल बैंक ओपन टेनिस टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। अंतिम चार में ओसाका का सामना 16वीं वरीयता प्राप्त क्लारा टॉसन से होगा, जिन्होंने क्वार्टर फाइनल में छठी वरीयता प्राप्त मैडिसन कीज को 6-1, 6-4 से हराया। इस तरह से ओसाका ने 2022 में मियामी में फाइनल में पहुंचने के बाद से किसी डब्ल्यूटीए 1000 टूर्नामेंट में अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन जारी रखा। जापान की मूल निवासी यह खिलाड़ी अपने करियर का आठवां और 2021 में ऑस्ट्रेलियाई ओपन के बाद पहला खिताब जीतने की कोशिश में हैं।



कनाडा की किशोरी विक्टोरिया मबोको दूसरे सेमीफाइनल में कजाकिस्तान की नौवीं वरीयता प्राप्त एलेना रयबाकिना से भिड़ेंगी।

**हार के बाद स्वितोलिना को अपशब्द कहे :** स्वितोलिना ने बताया है कि कनाडा में एक मैच हारने के बाद कैसे कुंठित सटोरियो ने आनलाइन उनके खिलाफ नफरत उगली, उनके मरने की कामना की और रूस द्वारा यूक्रेन में लोगों की हत्या का जश्न मनाया। उन्होंने इंस्टाग्राम पर इन मैसेज के स्क्रीनशॉट्स साझा किए हैं। उनके लिए अपशब्द कह गए और उनके पति गाएल मोंफिल्स को भी निशाना बनाया गया। जो फ्रांस के अश्वेत टेनिस खिलाड़ी हैं। एक सटोरिये ने कहा कि काश रूस सभी यूक्रेनवासियों की हत्या कर दे। स्वितोलिना ने इसके जवाब में लिखा है, सभी सट्टेबाजों को मैं इतना ही कहूंगी कि एक खिलाड़ी होने से पहले मैं एक मां की।

### 15 साल में पहली बार दो अमेरिकी खिलाड़ी आमने सामने

**टोरंटो।** अमेरिका के टेलर फ्रिट्ज और बेन शेल्टन ने सीधे सेटों में जीत दर्ज करके नेशनल बैंक ओपन के सेमीफाइनल में प्रवेश किया जहां उनका एक दूसरे से मुकाबला होगा। यह पिछले 15 वर्षों में एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट में पहला अवसर होगा, जबकि अमेरिका के दो खिलाड़ी सेमीफाइनल में आमने-सामने होंगे। यह मुकाबला 2010 में एंडी रॉडिक की सिनसिनाटी में मार्डी फिश पर जीत के बाद पहली बार होगा। दूसरी वरीयता प्राप्त फ्रिट्ज ने रूस के छठी वरीयता प्राप्त आंद्रे रुबलेव को 6-3, 7-6 (4) से हराया। उन्होंने 20 ऐस लगाए, जिनमें से एक ने मैच का अंत भी किया। चौथी वरीयता प्राप्त शेल्टन ने ऑस्ट्रेलिया के नौवें नंबर के एलेक्स डी मिनौर को 6-3, 6-4 से हराया। 22 वर्षीय शेल्टन पहली बार किसी एटीपी मास्टर्स 1000 टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में पहुंचे हैं। दूसरे सेमीफाइनल में जर्मनी के शीर्ष वरीयता प्राप्त एलेक्जेंडर ज्वरेव का सामना रूस के 11वें नंबर के खिलाड़ी कारेन खाचानोव से होगा।

## ठाकुर एक बार फिर बीएफआई चुनावों के लिए अयोग्य घोषित

**नई दिल्ली, जेएनएन।** पूर्व खेल मंत्री अनुराग ठाकुर को एक बार फिर भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) के चुनाव लड़ने के लिए अयोग्य घोषित कर दिया गया और 21 अगस्त को होने वाले चुनावों के लिए बुधवार को जारी निर्वाचक मंडल से उनका नाम हटा दिया गया। हिमाचल प्रदेश मुक्केबाजी संघ (एचपीबीए) ने ठाकुर और इसके अध्यक्ष राजेश भंडारी को आम सालाना बैठक (एजीएम) के लिए अपने दो प्रतिनिधियों के रूप में नामित किया था। बैठक का मुख्य एजेंडा 2025-2029 के कार्यकाल के लिए नए पदाधिकारियों का चुनाव कराना है। हालांकि बीएफआई की अंतरिम समिति ने जांच के बाद 66 सदस्यीय निर्वाचक मंडल जारी किया, जिसमें ठाकुर का नाम शामिल नहीं था। अप्रैल में विश्व मुक्केबाजी ने महासंघ के दैनिक कार्यों की देखरेख के लिए अंतरिम समिति गठित की थी। फैरुज मोहम्मद की अध्यक्षता वाली अंतरिम समिति के अनुसार ठाकुर का नामांकन विश्व मुक्केबाजी द्वारा अनुमोदित बीएफआई के संविधान के अनुच्छेद 20 (तीन) और (सात) का उल्लंघन है। विश्व मुक्केबाजी द्वारा 18 मई को अनुमोदित संशोधित बीएफआई संविधान के अनुसार अनुच्छेद (तीन) में कहा गया है कि आम परिषद की बैठक में भाग लेने वाला नामित व्यक्ति बीएफआई को विधिवत सूचित किए गए और बीएफआई पर्यवेक्षक की उपस्थिति में होने वाली चुनावी वार्षिक आम बैठक के दौरान राच्य के सदस्य संघ का निर्वाचित सदस्य होगा।



### इंडोनेशिया ने पहले मैच में भारत को ड्रॉ पर रोका

**यांगून, जेएनएन।** भारत को एएफसी अंडर-20 महिला एशियाई कप 2026 क्वालिफायर के ग्रुप-डी के पहले मैच में इंडोनेशिया ने गोलरहित ड्रॉ पर रोका। भारत को इस ड्रॉ से एक अंक मिला। मेजबान म्यांमार शीर्ष पर है, जिसने तुर्कमेनिस्तान को 6-1 से हराया। अब भारत को शुक्रवार को दूसरे मैच में तुर्कमेनिस्तान से खेलना है।



## मैदान से हटकर

### पूर्व टेनिस स्टार सानिया मिर्जा बनीं ब्रांड एंबेसडर

हाइजिया वेंचर्स ने टेनिस प्रीमियर लीग (टीपीएल) के सातवें सीजन से पहले गुड़गांव ग्रैंड स्लैमर्स फ्रेंचाइजी को खरीद लिया है। दिग्गज टेनिस स्टार सानिया मिर्जा ब्रांड एम्बेसडर के रूप में शामिल हुई हैं। टीपीएल अपने सातवें सीजन में सफलतापूर्वक प्रवेश करने वाली चौथी भारतीय खेल लीग है, जो भारत में लंबे समय से चल रही खेल लीगों - आईपीएल, पीकेएल और आईएसएल के एक विशिष्ट समूह में शामिल हो गई है। अपने तेज-तर्रार, दर्शकों के अनुकूल फॉर्मेट, अंतरराष्ट्रीय सितारों और उभरते भारतीय खिलाड़ियों के मिश्रण के लिए जानी जाने वाली यह लीग लगातार शीर्ष निवेशकों और दुनिया भर का ध्यान आकर्षित कर रही है। गुड़गांव ग्रैंड स्लैमर्स टीपीएल सिस्टम में एक और अंतरराष्ट्रीय निवेश का प्रतीक है। सानिया ने कहा कि मैं एक ऐसी टीम के साथ जुड़कर रोमांचित हूं, जो प्रतिभा और इन्नोवेशन दोनों को महत्व देती है। टेनिस प्रीमियर लीग एशिया की सबसे बड़ी टेनिस लीग है, जो अंतरराष्ट्रीय टेनिस सितारों के साथ-साथ भारत की शीर्ष प्रतिभाओं को भी प्रदर्शित करती है। लिएंडर पेस, सानिया मिर्जा और महेश भूपति (बेंगलुरु एसजी पाइपर्स के सीईओ) जैसे टेनिस दिग्गजों के साथ-साथ रकुल प्रीत सिंह और सोनाली बेंद्रे बहल जैसी बॉलीवुड हस्तियों द्वारा समर्थित, टीपीएल खेल, मनोरंजन और बिजनस लीडर्स को प्रतिस्पर्धा और जुड़ाव के एक अनूठे मिश्रण में एक साथ लाता है। (जेएनएन)



## तैराकीः आस्था, मनदीप, खनक, शंभावी और वीरदेव को स्वर्ण

**भोपाल, खेप्र।** सीबीएसई वेस्ट जोन स्वीमिंग चैंपियनशिप 2025-26 के तीसरे दिन बुधवार को मध्यप्रदेश और राजस्थान के खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रदर्शन किया। एनआरआई ग्लोबल डिस्कवरी एकेडमी में चल रही चैंपियनशिप में आस्था गोसाई, मनदीप सिंह संधा, खानक चतुर्वेदी, शंभावी सरकार और वीरदेव सिंह ने स्वर्ण पदक अपने नाम किए। गर्ल्स अंडर-17 वर्ग की 100 मीटर बटरफ्लाई में इंदौर पब्लिक स्कूल की आस्था ने 01:29.06 मिनट का समय निकालकर स्वर्ण पदक जीता। इस स्पर्धा में डीपीएस भोपाल की अनन्या गंगलानी को रजत और बिलाबान्ग हाई इंटरनेशनल, जबलपुर की गौरिका जैन को कांस्य पदक प्राप्त हुआ। बॉयज अंडर-19 वर्ग की इसी स्पर्धा में वडोदरा के उर्मी स्कूल से मनीदीप सिंह संधा ने पहला स्थान प्राप्त किया, जबकि शौर्य वीर सिंह (सेंट जेवियर्स, जयपुर) को रजत और यशवर्धन देशमुख (होशंगाबाद) को कांस्य पदक मिला। गर्ल्स अंडर-19 वर्ग में सेंट जेवियर्स की खनक चतुर्वेदी ने प्रतियोगिता जीती। इस वर्ग में सिद्धिक्षा कवडिया (जयपुर) दूसरे और सरन्या चवाकुला (भोपाल) तीसरे स्थान पर रहीं।



## नेशनल फुटसल चैंपियनशिप में हिस्सा लेने वाली हजरत निजामुद्दीन भोपाल की पहली टीम बनीं

**भोपाल, खेप्र।** उत्तराखंड के रुद्रपुर में होने वाली फुटसल नेशनल क्लब चैंपियनशिप में हिस्सा लेने के लिए हजरत निजामुद्दीन की टीम रवाना हो गई है। आल इंडिया फुटबॉल फेडरेशन द्वारा यह चैंपियनशिप 18 अगस्त तक खेली जा रही है। इसमें देश के विभिन्न राज्यों की 17 टीमें भाग ले रही हैं। हजरत निजामुद्दीन टीम को पूल-सी में रखा गया है। हर एक पूल में चार टीमें हैं। हजरत निजामुद्दीन के साथ ग्रुप में पांडिचेरी यूनाइटेड फुटबॉल अकादमी, के3 फुटसल क्लब, गोल हंटरज एफ सी7 शामिल है। यह पहला मौका है, जब भोपाल का कोई क्लब राष्ट्रीय फुटसल प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए क्वालिफाई किया है। क्लब के फाउंडर मोहम्मद शाहिद, प्रेसिडेंट तनवीर दाद, पैरास्पोर्ट्स एसोसिएशन मप्र के अध्यक्ष डॉ. विवेक सिंह परिहार ने टीम को बधाई दी।



**हजरत निजामुद्दीन टीमः** रिषभ रायकवार कप्तान, प्रफुल्ल लिखितकर (गोलकीपर) उपकप्तान, फैसल हुसैन, हर्ष सुहांदा, निखिल कैटरे, अर्जुन शुक्ला, रिषभ सिंह राजपूत, तरुण कुमार सिंह, वेदांत राय, अंश वाल्टर, लक्ष्य उप्पल, अनमोल पार्टेटी (गोलकीपर), दर्शित सिंह भदोरिया, दीपक कुमार, दिव्यांशु सिंह मरावी, मिलिन डुमरे, प्रयांशु सिंह मरावी।

## द वर्ल्ड गेम्स में खेलेंगे भोपाल के कमल चावला

**भोपाल, खेप्र।** वर्ल्ड सिक्स रेड स्नूकर चैंपियन भोपाल के कमल चावला 7 से 17 अगस्त तक चीन के चेंगडु में होने वाले द वर्ल्ड गेम्स में हिस्सा लेंगे। वे प्रदेश के एकमात्र खिलाड़ी हैं, जो इन खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। द वर्ल्ड गेम्स का यह 12वां संस्करण है। द वर्ल्ड गेम्स प्रत्येक चार साल में एक बार आयोजित होते है, जिसे ओलंपिक के समकक्ष खेल के रूप में देखा जाता है। उल्लेखनीय है कि वर्ल्ड सिक्स रेड स्नूकर चैंपियनशिप जीतने के आधार पर कमल चावला द वर्ल्ड गेम्स के लिए क्वालिफाई हुए हैं। द वर्ल्ड गेम्स 2025 की स्नूकर स्पर्धा में कुल 12 खिलाड़ी हिस्सा लेंगे, जिनका चयन विगत दो वर्षों में वर्ल्ड स्नूकर चैंपियनशिप में उनके प्रदर्शन के आधार पर हुआ है। द वर्ल्ड गेम्स 2025 में कुल 34 खेलों का आयोजन होगा, जिसमें 110 देश के 6000 से अधिक खिलाड़ी भागीदारी करेंगे।



## नेशनल जूनियर हॉकी चैंपियनशिप : काजल और स्नेहा के डबल गोल से मप्र की लगातार दूसरी जीत, पंजाब को 5-0 से हराया

**भोपाल, खेप्र।** मध्यप्रदेश की महिला टीम ने काजल (13, 52वें मिनट) और स्नेहा पटेल (36, 45वें मिनट) के दो-दो गोल की मदद से 15वीं नेशनल जूनियर हॉकी चैंपियनशिप में पंजाब को 4-0 से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। इससे पहले टीम ने चंडीगढ़ को 5-0 से हराया था। टीम अब क्वार्टर फाइनल में आठ अगस्त को मैच खेलेगी। हाकी मध्य प्रदेश के महासचिव लोक बहादुर सिंह ने बताया कि आंध्र प्रदेश के काकीनाडा में खेली जा रही चैंपियनशिप में टीम ने शुरू से ही पंजाब के खिलाफ आक्रमक शुरुआत की। 13वें मिनट में मप्र की अग्रिम पंक्ति की काजल, कृष्णा शर्मा, स्नेहा, सानिया एवं अन्नू ने मिलकर बड़े ही तालमेल के साथ एक शानदार आक्रमण किया। जिसके परिणामस्वरूप टीम के पक्ष में एक पेनल्टी स्ट्रोक आया। काजल ने इसे गोल में तब्दील कर टीम को 1-0 की बढ़त दिलाई। 36वें मिनट में मप्र को फिर एक पेनल्टी कॉर्नर मिला। इस पर स्नेहा ने गोल कर टीम को 2-0 से आगे कर दिया। खेल के 45वें मिनट स्नेहा ने एक शानदार फील्ड गोल कर टीम की बढ़त 3-0 करा दी।



### मध्य प्रदेश और उत्तर प्रदेश में तीसरे स्थान के लिए मुकाबला

**मध्यप्रदेश** पुरुष हॉकी टीम को 15वीं हॉकी इंडिया सब जूनियर राष्ट्रीय चैंपियनशिप में झारखंड से हार का सामना करना पड़ा। मप्र गुरुवार को तीसरे स्थान के लिए उत्तर प्रदेश से भिड़ेगा। पंजाब और झारखंड ने चैंपियनशिप के फाइनल में प्रवेश कर लिया है। पहले सेमीफाइनल में पंजाब ने उत्तर प्रदेश को 4-3 से हराया। झारखंड ने मध्य प्रदेश को 3-1 से परस्त किया। झारखंड के लिए सोरेंग सुमराय, आशीष तानी पूर्ति और जयसन कंडुलना ने गोल किए। मध्य प्रदेश के लिए लव ने गोल किया।

## एम शूटर बना फुटसल चैंपियन

**भोपाल, खेप्र।** एम शूटर ने फुटसल टूर्नामेंट के फाइनल में कोलार एफसी बी को हराकर खिताब अपने नाम किया। रोहित नगर स्थित टर्फ जोन प्रो-2 में खेले गए टूर्नामेंट में रात 10 बजे दुधिया रोशनी में खेले गए इस मुकाबले में एम शूटर ने कोलार एफसी बी को शिकस्त दी। प्रतियोगिता में भोपाल की 12 टीमों ने भाग लिया। विजेता टीम और खिलाड़ियों को मप्र बैंक एम्प्लॉईज एसोसिएशन के महासचिव वीके शर्मा और आयोजन समिति के अध्यक्ष जेपी झवर ने प्रदान किए।



**टूर्नामेंट में सर्वश्रेष्ठ : सर्वश्रेष्ठ गोलकीपर :** अयान, **सर्वश्रेष्ठ डिफेंडरः** आशू (अचाल) **सर्वश्रेष्ठ गोल स्कोरर :** मुस्तफा **इमर्जिंग प्लेयर :** हमजा (एम शूटर)

दैनिक जागरण
रीवा, 07 अगस्त, 2025
सतना जागरण
www.dainikjagranmpcg.com


### रक्षाबंधन के त्योहार पर रेलवे स्टेशनों पर बुकिंग काउंटर की सुविधा

**सतना।** रक्षाबंधन का पर्व 9 अगस्त को है, और भारतीय डाक विभाग ने रेलवे मेल सर्विस जेबी डिवीजन जबलपुर द्वारा रेलवे स्टेशनों पर राखी और अन्य आर्टिकलों की बुकिंग के लिए विशेष सुविधा रखी है। जबलपुर, कटनी, सतना और सागर रेलवे स्टेशनों पर 24 घंटे बुकिंग की सुविधा उपलब्ध है, जहां राखी मेल, स्पीड पोस्ट, रजिस्ट्री, पार्सल और अंतर्राष्ट्रीय पार्सल बुक कर सकते हैं।

### कलेक्टर, पुलिस अधीक्षक ने की तैयारियों की समीक्षा

**सतना।** मैहर जिले में स्वतंत्रता दिवस का मुख्य समारोह 15 अगस्त को प्रात: 9 बजे से उस्ताद अलाउद्दीन खां स्टेडियम में आयोजित होगा। आयोजन के लिए प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां शुरू कर दी गई है। कलेक्टर रानी बाटड ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में अधिकारियों की बैठक लेकर आयोजन की तैयारियों की समीक्षा की।

# पड़ोसी ने इंदौर से बुलाये शूटर, व्यापारी के घर कराई फायरिंग

## एसपी ने घटना का किया खुलासा, तीन आरोपी गिरफ्तार



**जागरण सतना**

विगत दिनो फर्नीचर कारोबारी भागवत गुप्ता के चाणक्यपुरी कालोनी में दिन दहाडे हुई फायरिंग की घटना का सतना एसपी आशुतोष गुप्ता ने खुलासा किया है। जिसमें उन्होने बताया कि पड़ोसी ने इंदौर से शूटर बुलाकर व्यापारी के घर फायरिंग कराई थी। पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है जबकि अन्य की तलाश जारी है।

### फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर घटना को दिया अंजाम

इस घटना के बाद एसपी आशुतोष गुप्ता ने सीएसपी देवेन्द्र प्रताप सिंह चौहान की अगुवाई में चार टीमे गठित की थी। एसपी ने बताया कि आरोपियों ने चार पहिया वाहन में फर्जी नम्बर प्लेट लगाकर पूरी घटना को अंजाम दिया और फिर उसी वाहन से भाग निकले। एसपी ने यह भी बताया कि एक दूसरी नम्बर प्लेट जो लगी हुई थी उसे ट्रेस किया गया तो उस नम्बर की असली गाडी काफी समय से विगडी हालत में खडी है। कोलगवां थाना क्षेत्र के अंतर्गत हुई इस घटना में शामिल रहे कमल माटा, रवि सिंह, और सुभाष सिंह को पुलिस ने गिरफ्तार किया है।

### जमीन विवाद से जुड़ा मामला

पुलिस अधीक्षक आशुतोष गुप्ता के अनुसार कमल कुमार माटा व्यापारी भागवत गुप्ता का पड़ोसी है। दोनों के बीच पुष्कर्णी पार्क की एक जमीन के कुछ हिस्से को लेकर विवाद चल रहा था। इस जमीन में मुख्य आरोपी रवि सिंह भी कमल कुमार के साथ पार्टनर है। रवि सिंह ने ही इस हमले की पूरी योजना बनाई थी।

### इंदौर से शूटर बुलाए

जांच में पता चला है कि रवि सिंह और कमल कुमार ने इस जमीन में लगभग 57 लाख रुपए निवेश किए थे लेकिन भागवत गुप्ता उन्हें जमीन नहीं दे रहा था। इसी विवाद के चलते आरोपियों ने इंदौर से शूटर बुलाकर व्यापारी के घर फायरिंग करवाई। पुलिस को गुमराह करने के लिए आरोपियों लखनऊ की फर्जी नंबर प्लेट यूपी 32 जीआर 0404 और एमपी 21 सीए 5670 का इस्तेमाल किया।

### पुलिस ने खंगाले शव से अधिक सीसीटीवी फुटेज

100 से ज्यादा सीसीटीवी फुटेज खंगालने के बाद पुलिस ने सबसे पहले रवि सिंह को पकड़ा। इसी से सुराग मिला और पुलिस शातिर बदमाश सुभाष सिंह तक पहुंची। पुलिस ने मुख्य आरोपी रवि सिंह पिता यमुना प्रताप सिंह निवासी तिलखनए सुभाष सिंह पिता नागेश सिंह और कमल पुलिस ने मुख्य आरोपी रवि सिंह पिता यमुना प्रताप सिंह निवासी तिलखनए सुभाष सिंह पिता नागेश सिंह और कमल कुमार माटा को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है। पुलिस इन्हें रिमांड पर लेने की तैयारी कर रही है। जांच में यह भी सामने आया है कि फायरिंग से तीन दिन पहले मुख्य आरोपी ने 30.31 जुलाई को भागवत गुप्ता के घर की रेकी की थी। फायरिंग की वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी भोपाल आ गए थे। आरोपियों का मकसद व्यापारी को डराकर जमीन का सौदा अपने नाम करवाना था।

**सुभाष पर दर्ज हैं 18 गंभीर अपराध :** पुलिस के मुताबिक सुभाष सिंह परिहार पर हत्या हत्या के प्रयास लूट, एनडीपीएस एक्ट समेत 18 केस दर्ज हैं। वह 2019 की एक हत्या का भी आरोपी है और उस समय से फरार था। उस पर 20 हजार रूपये का इनाम भी घोषित है। इस कार्यवाही में सीएसपी देवेन्द्र प्रताप सिंह चौहान टीआई कोलगवां सुदीप सोनी टीआई रामपुर संदीप चतुर्वेदी उपनिरीक्षक अजीत सिंह , एएसआई दीपेश पटेल, उपनिरीक्षक उमेश पाडेय , सहित अन्य की सराहनीय भूमिका रही। एसपी ने टीम को 10 हजार रूपये का नगद इनाम दिया है।

## महिला बाल विकास सुपरवाइजर को सस्पेंड करने के निर्देश

**जागरण सतना।** कलेक्टर रानी बाटड ने जिला स्वास्थ्य समिति की बैठक में महिला बाल विकास की योजनाओं, गतिविधियों एवं पोषण आहार वितरण के संबंध में समीक्षा की। उन्होंने कहा कि महिला बाल विकास का मुख्य उद्देश्य गर्भवती माताओं और बच्चों को कुपोषण से बचाव और उनका शारीरिक मानसिक विकास है। आंगनवाडी केन्द्रों में नास्ता और पका भोजन सही समय पर उपयुक्त रूप से मिलना चाहिए। आंगनवाडी केन्द्र समय पर खुले और संचालित हो। एनआरसी में भर्ती योग्य बच्चों को भर्ती कराये। आंगनवाडी केन्द्र करसरा में पोषण आहार वितरण और संचालन के संबंध में सुपरवाइजर रचना मिश्रा द्वारा विरोध भाषी अलग-अलग प्रतिवेदन और जानकारी देने पर कलेक्टर ने संबंधित सुपरवाइजर को निलंबित करने के निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि पिछले दो महीनों में सुपरवाइजनों द्वारा की गई आंगनवाडी केन्द्र निरीक्षण की रिपोर्ट समक्ष में प्रस्तुत करें। इसके साथ ही आंगनवाडी केन्द्रों में बंटने वाले पोषण आहार और स्व सहायता समूहों को किये गये भुगतान की जानकारी भी प्रस्तुत की जाये। कलेक्टर ने कहा कि आंगनवाडी केन्द्रों के निरीक्षण की गलत रिपोर्ट प्रस्तुत करने पर सुपरवाइजर और सीडीपीओ पर कार्यवाही की जायेगी।

# निगमायुक्त ने पेयजल एवं स्वास्थ्य की ली बैठक, दिये निर्देश



**जागरण सतना।** शेर सिंह मीना आईएएस आयुक्त नगर निगम सतना द्वारा स्वास्थ्य एवं पेयजल शाखा की समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक के दौरान आयुक्त नगर निगम द्वारा निर्देशित किया गया कि जिन स्थानों पर जल जमाव की स्थिति है उन स्थानों में पानी निकासी की व्यवस्था की जाए। यदि पानी निकासी की व्यवस्था संभव न हो तो उन स्थानों पर दवाई का छिड़काव किया जाए तथा हैण्डपम्पो पावर पम्पों के समीप के गढ्ढों से जल निकासी की व्यवस्था की जाए ताकि जल जनित बीमारी न हो सके। इसी के साथ ही यह निर्देशित किया गया कि जिन स्थानों पर नाली की निकासी की जाए वहाँ से कचरे का तत्काल निस्तारण किया जाए। स्वास्थ्य अधिकारी यह सुनिश्चि करें कि डोर.टू.डोर कचरा संग्रहण की गाड़ियाँ प्रतिदिन वार्डों से कचरा संग्रहण करें। यदि कोई कचरा गाड़ी खराब है तो तत्काल दूसरी कचरा गाड़ी वार्डों में भेजवाई जाए। कचरा परिवहन की गाड़ियों में अनिवार्य रूप से हरी जाली लगाई जाए जाकर ही कचरा परिवहन किया जाए। निगमायुक्त द्वारा पेयजल की समीक्षा करते हुए निर्देशित किया गया कि वर्षात के समय अधिक मिट्टी इत्यादि जल के साथ ऐनिकेट से फिल्टर प्लांट आता है इसलिए फिल्टर प्लांट में जलशोधन की सतत् निगरानी रखी जाए तथा कार्यपालन यंत्री जलप्रदाय यह सुनिश्चित करें कि पाइपलाइन में जहाँ भी लीकेज हो उसकी मरम्मत तत्काल कराई जाए ताकि गंदे पानी की सप्लाई न हो सके। आयुक्त नगर निगम सतना द्वारा यह भी निर्देशित किया गया कि घर.घर जाकर नल कनेक्शन को चेक किया जाए कि नल कनेक्शन वैध है या अवैध। यदि अवैध कनेक्शन पाया जाता है तो उसे तत्काल कटवाकर भवन स्वामी से अवैध नल कनेक्शन की पेनाल्टी सहित राशि की वसूली की जाए।

# अतिरिक्त प्रभार दिलाने छिपाई गई दूरी, शासन के नियमों की अनदेखी

## जनपद पंचायत मैहर का है मामला




**जागरण सतना।** ग्राम पंचायतों में सचिवों को अतिरिक्त प्रभार दिलाने तरह तरह के खेल किये जा रहे है इतना ही नही अब तो दूरी छिपाकर अधिक दूरी वाली पंचायत सचिव को अतिरिक्त प्रभार दिलाये जाने के प्रस्ताव जिला पंचायत भेजे गये है। जी हॉ यह पूरा कारनामा जनपद पंचायत मैहर का बताया जा रहा है। जहां पर जनपद सीईओ ने तीन लोगो का पैनल बनाकर अधिक दूरी वाले सचिव को अतिरिक्त प्रभार दिलाये जाने का प्रयास किया है मगर जिस तरह की स्थितियॉ सामने आ रही है। उसे देखने के बाद ऐसा लगता है जैसे अब जिला पंचायत सीईओ को छिपाकर कम दूरी बताने के मामले में पूरी पडताल के बाद ही समीपस्त पंचायत सचिव को अतिरिक्त प्रभार दिये जायेगें। उल्लेखनीय है कि जनपद पंचायत मैहर के सीईओ द्वारा भेजे गये प्रस्ताव में पूरी तरह से शासन के निमयो और निर्देशो की अव्वहेलना की गई है। जबकि सबसे नजदीकी पंचायत सचिव को ही अतिरिक्त प्रभार दिये जाने के निर्देश लम्बे समय से है लेकिन उनका पालन नही हो रहा।

### बेलदरा से मड़ई की दूरी तकरीबन 20 कि.मी. मगर बताया गया तीन

मजे की बात ये है कि जनपद पंचायत मैहर में सीईओ रहे प्रतिपाल सिंह बागरी द्वारा छोटे लाल साकेत को बेलदरा से मडई का अतिरिक्त प्रभार दिये जाने के प्रस्ताव जिला पंचायत भेजा है। प्रस्ताव में बेलदरा से मडई की दूरी तकरीबन 20 कि.मी. बताई जा रही है लेकिन जिला पंचायत सीईओ को भेजे गये इस प्रस्ताव में बेलदरा से मडई के दूरी महज तीन किलोमीटर बताई गई है। हैरानी इस बात की है कि मडई की जो नजदीकी पंचायते है उनमें तिदुहटा दो कि.मी, मंटोलवा 5 कि.मी., करईया देवरी 6 कि.मी. उमरी फिफरी महेज ढाई कि.मी. की दूरी पर है मगर प्रस्ताव में इन पंचायत को शामिल नही किया गया है इसी प्रकार ग्राम पंचायत हरदासपुर में बुढेरूआ सचिव को अतिरिक्त प्रभार के लिए प्रस्तावित किया गया है जबकि हरदासपुर की सबसे नजदीकी पंचायत बेदलरा आधा किलोमीटर, मंटोलवा दो कि.मी. और तिदुहटा 5 किलो मीटर है इसी प्रकार घोरबई में अतिरिक्त प्रभार के लिए करईया बिजुरियॉ सचिव को कम दूरी दर्शाकर प्रस्तावित किया गया है। जबकि घोरबई की नजीदीक पंचायत सलईया चार किलोमीटर और बिहरा कला सिर्फ कि.मी. है जिसे प्रस्ताव में शामिल नही किया गया।



पंचायत का अतिरिक्त प्रभार दिलाने के लिए यदि दूरी कम कर प्रस्ताव भेजा गया है तो वह गंभीर बात है जांच कराई जायेगी। कईबार ऐसा भी होता है कि नजदीकी पंचायत सचिवो के विरूद्ध प्रकरण लंबित होते है। जिसके चलते उन्हे छोडकर थोड़ा दूर वाले सचिव को अतिरिक्त प्रभार दिया जाता है ।

**संजना जैन आईएएस सीईओ जिला पंचायत सतना**

# तहसीलदार और नायब तहसीलदार ने बंद किया काम



**जागरण सतना।** तहसीलदार और नायब तहसीलदार हड़ताल पर चले गए हैं। इसकी वजह से जिले की 8 तहसीलों में बडी तादाद में राजस्व प्रकरण की सुनवाई पर असर पड़ा है। दरअसल सतना में तहसीलदार संघ के प्रदेशव्यापी आह्वान पर बुधवार से तहसीलदार और नायब तहसीलदार अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। सभी अधिकारी कार्यालय समय पर जिला मुख्यालय स्थित संयुक्त कलेक्ट्रेट भवन और अपने वाहन वहीं खड़े कर दिए। सभी ने अपने डिजिटल सिग्नेचर भी जमा करा दिए हैं। मध्यप्रदेश कनिष्ठ प्रशासनिक संघ के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं प्रदेश मीडिया प्रभारी शैलेन्द्र बिहारी शर्मा ने बताया कि न्यायालयीन और गैर न्यायालयीन विभाजन के मुद्दे पर वे सरकार का विरोध कर रहे हैं। इस दौरान अधिकारी शासकीय कार्यों से विरत रहेंगे। हालांकिए आपदा से जुड़े कार्य ही किए जा सकेंगे। हड़ताल के कारण जिले की आठ तहसीलों में राजस्व प्रकरणों की सुनवाई प्रभावित हुई है। आम जनता को राजस्व संबंधी मामलों के लिए तहसील कार्यालयों के चक्कर लगाने पड़े। दरअसल प्रदेश सरकार ने राजस्व के बढ़ते मामलों को देखते हुए तहसील मुख्यालयों में न्यायिक और गैर न्यायिक अधिकारों का विभाजन करने का निर्णय लिया है। वर्तमान में सभी तहसीलदारों को न्यायिक अधिकार प्राप्त हैं। सरकार के इसी फैसले का तहसीलदार संघ विरोध कर रहा हैए जिसके चलते यह हड़ताल शुरू की गई है।

## श्रमिकों को समय सीमा में वेतन भुगतान करने कलेक्टर के निर्देश

**जागरण सतना।** वेतन भुगतान अधिनियम 1936 की धारा 5 द्वारा वेतन भुगतान की समय-सीमा निर्धारित की गई है। कलेक्टर सतना डॉ. सतीश कुमार एस ने समस्त शासकीय कार्यालयों, निगमों, मंडलों एवं संस्थानों में आउटसोर्स एवं ठेका श्रमिक के रूप में कार्यरत श्रमिकों को समय-सीमा में वेतन भुगतान करने के निर्देश दिये है। उन्होंने कहा कि ऐसे संस्थान जहां 1000 से कम व्यक्ति नियोजित है, उनमें कार्यरत व्यक्तियों को जिस माह में कार्य में किया गया है। उसके आगामी माह की 7 तारीख तथा ऐसे संस्थान जहां 1000 से अधिक व्यक्ति नियोजित है उनमें कार्यरत व्यक्तियों को जिस माह में कार्य किया गया है उसके आगामी माह की 10 तारीख तक वेतन भुगतान किया जाना आवश्यक है।

# कांग्रेस छोड़ने की बात कर रही पार्षद पहले ही जा चुकी हैं बसपा में: डॉ रश्मि सिंह



**जागरण सतना।** नागौद नगर परिषद की वार्ड क्रमांक 2 की पार्षद किरण रामदास बर्मन एवं वार्ड क्रमांक 10 की पार्षद अनीता धुर्व व्यास के भाजपा में शामिल होने की चर्चाओं पर कांग्रेस नेत्री एवं नागौद विधानसभा की पूर्व कांग्रेस प्रत्याशी डॉ रश्मि सिंह ने स्पष्ट और करारा जवाब दिया है। डॉ रश्मि सिंह ने कहा कि यह बात सही है कि वर्ष 2022 में दोनों पार्षद कांग्रेस के सिंबल पर चुनाव जीतकर पार्षद बनी थीं लेकिन वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में ही ये दोनों कांग्रेस छोड़कर नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिमा सिंह के साथ बहुजन समाज पार्टी में शामिल हो गई थीं।उन्होंने कहा कि तब से अब तक दोनों पार्षद कांग्रेस के किसी भी कार्यक्रम में सम्मिलित नहीं हुईं और न ही पार्टी के किसी आंदोलन या मंच पर सक्रिय देखी गईं। डॉ सिंह ने दो टूक कहा जो लोग पार्टी की विचारधारा से नहीं बल्कि व्यक्ति विशेष के पीछे चलते हैंए उनके जाने से कांग्रेस को कोई फर्क नहीं पड़ता।उन्होंने आरोप लगाया कि अब यही लोग दोबारा ष्कांग्रेस छोड़नेष् की बात कहकर स्वयं को महिमामंडित करने का प्रयास कर रहे हैं जबकि हकीकत यह है कि वे पहले ही कांग्रेस से नाता तोड़ चुके हैं।

## मैहर में खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने दो दुकानों से जब्त किये मिठाई के सेम्पल



**जागरण सतना।** मैहर नगर में खाद्य सुरक्षा प्रशासन विभाग द्वारा बुधवार को एक सघन निरीक्षण अभियान चलाया गया। इस दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने अम्बा स्वीट्स एवं राजा स्वीट्स नामक मिठाई दुकानों का निरीक्षण किया और वहाँ से मिठाइयों के नमूने लिए। अधिकारियों ने कलाकंद खोया बर्फी और सोनपापड़ी के नमूने एकत्र किए जिन्हें प्रयोगशाला में जांच के लिए भेजा गया है। यह कार्रवाई त्योहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए की गई है जब मिठाइयों की मांग में इजाफा होता है और मिलावट की संभावना भी बढ़ जाती है। खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया कि सभी मिठाई विक्रेताओं को साफ सफाई गुणवत्ता और मानकों का पालन करना अनिवार्य है। अगर जांच में किसी भी प्रकार की मिलावट या गुणवत्ता में कमी पाई जाती हैए तो संबंधित दुकानदारों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

डॉ. निशा डायलिसिस सेंटर
पता- अग्रवाल नर्सिंग होम, खुटेही, रीवा
24/7 Our Services
Dialysis (डायलिसिस)
रजिस्ट्रेशन के लिए संपर्क करें
9174566996
7771009417
नवीनतम मशीन द्वारा हीमो डायलेसिस
Hepatitis C (HCV) मरीजों के लिए अलग से समर्पित मशीन
अन्य सुविधाएं:
• 24x7 मेडिसिन विशेषज्ञ
डॉ. ईशान गोयल
• 24x7 स्त्री रोग विशेषज्ञ
• वेंटिलेटर एवं Bipap
• 24x7 मेडिकल स्टोर

कामता मल्टी स्पेशलिटी क्लीनिक एन्ड डायग्नोस्टिक, रीवा में
पंजी.नं. CL/6814/FEB/2018
ब्रेन, स्पाइन एवं न्यूरो रोग परामर्श OPD
10 अगस्त, रविवार
प्रत्येक माह के दूसरे रविवार को सुबह 10 बजे 2 बजे तक
डॉ. सचिन सिंह
ब्रेन, स्पाइन एवं न्यूरो रोग सुपर स्पेशलिस्ट
MS.,MCh (न्यूरो) PGI नई दिल्ली, राष्ट्रपति पदक से सम्मानित
निर्देशक लाइफ लाइन हॉस्पिटल प्रयागराज
लकवा, मिर्गी, फॉलिस, बेहोशी व चक्कर आना, सिर दर्द (माइग्रेन), अंगो में कंपन, झुनझुनी-सुन्नता, मांसपेशियों में कमजोरी, मस्तिष्क ज्वर, ब्रेन हेमरेज, नसों व स्नायु रोग अन्य दिमागी रोगों की जांच, सायटिका, सवाईकल स्पोंडीलाइटिस, रीढ़ की हड्डी की चोट/दर्द, गर्दन, कमर, पीठ का दर्द एवं कमजोरी आदि रोगों का इलाज व परामर्श
Kamta कामता मेडिकल
ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.)
कृपया रजिस्ट्रेशन पूर्व में करायें, 80 मरीज तक इसके बाद अगली बार का समय दिया जायेगा।
मो.: 9399312433, 9981287311

मिनर्वा आई.व्ही.एफ. (टेस्ट ट्यूब बेबी सेन्टर)
(नि: संतान दंपत्तियों के लिए)
कम खर्च बेहतर इलाज
सर्वश्रेष्ठ टेस्ट ट्यूब बेबी सुविधा
उपलब्ध सुविधाएँ
* IUI, IVF, ICSI
* फ्रोजन एंब्रिया ट्रांसफर साइकिल (FET)
* एग फ्रीजिंग
* एंब्रियो फ्रीजिंग
* स्पर्म फ्रीजिंग
डॉ. ज्योति ओझा मिश्रा
स्त्री एवं प्रसूति रोग
नि:संतानता रोग एवं टेस्टट्यूब बेबी विशेषज्ञ
MBBS, MD (ऑब्स & गायनी)
फैलोशिप इन रिप्रोडक्टिव मेडिसिन एण्ड लैप्रोस्कोपिक सर्जरी
मध्यप्रदेश की प्रथम एवं अत्याधुनिक ICSI मशीन द्वारा इलाज उपलब्ध
टोल फ्री : 18008892250, मो.: 8878819362, 9303733830
खन्ना टॉवर, पुराना बस स्टैण्ड, रीवा

विंध्य की एक मात्र महिला चर्म रोग विशेषज्ञ
समय- प्रतिदिन सुबह 10 से 2 एवं शाम 4 से 7 बजे तक रविवार अवकाश
डॉ. कोम्पल अग्रवाल
MBBS, MD (Dermatology & STD)
चर्म, सौंदर्य, नाखून, बाल, यौन, एवं कुष्ठ रोग विशेषज्ञ
अत्याधुनिक Laser द्वारा Hair Removal, Tatto Removal एवं Facial की सुविधा उपलब्ध
परामर्श:- दाद, खाज, खुजली, एक्जिमा, सोरायसिस, सफेद दाग, चेहरे की कील, मुहांसे, बालों का झड़ना, गंजापन, इत्यादि समस्त चर्म, नाखून, बाल एवं यौन संबंधी समस्याएं।
विशेष:- Co2 एवं MNRF LASER के द्वारा पिम्पल के गढ्ढे, दाग, झुर्रियाँ Stretch Marks, आदि के लिए इलाज की सुविधा
मो.-7247097637
परामर्श शुल्क 300/-
सौन्दर्य क्लीनिक शॉप नं. 86 तानसेन कॉम्पलेक्स कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम के सामने सिरमौर चौराहा रीवा (म.प्र.)

चर्म, सौन्दर्य, एलर्जी एवं स्कीन केयर
डॉ. सिद्धार्थ तिवारी
MBBS, MD (Dermatology & STD)
परामर्श शुल्क मात्र 300/-
मिलने का समय प्रतिदिन सुबह 10 से 2 बजे सायं 4 से 7 बजे (रविवार अवकाश)
चर्म, सौन्दर्य, नाखून, बाल, कुष्ठ, गुप्त (यौन) एवं एलर्जी रोग विशेषज्ञ
परामर्श- दाद, खाज, खुजली, मुंहासे, मस्से, अपरस, सोरायसिस, सफेद दाग, एक्जिमा, गंजापन, त्वचा की एलर्जी, नाखुनों का खराब होना, चेहरे पे दाग धब्बे, झाइयाँ, (Glow & Fairness), सेहुंआ, फोड़े, फुन्सी, गुप्त एवं यौन समस्या आदि।
Kamta कामता मेडिकल
ए-ब्लॉक समदड़िया, न्यू बस स्टैन्ड रीवा (म.प्र.)
9399312433
9981287311

SARDAR PATEL EDUCATION GROUP
REWA • MP • INDIA
ADMISSIONS OPEN 2025-26
SARDAR PATEL UNIVERSITY
Balaghat • MP
CSU COLLEGE OF
PHARMACY
D. PHARMACY
B. PHARMACY
ENGINEERING
POLYTECHNIC | B.TECH.
ME | CE | CSE | EEE | MINING
Cement Technology Engg.
Mining & Mine Surveying Engg. (Mms)
BBA/ MBA
BCA /MCA
B.A. LL.B.
B.COM. LL.B.
BBA LLB.
LL.B / LL.M.
छात्रवृत्ति सुविधा
पात्र विद्यार्थियों को शासन के योजनानुसार
कैम्पस : सिरमौर रोड, ग्राम-पल्हान (उमरी चौक), बैकुण्ठपुर, रीवा
+91 70493 99901, 70493 99902
सिटी ऑफिस
ज्योति स्कूल के सामने, न्यू बस स्टैण्ड, रीवा




जागरण पब्लिकेशन प्रा. लिमि. के लिए मुद्रक/प्रकाशक मदन मोहन गुप्ता द्वारा दैनिक जागरण प्रेस गांधी नगर उर्रहट रीवा (म.प्र.)से मुद्रित एवं प्रकाशित। सम्पादकः **मदन मोहन गुप्ता।** आर.एन.आई. नं- 1505/57, डाक पंजीयन क्र.- रीवा संभाग 04 /म.प्र. संस्थापक **स्व. गुरुदेव गुप्त**
**कार्यालय:- मोबाइल नं रीवा-** 9098357869, 9425018958 **सतना** - 9993315949 **सीधी**-7089620900 **सिंगरौली**-9424652999 E-mail: rewajagrannew2015@gmail.com